सुप्रभात
रांची, सोमवार
20.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 244



12 जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी जाह्नवी

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### 23 को रांची आयेंगे नितिन गडकरी, देंगे कई सौगात

**रांची।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 23 को झारखंड आ रहे हैं। वह राज्य को दो मेगा सड़क परियोजनाओं समेत 19 नयी सड़कों की सौगात देंगे। श्री गडकरी रांची और टाटा में कुल 19 अहम सड़कों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

### पूर्व डीएसपी और दारोगा से आज इडी की पूछताछ

**रांची।** अवैध खनन घोटाले और एक हजार करोड़ की मनी लाउंड्रिंग मामले में पूर्व डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी और दरोगा प्रयाग दास से इडी सोमवार को पूछताछ करेगी। दोनों को 11 बजे इडी ऑफिस बुलाया गया है।

### मुझे राष्ट्र-विरोधी नहीं कह सकते : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** लंदन में दिये बयान पर संसदीय पैनल के सामने राहुल गांधी ने अपनी सफाई पेश की। राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि उन्होंने सिर्फ भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाये हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्र-विरोधी करार नहीं दिया जा सकता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

300 साल पुराने ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का होगा कायाकल्प, कॉरिडोर के रूप में दिखेगा नया स्वरूप

# 14.67 करोड़ की लागत से सीएम कल करेंगे शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऐतिहासिक एवं प्राचीन रामभक्त हनुमान तपोवन मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास 21 मार्च को किया जायेगा। जुडको के क्रियान्वन में होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधिविधान के साथ रखेंगे। लगभग 7000 वर्गमीटर क्षेत्र के विकास पर 14.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### पार्क, फूल-पौधों से परिपूर्ण होगा कैंपस

सौंदर्यीकरण के कार्य के तहत कडरू साइड वाले पुल को डबल लेन बनाया जायेगा। पुल के दोनों ओर हरमू नदी के किनार 100- 100 मीटर सीमेंट से ढाल कर मार्ग बनाया जायेगा। बायीं ओर नदी के उपर के रास्ते को भविष्य में आगे बढ़ाकर तिवारी बेचर पेट्रोल पंप के पास निकाला जायेगा। यह मंदिर के लिए नया वैकल्पिक मार्ग हो जायेगा। फिलहाल यह मार्ग मंदिर के बगल ओर पीछे बनने वाले पार्क तक ही रहेगा। इस मार्ग से लोग पार्क में आना जाना कर पायेंगे। मंदिर और आसपास के सौंदर्यीकरण का एक यह भी उद्देश्य है लोग रामनवमी के अलावा वर्षभर हरियली के वातावरण में यहां सुकून के पल गुजार सके। पार्क फूल, पौधों और वृक्ष से परिपूर्ण रहेगा।



### मंदिर कैंपस के मैदान का भी होगा जीर्णोद्धार


मंदिर परिसर के सामने वर्तमान के मैदान का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा। मैदान की मिट्टी को नरम बनाया जायेगा, ताकि बच्चे खेल सकें और झंडाधारी श्रद्धालु सुगमता से आ जा सकें। निवारणपुर की ओर आनेवाली सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। इस सड़क के किनारे वाली दिवार पर स्थानीय चित्रकारी की जायेगी जिससे आस्था और प्रगाढ हो सके। निवारणपुर, कडरू मार्ग एवं पुल के पास एक एक तोरणद्वार बनेंगे। मंदिर एवं मैदान के उपर से गुजर रहे विभिन्न तारों को अंडर ग्राउंड किया जायेगा। मैदान एवं पार्क में गजीबो, बेंच एवं पत्थर के भी बैठने का बेंच लगाया जायेगा। पूजन सामग्री, पेयजल, जूता स्टैंल और सूचना केंद्र के लिए कियोस्क भी बनाया जायेगा।

## रांची में एच-3एन-2 इंफ्लुएंजा की दस्तक

4 साल की बच्ची संक्रमित मिली, अस्पताल में चल रहा इलाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में भी एच-3एन-2 इंफ्लुएंजा ने दस्तक दे दी है। रविवार को । इंफ्लुएंजा के दूसरे मरीज की पहचान हुई है। 4 साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बच्ची का तत्काल आइसोलेशन में रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में उसे भर्ती कराया गया है। 3 दिन पहले बच्ची में न्यूमोनिया के लक्षण देखते हुए एडमिट कराया गया था। इसके बाद से बच्ची को सर्दी-खांसी की शिकायत थी। शनिवार को उसका टेस्ट कराया गया तो उसके इंफ्लुएंजा से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। फिलहाल बच्ची को आइसीयू में आक्सीजन सपोर्ट के साथ रखा गया है और वह स्थिर है। रानी चिल्ड्रेन के डॉ राजेश ने इसकी जानकारी दी।



- कोविड के लक्षण - सूखी खांसी, कमजोरी, नाक बहना और बुखार आना।
- इंफ्लुएंजा के लक्षण - बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, बदन दर्द और कमजोरी लगना।

**स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन**

स्वास्थ्य विभाग ने भी इसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। मास्क लगाने के साथ-साथ भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचने का भी निर्देश दिया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### दो ईंट भट्ठे के पास से मिली चार लाश, सनसनी

**गिरिडीह।** जिले के गावां व तिसरी थाना इलाके में दो अलग-अलग ईंट भट्ठे के पास से चार मजदूरों मजदूरों की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। दो शवों पर चोट के निशन से मामला संदिग्ध हो गया है। तिसरी में मिले दो शव को परिजन हत्या बता रहे हैं। वहीं गावां में मौत की घटना को दम घुटने को कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शवों की पहचान सिकंदर यादव (36),संजय राय (34) संजय राजवंशी (30) और जमुआ सुरेश मुर्मू (25) के के रूप में की गयी है।

## दस लाख का इनामी नक्सली खेरवार गिरफ्तार

**पुलिस से लूटी गयी दो इंसास राइफल समेत हथियारों का जखीरा मिला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/लातेहार।** लातेहार पुलिस ने 10 लाख के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार भाकपा माओवादी संगठन के जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खेरवार उर्फ संजीवन पर लातेहार, लोहरदगा, गुमला जिले के विभिन्न थानों में जिले के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ 68 से अधिक मामले दर्ज है। उसकी निशानदेही पर दो इंसास राइफल, 370 गोली सहित अन्य समान बरामद किया है। मनिका थाना क्षेत्र स्थित माईल निवासी जोनल कमांडर खेरवार पर सरकार 10 लाख का इनाम घोषित किया था। रविवार को लातेहार एसपी अंजनी अंजन और पलामू प्रमंडल के डीआइजी राजकुमार लकड़ा ने सुंक्त प्रेस कांफ्रेंस में गिरफ्तारी की जानकारी दी।




पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कई दिनो से लातेहार पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि भाकपा माओवादी संगठन का एक दस्ता जो सेन्ट्रल कमिटी मेम्बर सौरभ यादव उर्फ मारकश बाबा एवं रिजनल कमिटी मेंबर सूजीत जी उर्फ छोटू खेरवार के नेतृत्व में मनिका एवं हेरहंज थाना क्षेत्र सीमावर्ती इलाको में सक्रिय है। हथियार बंद यह दस्ता किसी अप्रिय नक्सली घटना को अंजाम देने में लगा है।

(शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन
(SMC Conclave)
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
दिनांक : 20 मार्च, 2023
स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव
आयोजक : झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
उत्कृष्ट विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समितियों की उपलब्धियां
सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति के कुल 1,444 सदस्यों को कार्य एवं दायित्व से संबंधित प्रशिक्षण
सभी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के विकास हेतु योजना तैयार
प्रत्येक तीन महीने में शिक्षक अभिभावक बैठक (PTM) का आयोजन
बच्चों की उपस्थिति को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा घर-घर भ्रमण कर अभिभावकों से सम्पर्क


स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 293043 (School Education and literacy) IPRD 22-23


## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की झारखंड को सौगात


# ₹7005 करोड़ की 19 परियोजनाओं का 23 मार्च को होगा शिलान्यास-उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी झारखंड को दो मेगा सड़क परियोजनाओं समेत 19 नई सड़कों की सौगात देने 23 मार्च को झारखंड आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रांची और स्टील सिटी जमशेदपुर में कुल 19 महत्वपूर्ण सड़कों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री के झारखंड आने की सूचना के बाद एनएचएआई ने तैयारी तेज कर दी है। जमशेदपुर के गोपाल मैदान से वे जमशेदपुर क्षेत्र की 10 सड़क परियोजनाओं व रांची के शहीद मैदान से राजधानी से राज्य के विभिन्न जिलों को जोड़ने वाली 9 परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

एनएचआई झारखंड इकाई के क्षेत्रिय पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि 19 में से पांच परियोजनाएं एनएचएआई के हैं तो वहीं अन्य 14 स्टेट एनएच विंग की सड़कें हैं। इनमें दो रोड का उद्घाटन किया जाना है। बाकी 17 नये रोड बनाये जायेंगे। इसमें रांची से जुड़ी 170 किमी एनएच का निर्माण किया जाना है जिसमें 3162 करोड़ की लागत आयेगी। वहीं जमशेदपुर में 220 किमी रोड का उद्घाटन-शिलान्यास होना है। जिसमें 3843 करोड़ की लागत आयेगी। एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि जमशेदपुर के काली मंदिर से डिमना चौक-बालगुमा सेक्शन और बोकारो-गोला-ओरमांझी रांची एक्सप्रेस-वे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आने वाले समय में ये दोनों झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।





### 120 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी गाड़ियां

राज्य के पहले एक्सप्रेस-वे बोकारो-गोला-ओरमांझी में 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ेंगी। यह झारखंड की लाइफलाइन को बदल देगा। दूसरे एनएच में अधिकतम 100 किमी प्रति घंटा रफ्तार से ही जहां वाहन चलाने की समय-सीमा तय है वहीं एक्सप्रेस-वे पर गाड़ियां फरार्टा भरेंगी। यह धनबाद से बोकारो-रांची-गुमला छत्तीसगढ़ होते हुए रायपुर जोड़ने वाली महत्वपूर्ण इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी हिस्सा है। जिसमें कई चरणों में काम चल रहा है, कुछ पूरा भी हो गया है।

**जमशेदपुर में डबल-डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर राज्य में होगा अनोखा :** क्षेत्रीय पदाधिकारी झारखंड एसके मिश्र ने बताया कि जमशेदपुर में बनने वाली काली मंदिर से डिमना चौक-बालगुमा तक का कॉरिडोर राज्य का पहला डबल डेकर कॉरिडोर होगा। इसके बनने से जमशेदपुर की लाइफलाइन भी बदल जायेगी। एसके मिश्र ने बताया कि 10 किमी लंबा डबल डैकर एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से जमशेदपुर की ट्रैफिक काफी सुगम होगी। काली मंदिर तक जाना आसान होगा। वहीं, वर्तमान जो रोड है उसे सर्विस रोड के रूप में लोग इस्तेमाल करेंगे। डबल डेकर कॉरिडोर में पहला लेबल का जो लेन होगा उसे शहर के लोग आसानी से नीचे उतरकर बाजार इत्यादि कर सकेंगे। इसके लिए रास्ता बनेगा। वहीं, उपरवाला लेन से रांची से जमशेदपुर-कोलकोता इत्यादि जाना हो या जमशेदपुर के लोगों को कोलकोता इत्यादि जाना हो उसके लिए इस्तेमाल कर सकेंगे।

**गुमला से छत्तीसगढ़ फोरलेन रोड 1300 करोड़ में बनेगा :** एनएचएआई की ओर से बताया गया कि धनबाद-रायपुर कॉरिडोर के हिस्सा के रूप में चिन्हित गुमला से छत्तीसगढ़ तक को जोड़ने वाली 32 किमी रोड का भी डीपीआर तैयार हो गया है। लगभग 1300 करोड़ में बनाया जायेगा।

### इसका होगा उद्घाटन

जमशेदपुर से महुलिया फोर लेन सेक्शन में से किमी 233 से 277 के बीच छूटे हुए भाग का उद्घघाटन। एनएच 33 में रामगढ़ के प टेल चौक के पास वीयूपी का निर्माण।

### केंद्रीय मंत्री इन योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

- 1876 करोड़ की लागत से जमशेदपुर में कालीमंदिर से डिमना चौक बालीगुमा तक फोर लेन का डबल डेकर एलिवेटेड रोड करीब 10 किमी।
- 423 करोड़ से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच के एनएच 320-जी में 0 से 42 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का शिलान्यास।
- 99 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच 75 पर झिंकपानी और तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी। 96 करोड़ की लागत से एनएच 75 पर झिंकपानी से तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी।
- 91 करोड़ की लागत से एनएच 75 पर सिंहपोखरिया से झिंकपानी रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी।
- 514 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा क्षेत्र में एनएच 320 जी पर 98 से 196 किमी के बीच सड़क निर्माण।
- 73 करोड़ की लागत से पूर्वी सिंहभूम में भूईया सिनान से सुसनी भाया हाथीखेड़ा रोड का निर्माण।
- 104 करोड़ से पूर्वी सिंहभूम में फुलडुंगरी (एनएच 33) से झांटीझरना भाया बुरुडीह तक सड़क निर्माण।
- 1007 करोड़ की लागत से बोकारो और रामगढ़ क्षेत्र में जैनामोड़ से गोला तक फोर लेन एक्सप्रेस-वे।
- 1214 करोड़ की लागत से रामगढ़ और रांची क्षेत्र में ओरमांझी से गोला तक फोर लेन एक्सप्रेस वे।
- 57 करोड़ की लागत से गुमला और सिमडेगा क्षेत्र में एनएच 23 पर किमी सड़क निर्माण।
- 458 करोड़ की लागत से लोहरदगा में लोहरदगा बाइपास का निर्माण।
- 68 करोड़ की लागत से बोकारो और हजारीबाग में बनासो से बुडगड्डा रोड में सड़क निर्माण।
- 59 करोड की लागत से गुमला में चैनपुर से महुआडांड़ (डुमरी तक) टू लेन सड़क निर्माण।
- रांची में एनएच-33 में भगवान आदित्यनाथ मंदिर का सड़क।
- 34 करोड़ की लागत से गोला से चारू रोड के बीच आरओबी निर्माण।

## झारखंड में महिला हत्याकांड मामले में गिरिडीह पहले नंबर पर, राजधानी रांची का स्थान आठवां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध हो रहे हैं। महिलाओं के साथ हो रहे अपराध के आंकड़ें भी काफी चिंताजनक है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म, छेडछाड़, अपहरण, दहेज के लिए हत्या एवं प्रताड़ना के मामलों में अन्य वर्षों की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, एक साल भर में दहेज के लिए 214 महिलाओं की हत्या कर दी गई है। हर महीने करीब 17 से 18 महिला दहेज लोभियों की शिकार हुई हैं।

**दहेज हत्या में गिरिडीह नंबर एक पर :** दहेज लालच में राज्य में विवाहित महिलाओं की हत्या के मामले में गिरिडीह एक नंबर है। दूसरे नंबर में हजारीबाग, बोकारो और धनबाद का अनुपात एक है। जबकि गढ़वा, पलामू, चतरा चौथे नंबर पर शामिल है।

खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लातेहार और सरायकेला जिले को छोड़ बाकी जिले में दहेज के लिए हत्या करने के काफी मामले सामने आए हैं।

| ये हैं आंकड़े | | | |
|---|---|---|---|
| रांची- 12 | चाईबासा-01 | साहिबगंज-04 | कोडरमा-07 |
| गुमला-02 | सरायकेला-01 | बोकारो-13 | रामगढ़-10 |
| लोहरदगा-02 | दुमका-09 | धनबाद-15 | गढ़वा-21 |
| खूंटी-01 | देवघर-14 | हजारीबाग-20 | पलामू-15 |
| जमशेदपुर-09 | जामताड़ा-06 | गिरिडीह-35 | लातेहार 01 |
| | गोड्डा-05 | चतरा-11 | ------- |

### दहेज उत्पीड़न मामले में ये है सजा का प्रावधान

सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अमृत सिंह के मुताबिक, आईपीसी की धारा 498-ए दहेज के लिए उत्पीड़न से जुड़ी है। इसमें महिला के पति और उसके रिश्तेदारों की ओर से दहेज की मांग पर सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में 3 साल की कैद और जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा आइपीसी की धारा 406 के तहत अगर महिला का पति या उसके ससुराल के लोग उसके मायके से मिला पैसा या सामान उसे सौंपने से मना करते हैं तो इस मामले में भी तीन साल की कैद और जुर्माना हो सकता है। आईपीसी की धारा 304-इ में यह प्रावधान है कि दहेज के लिए हत्या का मामला साबित होने पर कम से कम सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक दी जा सकती है। कानून के मुताबिक, यदि शादी के सात साल के भीतर असामान्य परिस्थितियों में लड़की की मौत होती है। मौत से पहले दहेज प्रताड़ना का आरोप साबित हो जाता है तो महिला के पति और रिश्तेदारों को यह सजा हो सकती है।

## प्रदेश राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण पहुंचे रांची, कार्यकारिणी की बैठक में होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव प्रदेश राजद द्वारा सोमवार को आहुत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को रांची पहुंचे। कार्यकारिणी की बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति बनायी जाएगी। प्रदेश प्रभारी के आगमन को लेकर रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राजद नेताओं एवं कार्यकताओं ने माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। रांची एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में मुख्यरूप से युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष



रंजन कुमार, युवा राजद के प्रवक्ता मंतोष यादव, राजद प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, छत्तरपुर के पूर्व प्रत्याशी विजय राम, सोशल मीडिया प्रभारी अंजल किशोर सिंह, रवि यादव, मुकुंद कुमार सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहें।

## देश के इतिहास में पहली बार सत्ता पक्ष बाधित कर रहा है संसद : विनय विश्वम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह राज्यसभा सांसद विनय विश्वम ने कहा कि देश की इतिहास में पहली बार देश के पार्लियामेंट को सत्ता पक्ष बीजेपी के द्वारा नहीं चलने दिया जा रहा है। सत्तापक्ष के द्वारा जन मुद्दों से लोगों को ध्यान भटकाने के लिए पार्लियामेंट में राहुल प्रकरण पर लगातार चर्चा हो रहा है, जबकि देश में महंगाई, बेरोजगारी, अडानी, सांप्रदायिक घटना पर चर्चा होनी चाहिए थी। विनय विश्वम रविवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एके रशीदी, स्वयंवर पासवान एवं अजय सिंह उपस्थित थे।

विनय विश्वम ने कहा कि अडानी प्रकरण पर चर्चा नहीं करा कर मोदी की सरकार राहुल गांधी पर चर्चा कर रही है। माफी मांगने का दबाव बना रही है, जबकि देश के प्रधानमंत्री अमेरिका में अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगाकर ट्रंप का प्रचार करने के लिए गए थे। इस तरह से दुनिया की कई देशों में खुद प्रधानमंत्री गैर संवैधानिक तरीके से अपनी बातों को रखा। उस पर सफाई देने के बजाय पार्लियामेंट को बाधित करने की कोशिश जारी है। देश के सारे राष्ट्रीय संपदाओं को अडानी और अंबानी के हवाले किया जा रहा है। महंगाई से आम जनता परेशान है। उसके बगैर बहस पार्लियामेंट में कराए पार्लियामेंट को बाधित करने की प्रयास जारी है।

विनय विश्वम ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होगी और मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करेगी। इसके लिए अभी से ही पूरे देश में विपक्षी एकता की तैयारी चल रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया है भाजपा हटाओ ,देश बचाओ, भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ सविधान बचाओ, इसके तहत 2024 में सीधा-सीधी मुकाबला विपक्ष और सत्ता पक्ष से होगा। इस मौके पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय में विनय विश्वम को बुके देकर सम्मानित किया गया।

## शराब पीकर ऑफिस आने वाले झाप्रसे के अधिकारी की दो वेतन वृद्धि पर रोक

**रांची।** सरकार ने शराब पीकर ऑफिस आनेवाले झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अजय कुमार खलखो को दंडित किया है। संचयात्मक प्रभाव से उनकी दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। अरूण कुमार खलखो पर कोडरमा में अवर निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर रहते हुए कई गंभीर आरोप लगे थे। 2016 में ही वहां के उपायुक्त ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह बात सामने आयी थी कि कार्यकाल में अजय कुमार खलखो बिना सूचना के लंबी अवधि तक अनुपस्थित रहने के बाद जिला मुख्यालय में योगदान दिया। कार्यालय में शराब पीकर भी आये। उन्हें निलंबित भी किया गया था। हालांकि, अमित कुमार खलखो ने जवाब दिया कि उनकी सास बीमार थी। इस कारण वे मानसिक रूप से तनाव में थे। वहीं, बाद में उनके परिजन के मृत्यु होने से श्राद्धकर्म में व्यस्त रहे। वहीं, दो साल से वेतन नहीं मिलने की वजह से मानसिक रूप से परेशान रहे। पूरे मामले पर कार्मिक विभाग ने समीक्षा की और निलंबन मुक्त करते हुए संचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी।

## बीमार शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए बनी कमेटी, आवेदन पर करेगी विचार

### पहले चरण में तबादले की प्रक्रिया 28 मार्च से होगी शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया फिर से जोर पकड़ने लगी है। यह तबादला दो चरणों में होगा। पहले चरण में तबादले की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी। वहीं, दूसरे चरण में 25 अप्रैल से पहले चरण में वैसे स्कूल जहां बच्चों के अनुपात में ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं, उनका तबादला किया जाएगा। दूसरे चरण में विशेष परिस्थिति में शिक्षकों (गंभीर रूप से बीमार शिक्षकों) का बीमार शिक्षकों के तबादले के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है।

**पहले चरण में वैसे स्कूल, जहां अनुपात से ज्यादा शिक्षक कार्यरत :** पहले चरण में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू की जाएगी। इसमें वैसे स्कूल शामिल होंगे, जहां बच्चों के अनुपात में शिक्षक ज्यादा हैं। एक अप्रैल तक ऐसे शिक्षकों की सूची टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर जारी की जाएगी। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने इसका शिड्यूल जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने इसे लेकर जिलों के उपायुक्त, डीईओ व डीएसई को निर्देश दे दिया है।

दूसरे चरण में शिक्षकों के दिए आवेदन पर स्क्रूटनी 5 मई तक

प्राथमिक शिक्षा निदेशक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में गठित कमेटी शिक्षकों के आवेदनों पर विचार करेगी। आवेदनों पर 5 मई तक स्क्रूटनी की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी पिरामल संस्था की टीम को दी गई है। शिक्षकों के तबादले के लिए पोर्टल का विंडो 15 मई से 25 मई तक खुला रहेगा। इसमें आवेदन अपलोड किये जाएंगे। दो जून तक जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) और जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) इसका वेरिफिकेशन करेंगे। 4 से 10 जून तक वेरिफाई किए गए आवेदनों को फिर से अपलोड किया जाएगा। 13 जून तक सूची जिलों द्वारा तैयार की जाएगी और 15 जून तक राज्य स्तरीय कमेटी को डीईओ-डीएसई इसे भेजेंगे। 25 जून तक कमेटी विशेष परिस्थिति के तबादले पर अपना निर्णय लेगी और 30 जून तक तबादले की सूची पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी।

## 26 मार्च को कोल इंडिया मैराथन




### 29 लाख रुपये से भी अधिक के इनाम के लिए दो हजार प्रतिभागी लेंगे भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा ने बताया है कि कोल इंडिया मैराथन का आयोजन 26 मार्च को रांची में होगा। रविवार को सीसीएल मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष प्रतिभागी चार श्रेणियों में अपनी काबिलियत दिखाएंगे। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ शामिल है। पूर्ण मैराथन 42 किमी का जबकि हाफ मैराथन 21 किमी का रखा गया है। अब तक 2000 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्टर्ड किए जा चुके हैं। केवल रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को ही दौड़ में शामिल होने का मौका मिलेगा। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी से दौड़ शुरू होगी। कार्यक्रम में सीएम को भी आमंत्रित किया गया है।

### 30 लाख का इनाम

कोल इंडिया मैराथन में अलग अलग श्रेणियों में करीब 30 लाख रुपये (29.70 लाख) का प्रावधान किया गया है। फुल मैराथन में पहले से सातवें स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को इनाम मिलेगा। पहले तीन स्थान पर आनेवालों को तीन लाख, दो लाख और एक लाख मिलेगा। बाकी को 60 हजार से 20 हजार रुपये तक मिलेंगे। हाफ मैराथन में भी सातवें स्थान तक आनेवाले को इनाम मिलेगा। इसमें पहला प्राइज 2 लाख, दूसरा 1 लाख और तीसरा 50 हजार रुपये का है। बाकी के लिए 40 हजार से 10 हजार रुपये का इनाम तय है। 10 किमी की दौड़ में पहला इनाम एक लाख का, दूसरा 70 हजार और तीसरा 50 हजार का है। बाकी स्थानों के लिए (सातवें स्थान तक) भी इनाम मिलेंगे। वहीं 5 किमी की रेस में भी सफल कैंडिडेट को इनाम दिया जाएगा।

## लालू यादव से मिले संजय प्रसाद यादव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने रविवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की। इस क्रम में प्रधान महासचिव श्री यादव ने झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया। साथ ही झारखंड में संगठन विस्तार को लेकर भी बातें हुईं। संजय यादव ने पार्टी अध्यक्ष को झारखंड में पंचायत से प्रदेश स्तर तक संगठन एवं सदस्यता अभियान की वर्तमान स्थिति क्या है, इससे अवगत कराया। वहीं नई राज्य कार्यकारिणी के संबंध में जानकारी दी।

सारी बातों को सुनने के बाद लालू प्रसाद ने निर्देश दिया कि पूरे झारखंड में संगठन को धारदार और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान निरंतर चलाते रहने की जरूरत है। वर्ष 2024 की तैयारी में लगने को कहा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर गरीबों के दुःख दर्द को समझो उनकी समस्या को जानो और समस्या का समाधान कैसे हो इस पर काम करो। उन्होंने कहा की सभी नेता कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें संगठन मजबूत होगा तभी आगे की लड़ाई लड़ सकते हैं।

## कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने जारी किया संकल्प

# अब जिला स्तरीय पदों पर भी नियुक्ति में मिलेगा इडब्ल्यूएस को आरक्षण

## सभी वर्गों को अलग-अलग आरक्षण, लेकिन 60 फीसदी से अधिक नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण देने का निर्णय ले लिया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड ने संकल्प भी जारी कर दिया है। राज्य स्तरीय पदों पर नियुक्ति के मामले में ईडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान तो है ही, परंतु अब जिलावार भी इसे सुनिशिचत किया जायेगा। जारी संकल्प के मुताबिक जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति के संबंध में 9 अप्रैल 2010 को जारी संकल्प को संशोधन करते सीधी नियुक्ति के लिए 100 बिंदुओं का संशोधित आरक्षण रोस्टर तैयार किया गया है। यह संकल्प तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### ऐसा है जिलावार आरक्षण रोस्टर

**लातेहार** में जिला स्तरीय मुफ्फसिल स्थापना के लिए जो आरक्षण रोस्टर जारी हुआ है, उसके मुताबिक एससी (अनुसूचित जाति) को 21%, एसटी (अनुसूचित जनजाति) को 29%, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0%, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0% और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60%) तय किया गया है।

**लोहरदगा और गुमला** जिले में एससी को 3%, एसटी को 47%, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0%, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0% और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय हुआ है।

**सिमडेगा** जिले में एससी को 7%, एसटी को 43%, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0%, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0% और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) सुनिश्चित किया गया है।

**पश्चिमी सिंहभूम** (चाईबासा) में एससी के लिए 4%, एसटी को 46%, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0%, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0% और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय किया गया है।

**दुमका** जिले के लिए एससी को 5%, एसटी को 45%, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0%, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0 और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) का प्रावधान हुआ है।

**रांची** जिले के लिए एससी को 05 प्रतिशत, एसटी को 37, ओबीसी (अनुसूची-1) को 5, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय हुआ है।

**खूंटी** जिले के लिए एससी को 5 प्रतिशत, एसटी को 45, ओबीसी (अनुसूची-1) को 0, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को भी 0 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय किया गया है.

**हजारीबाग** जिले के लिए एससी को 21 प्रतिशत, एसटी को 4, ओबीसी (अनुसूची-1) को 14, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 11 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय हुआ है।

**रामगढ़** जिले के लिए एससी को 11 प्रतिशत, एसटी को 20, ओबीसी (अनुसूची-1) को 11, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 8 और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) किया गया है।

**साहेबगंज, पाकुड़ और सरायकेला-खरसावां** जिले के लिए एससी को 05 प्रतिशत, एसटी को 38, ओबीसी (अनुसूची-1) को 4, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) किया जाना तय हुआ है।

**पूर्वी सिंहभूम** जिले में एससी को 04 प्रतिशत, एसटी को 28, ओबीसी (अनुसूची-1) को 10, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 8 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) का प्रावधान बनाया गया है।

**देवघर** जिले में एससी को 12 प्रतिशत, एसटी को भी 12 प्रतिशत, ओबीसी (अनुसूची-1) को 15, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 11 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) का प्रावधान बना है।

**गोड्डा** जिले के लिए एससी को 08 प्रतिशत, एसटी को 25, ओबीसी (अनुसूची-1) को 10, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 07 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय किया गया है।

**जामताड़ा** जिले के लिए एससी को 09 प्रतिशत, एसटी को 32, ओबीसी (अनुसूची-1) को 05, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 4 और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) का प्रावधान हुआ है।

**पलामू** जिले में एससी के लिए 27 प्रतिशत, एसटी को 08 प्रतिशत, ओबीसी (अनुसूची-1) को 09, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 06 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) की व्यवस्था बनी है।

**गढ़वा** जिले में एससी को 23 प्रतिशत, एसटी को 15 प्रतिशत, ओबीसी (अनुसूची-1) को 7, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 5 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) की व्यवस्था अब होगी।

**कोडरमा, चतरा** जिले के लिए एससी हेतु 18 प्रतिशत, एसटी को 8 प्रतिशत, ओबीसी (अनुसूची-1) को 14, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 10 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय किया गया है।

**गिरिडीह और बोकारो** जिले में एससी के लिए 13 प्रतिशत, एसटी को 12, ओबीसी (अनुसूची-1) को 14, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 11 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय हुआ है।

**धनबाद** जिले में एससी के लिए 15 प्रतिशत, एसटी को 8 प्रतिशत, ओबीसी (अनुसूची-1) को 15, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) को 12 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण (कुल 60 प्रतिशत) तय किया गया है।

## कई सड़क परियोजना का शिलान्यास करेंगे नितिन गडकरी

# नयी सड़क से मात्र आधे घंटे में ओरमांझी से बोकारो पहुंच पायेंगे यात्री: संजय सेठ

**भाजपा की बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की बनी रणीनित**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि ओरमांझी से बोकारो तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास और जमशेदपुर में एलिवेटेड सड़क का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। वह 23 मार्च को रांची पहुंच रहे हैं। इस बनने वाली सड़क से ओरमांझी से बोकारो की दूरी मात्र आधे घंटे की होगी। रांची के पुरानी विधानसभा मैदान में संध्या 4 बजे से आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में गडकरी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में लगभग दस हजार स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहेंगे। वे रविवार को भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के मोर्चा अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक कर रहे थे। इसकी अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने की।

मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि नितीन गडकरी ने देश में सबसे तेज गति से सड़क निर्माण किया है। अब तक आजादी के बाद सड़क के मामले में भारत में कभी ऐसी ऊंचाई नहीं प्राप्त की थी। यह हम रांची के नागरिकों के लिए भी बड़ी सौभाग्य की बात है।

वहीं, बैठक की अध्यक्षता करते महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने विस्तार से कार्यक्रम में भीड़ की तैयारी के लिए योजना बनाई और कहा कि कार्यविभागों को कार्यक्षमता के आधार पर बांटा जायेगा और प्रत्येक मंडलों से बड़ी संख्या में नागरिक और कार्यकर्त्ता भाग लें। इसकी बैठक यथानुसार सभी मंडलों में कर लें।

इस अवसर पर काजल प्रधान, मनोज सिंह वरूण साहु जिन्होंने धन्यवाद ज्ञापन किया, बलराम सिंह, राजु सिंह, जितेन्द्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, गुडडू सिंह, मूकेश सिंह,गोपाल सोनी, उमेश यादव, पप्पु जयसवाल, संतोष मिश्रा, विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल, सुजीत शर्मा, निलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## गेट 2023 : बिरसा कृषि विवि का छात्र केवल वत्स ऑल इंडिया सेकेंड टॉपर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)-2023 की परीक्षा में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का छात्र **केवल वत्स** सेकेंड टॉपर रहा। कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के दूसरे बैच के छह विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता मिली। आईआईटी, कानपुर ने 16 मार्च को ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट पर गेट का परिणाम घोषित किया।

देश में स्नातकोत्तर इंजीनियरिंग शिक्षा (पोस्ट ग्रेजुएट) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 11 फरवरी को परीक्षा हुई थी। इसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के दूसरे बैच (वर्ष 2019-20) के छात्र केवल वत्स ने अखिल भारतीय स्तर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा महाविद्यालय के 5 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी गेट 2023 परीक्षा को क्वालीफाई किया है।

अखिल भारतीय स्तर रैंकिंग में रुपाली गुप्ता को 27वां, गौरव कुमार अग्रवाल को 68वां, पूजा कुमारी को 78वां, हृतिक राज को 182वां और कुमार आदित्य राज को 388वां स्थान मिला। इस परीक्षा में हासिल गेट स्कोर तीन वर्षों तक मान्य होगा।

बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने गेट परीक्षा में केवल वत्स को द्वितीय रैंक मिलने खुशी जताई। सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का मान एवं गौरव बढ़ा रहे हैं।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## 4000 स्थानों पर होगा श्रीराम महोत्सव: विहिप



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड सभी जिलों में लगभग 4000 स्थानों पर श्रीराम महोत्सव कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने बताया कार्यक्रम 22 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगा। 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन दिवस पर मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं महाआरती का आयोजन कर कार्यक्रम संपन्न होंगे। डॉ साहू ने कहा कार्यक्रम के लिए प्रांत में जोरों की तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम को शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे 22 मार्च, 2023 को गुमला व सिमडेगा एवं 23 मार्च, 2023 को खूंटी और रांची में करेंगे।

## ब्राउन शुगर : सासाराम से हो रही थी पैरवी एक लाख तक का मिल रहा था ऑफर

**पकड़े जाने से पूर्व हो रहा था छुड़वाने का सौदा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने शनिवार को जिन ब्राउन शुगर के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। उनमें रांची सिविल कोर्ट का एक अधिवक्ता भी शामिल है। अधिवक्ता का नाम हर्ष मिश्रा है। हर्ष मिश्रा रांची के रातु रोड पिस्कामोड़ का रहने वाला है। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में बिहार के रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के बोदामोड़ निवासी सुनीता देवी भी पकड़ी गई थी। सुनीता देवी को छुड़ाने के लिए ड्रग्स पैडलरों के द्वारा शनिवार दिनभर पैरवी में जुटी रही। पैरवीकार एक लाख रूपए तक देने को राजी हो गए थे। वहीं, रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू मुक्तिधाम निवासी रंजन कुमार उर्फ चुद्दी, प्रदीप सिंह, अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी अनिमेष कुमार सिंह और संजय कुमार साह भी ब्राउन शुगर बेच कर पैसे कमाने की लालच में फंस गए। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त के समक्ष पेश किया गया, जिसमें एक ने कहा कि वह अधिवक्ता है तो प्रधान न्यायायुक्त भी चौंक गए।

**पांच-साढ़े पांच लाख के ब्राउन शुगर बरामद :** बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस के डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के पास से 89 पुड़िया तथा अलग से लगभग 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। ब्राउन शुगर की कीमत बाजार में करीब पांच-साढ़े पांच लाख रुपये है।

# पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के जीवन पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र केशरी के सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर आधारित पुस्तक सड़क से सदन तक-संघर्ष के क्रांतिवीर रामचंद्र केशरी का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रविवार को किया। रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में राम मनोहर लोहिया चेतना मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन किया गया। बताते चलें कि विजय केशरी द्वारा संपादित पुस्तक में पूर्व मंत्री और लोहियावादी नेता रामचंद्र केशरी के 50 वर्षों की लंबी राजनीतिक और सामाजिक यात्रा के अनुभवों को शामिल किया गया है।

**पुस्तक लिखने में ढाई वर्ष से अधिक समय लगा :** इस मौके पर डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच के सचिव विजय कुमार केशरी ने कहा कि यह पुस्तक लोहियावादी विचारधारा के प्रबल समर्थक रहे पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के संघर्ष के जीवन के 50 वर्षों को शब्दों में पिरोया गया है। इस पुस्तक को लिखने में ढाई वर्ष से अधिक का समय लगा है।

**युवाओं के लिए प्रेरणादायी है पुस्तक :** भाजपा झारखंड के प्रदेश महामंत्री बालमुकंद सहाय ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं को संघर्ष के लिए आगे आने की प्रेरणा देगा।

**समाजवाद का झंडा बुलंद करना आसान नहीं :** वहीं भाजपा नेता भानुप्रताप शाही ने कहा कि यह पुस्तक भूतकाल की अभिव्यक्ति है। समस्याओं से जूझते हुए समाजवाद का झंडा बुलंद करना आसान नहीं रहा होगा।

**समाजवादी नेता की संघर्ष गाथा है पुस्तक में :** विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सड़क से सदन तक कोई सामान्य पुस्तक नहीं, बल्कि एक समाजवादी नेता के 50 वर्षों के संघर्ष की जीवन गाथा है।

**रामचंद्र केशरी पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक :** झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि रामचंद्र केशरी हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक हैं।

**केशरी का जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय :** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी 83 वर्ष की उम्र में भी अपना हर कार्य व्यवस्थित तरीके से करते हैं। इनसे नई पीढ़ी सीख सकती हैं।

वहीं विमोचन समारोह में भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि यह पुस्तक सड़क से सदन तक वर्तमान समय के युवाओं के लिए प्रेरणादायी सावित होगी।

## सरना धर्मावलंबी अपने घरों में सरना झंडा लगायें : शिवा कच्छप

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के उप कार्यालय डैम पार्क कांके रोड रांची में रविवार को सरहुल पूजा तैयारी को लेकर बैठक हुई। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि इस साल भी सरहुल महोत्सव पारंपरिक, सांस्कृतिक रीति-रिवाज के साथ पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं सरहुल पर्व को लेकर 22 मार्च को उपावस, 23 मार्च को पूजा, 24 को सरहुल की भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम होगा। 25 मार्च को फुलखोंसी की जाएगी। सरहुल को ध्यान में रख शिवा कच्छप ने सरना समुदाय के लोगों से अपील की है कि इस मौके पर सरना धर्मावलंबी अपने-अपने घरों में सरना झंडा अवश्य लगायें। पारंपरिक वेश-भूषा धारण कर ढोल, नगाड़ों,मांदर के साथ सरहुल की शोभा यात्रा में शामिल हो। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं लाल पाड साड़ी और पुरुष धोती - गंजी धारण करें। शोभा यात्रा के दिन शराब का सेवन कतई न करें।

## खबर एक नजर में

### श्री महाबीर मंडल रांची की अध्यक्ष बनीं आभा सिन्हा



**रांची।** केन्द्रीय महिला श्रीमहावीर मंडल की बैठक दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, अपर बाजार, रांची में रविवार को हुई। बैठक में आभा सिन्हा को केन्द्रीय महिला श्रीमहावीर मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मालूम हो कि राजधानी में महिला जुलूस का श्रीगणेश आभा सिन्हा ने ही किया था। वहीं उपाध्यक्ष के लिए पूर्णिमा सिंह, महामंत्री राखी प्रियदर्शिनी, मंत्री शिल्पी कुण्डू, सारिका गुप्ता, सहमंत्री संगीता कुमारी, हेमंती देवी, रीना सिंह, प्रवक्ता भाष्कर वर्मा, निशान्त सिन्हा, टुन्नु वर्मा को मनोनित किया गया।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत

**रांची।** बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा राँची में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, राँची कृष्णकांत मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, राँची, अशोक कुमार एवं मुख्य कानूनी सहायता रक्षा सलाहकार, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिवराकेश रंजन ने कहा कि जो अपना पक्ष माननीय न्यायालय में रखने में आर्थिक रूप से कमजोर हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क कर सरकारी अधिवक्ता ले सकते हैं। वहीं कारापाल ने बंदियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों के बारे में बताया। जेल अदालत में कुल-09 मामलों को न्यायालय के समक्ष रखा गया, जिसमें किसी भी वाद का निष्पादन नहीं हुआ। मौके पर लिपिक सैयद दानिश आदि मौजूद थे।

### डालसा ने लोगों को दी कानूनी जानकारी

**रांची।** डालसा के मार्गदर्शन पर संतोष बी.एड. कॉलेज, तुपुदाना, रांची की ओर से पलाश ऑडिटोरियम डोरंडा में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में डालसा का स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी दी गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यों को डालसा के अधिवक्ता और पीएलवी के द्वारा लोगों के समक्ष रखा गया तथा जनमानस सरकारी योजनाओं से कैसे लाभ प्राप्त कर सकते है इसकी जानकारी विस्तृत से दी गयी। डालसा के अधिवक्ता शिवानी सिंह, कविता कुमारी तथा स्वीकृति के द्वारा, पीड़ित मुआवजा, मध्यस्थता, लोक अदालत, डायन बिसाही एवं प्री-लिटिगेशन की जानकारी दी गयी। इस इवसर पर डालसा के अधिवक्ता शिवानी सिंह, कविता कुमारी, स्वीकृति, लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, तारा मिंज, मुन्नी देवी, बॉबी सिनहा, जसिंता टोप्पो एवं राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।

### लावारिस शवों का हुआ अंतिम संस्कार

**रांची।** जुमार नदी के किनारे रविवार को 42 अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार किया गया। मुक्ति संस्था के द्वारा अबतक कुल 1534 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी और अंतिम अरदास परमजीत सिंह ने किया। सुबह से संस्था के सदस्य शवों को पैक किया, फिर जुमार नदी के तट पर सामूहिक चिता सजायी गयी। विधि-विधान से सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, राजेश विजयवर्गीय, आशीष भाटिया, परमजीत सिंह टिंकू, संदीप कुमार, अमित किशोर, गौरीशंकर शर्मा, संजय गोयल, आरके गांधी, हरीश नागपाल, सीताराम कौशिक, सुनील अग्रवाल, अंकुर जैन, नवीन मित्तल, पंकज खिरवाल, आशुतोष अग्रवाल, राहुल जायसवाल, संदीप पपनेजा मौजूद रहे।

## रांची में साइबर ठग सक्रिय दो लाख रुपये की हुई ठगी

- सोफा खरीदने के नाम पर 35 हजार भेजने के मामले में खाते से दो लाख उड़ाये
- गोदा थाना में पीड़ित ने दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एक ओर डीजीपी ने राज्य के आला अधिकारियों को साइबर फ्रॉड के आरोपियों पर नकेल कसने का निर्देश दिया है तो दूसरी ओर साइबर अपराधी राजधानी के ही लोगों को अब ठगी का शिकार बना रही है। मामला गोंदा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। इस बाबत पीड़ित ने गोंदा थाने में कार्रवाई को लेकर एक आवेदन दिया है। पीड़ित शुभम ने पुलिस को कहा है कि सोफा खरीदने के नाम पर उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉलर ने कहा कि सोफा सेट बिक्री की बात आपके पिता से हो गई है। सोफे की कीमत 35 हजार रूपए तय हुई है। फोन करनेवाले ने शुभम से क्यू आर कोड भेज रहा है, उसे स्कैन कर लें। शुभम ने स्कैन किया तो उसके खाते से दो लाख रूपए की अवैध निकासी हो गई। इस बात की जानकारी बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर चला। शुभम ने बताया कि जिस व्यक्ति के खाते में राशि ट्रांसफर की गई है, उसमें रांची के इस्लाम शेख और मुकेश कुमार का नाम दिख रहा है। गोंदा पुलिस इंस्पेक्टर रवि ठाकुर का कहना है कि यह मामला साइबर ठगी का है, इसलिए वह इस आवेदन को साइबर थाना में भेज रहे हैं।

## सर्ड के आवासीय कैंपस में श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए तैयार हो गया हवन कुंड

# 22 से 31 मार्च तक होगा श्री शतचंडी महायज्ञ

खबर मन्त्र संवादाता



**रांची।** राजधानी रांची के पिस्का मोड के स्थानीय ओटीसी मैदान स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के आवासीय परिसर में 22 मार्च से 10 दिनी श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होना है। यज्ञ आयोजन समिति की ओर से इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। यज्ञ के लिए हबन कुंड और यज्ञशाला तैयार कर लिया गया है। वहीं, दर्शनी का निर्माण कार्य चल रहा है। कैंपस में एक साथ 1500 श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था की गयी है। बच्चों को लिए झूले और महिलाओं के लिए स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। वहीं यज्ञ स्थल पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जायेगा।

यज्ञ आयोजन समिति की कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि यज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समिति के सदस्यों ने अबतक 5 हजार से अधिक लोगों को महायज्ञ के आयोजन की जानकारी उपलब्ध करा दी है। कलश उठानेवाली महिलाओं की टीम तैयार हो गयी है।

**कोर कमेटी की बैठक बांटी गयी जिम्मेवारी :** श्री शतचंडी महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर रविवार को यज्ञ स्थल में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने की। ज्ञात हो कि शाम में 4 बजे से 7:30 बजे तक भागवत कथा का वाचन मनुश्री जी महाराज के मुखारविंद से होना है। बैठक में आयोजन समिति के कोर कमिटी के सदस्यों सहित आयोजन समिति के लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं, दूसरी महिलाओं की टीम भी यज्ञ के प्रचार-प्रसार में लगी हुई हैं।

**वृंदावन के श्री मनु जी महाराज 3 बजे से कथा वाचेंगे**

22 मार्च से 31 मार्च तक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसमें कथावाचक के रूप में वृंदावन से श्री मनु जी महाराज रहेंगे। महायज्ञ के दौरान सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक महायज्ञ का आयोजन होगा एवं दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्री मनु जी महाराज कथा का वाचन करेंगे।

## रांची में अबतक 400 लोगों की हुई मौत, धारा 144 का भी नहीं होता है पालन

# रांची में जानलेवा बनता जा रहा है जमीन का धंधा!

कुबेर सिंह

**रांची।** राजधानी रांची में जमीन विवाद एक अहम समस्या बन गई है। राज्य बनने के बाद जमीन विवाद में रांची में अबतक 400 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी हाल में ही टाटीसिलवे में कल्लू यादव की हत्या के मामले में शूटरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई ही थी कि उसी थाना से सटे इलाके नामकुम केतारीबगान में शुक्रवार को गोली चल गई। गोलीबारी में दो युवक जख्मी हो गए। बताया जाता है कि जिस जमीन पर गोलीबारी हुई है, उस जमीन पर पूर्व में ही धारा 144 लगाया जा चुका था, फिर भी जमीन कारोबारी उस जमीन पर चढ़ गए। जिससे यह घटना घटी। लोगों का कहना है कि पुलिस जमीन पर धारा 144 तो लगाती है, लेकिन जमीन कारोबारी थानेदार से सेटिंग कर काम लगवा देते हैं, जो बाद में खूनी संघर्ष को जन्म देती है।

### जमीन विवाद में अबतक 400 लोगों की जान गयी



ताजा आंकड़ों के मुताबिक झारखंड बनने के बाद सिर्फ रांची में जमीन विवाद के चलते 400 से ज्यादा लोगों की हत्या हो चुकी है। पिछले दो साल के आंकड़ों पर गौर करें, तो इस दौरान रांची में जमीन विवाद को लेकर हत्याओं की घटना में बढ़ोतरी हुई है। राजधानी रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन विवाद को लेकर हत्याओं के ज्यादा मामले हैं। कांके, ओरमांझी, नगड़ी, नामकुम व रातू जैसे ग्रामीण इलाके सेमी अर्बन हो गये हैं। यहां जनरल व सीएनटी एक्ट से प्रभावित जमीन की खरीद-बिक्री सबसे अधिक हो रही है। यहां के जमीनों को विवादित बनाने का खेल जोरों पर हो रहा है। इसकी वजह से जमीन पर कब्जा दिलाने और कब्जा करने का खेल फल-फूल रहा है। इस धंधे में अंचल के कर्मचारी पदाधिकारियों की भी मिलीभगत से नकारा नहीं जा सकता। इस खेल में पुलिस की भी मुख्य भूमिका होती है क्योंकि सभी थाना की पुलिस को संबंधित क्षेत्र में जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों व विवाद की जानकारी होती है।

### कागजात से शुरू होता है गड़बड़ी का खेल

एक ही जमीन की रजिस्ट्री कई लोगों के साथ हुई रहती है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई पीढ़ी के बीच कानूनी बंटवारा नहीं हो पाता है। ऐसे में जमीन का कोई भी हिस्सेदार किसी भी भूखंड को बेच देता है। जब खरीदार उस पर कब्जा लेने जाता है तो अन्य हिस्सेदार लोग विरोध करने लगते हैं। इसके बाद विवाद बढ़ जाता है और नौबत हत्या तक पहुंचती है।

### एक ही जमीन को कई बार बेचा जाता है

एक ही जमीन को कई दलाल कई लोगों को बेचते हैं। इस काम में रजिस्ट्री ऑफिस के पदाधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत होती है। आदिवासी, गैर मजरुआ जमीन की भी रजिस्ट्री आसानी से हो जाती है। जमीन लेने के बाद खरीदार म्यूटेशन के लिए अंचल कार्यालय जाते हैं और यहां जो सबसे अधिक चढ़ावा देता है, उसके नाम से म्यूटेशन हो जाता है।

### जमीन विवाद हत्याओं में रांची अव्वल

जमीन विवाद में हुई हत्याओं का जिलावार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन सबसे ज्यादा हत्याएं रांची जिले में होती रही हैं। इसके बाद जमशेदपुर और धनबाद का स्थान आता है। पुलिस अधिकारी भी जमीन के कारोबार में शामिल रहते हैं। पुलिस के अधिकारी भी जमीन कारोबारी की मदद में खड़े रहते हैं। पुलिस के पास जमीन पर चल रहे काम पर रोक लगाने और धारा 144 लगा कर इसकी जानकारी एसडीओ कोर्ट को देने का अधिकार है। कई पुलिस अधिकारी इसका फायदा उठाते हैं। पैसे लेकर मजबूत व्यक्ति के पक्ष में काम करते हैं। कभी 144 लगाने की कार्रवाई तुरंत कर देते हैं, तो कई बार इसके लिए कई दिन लगा देते हैं।

### जेल से भी चल रहा है जमीन का धंधा

रांची के अपराधी इन दिनों जमीन के धंधे से जुड़े हैं। कुख्यात अपराधियों के नाम से जमीन पर कब्जा का खेल चलाया जा रहा है। कथित गैंगस्टर के गुर्गे जमीन पर कब्जा का ठेका लेकर खूनी खेल खेल रहे हैं। जहां बात नहीं बनती, वहां खूनी खेल शुरू हो जाता है। जमीन पर कब्जा के लिए उन कुख्यातों के पास बड़े पैमाने पर पैसा पहुंच रहा है। जमीन के कारोबारी भी जमकर इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे जाहिर है कि कुख्यात अपराधियों का जेल में रहना, बाहर रहने से बेहतर है। चूंकि जेल में रहकर भी कमाई कर रहे हैं। इस धंधे में किसी का खून बहाना या विधि व्यवस्था बिगाडने में सक्षम हैं।

> जमीन कारोबारियों और अपराधियों से सांठगांठ रखने वाले आरोपियों के खिलाफ रांची पुलिस को डोजियर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। डोजियर तैयार होने के बाद उनके जिला बदर की कार्रवाई होगी।
>
> **अनूप बिरथरे**
> **डीआइजी, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल**

## जनजातीय संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : डॉ टीके शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के संयुक्त प्रयास से रविवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था- जनजातीय संस्कृति और पारिस्थितिकी संरक्षण। डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, प्रकृति से खिलवाड़ आदि महत्वपूर्ण कारक हैं, जिससे आज जनजातीय संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि आज वृहत पैमाने पर सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता है, ताकि हम अपनी जनजातीय संस्कृति को बचाते हुए पारिस्थितिकी संरक्षण पर ध्यान दें।

**जनजातीय संस्कृति को सुरक्षित रखने पर जोर :** वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरयू के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए यहां पर मौजूद सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों की सामूहिकता और इच्छाशक्ति जरूरी है। इसी से हम जनजातीय संस्कृति की विरासत को संरक्षित रख सकते हैं। झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने जनजातीय समुदाय को सामाजिक परिवेश में उत्तरोत्तर प्रगति की ओर ले जाने पर जोर दिया। पूर्व कुलपति और मानवशास्त्री डॉ सत्यनारायण मुंडा ने कहा कि आगामी पीढ़ी का यह दायित्व है कि हम पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखते हुए जनजाति संस्कृति को भी आगे ले जाएं। मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक डॉ विनोद कुमार, संबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ बीसी बारीक, डॉ कमल कुमार बोस आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

तीसरे सत्र में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्मश्री मुकुंद नायक ने भी विचार रखा। इससे पूर्व स्वागत भाषण इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, रांची के रीजनल डायरेक्टर डॉ सपम रणबीर सिंह ने दिया। कार्यक्रम का समापन इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स की कार्यक्रम सहायक सुमेधा सेनगुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## आज का राशिफल
### 20-03-2023

मेष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कार्यभार बढ़ने से थकान का अनुभव कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता का अभाव और मन के चिंताग्रस्त होने से असमंजस की स्थिति रहेगी। स्वास्थ्य को लेकर सावधानी रखें। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

वृषभ राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक होगा। मन बहुत संवेदनशील रहेगा एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्य विस्तार को लेकर आवश्यक निर्णय ले सकते हैं और नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं। कार्यों में अपने प्रयासों से सफल होंगे। सृजनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण कार्य सफलता में सरलता होगी।

कर्क राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक रहने से मन अशांत रह सकता है। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं। कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा।

कन्या राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यों की सफलता के लिए कड़ी मेहनत और भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी। मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। निर्णय लेने में सावदानी बरतें।

तुला राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। सहयोगियों और मित्रों का पूरा सहयोग रहेगा, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगी, जिस मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। दृढ़ मनोबल एवं आत्मविश्वास से हर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा। कला एवं खेल-कूद में निपुण व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा।

धनु राशि : आज का आपका दिन बहुत शुभ है। कार्यक्षेत्र में आशानुकूल सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय बिल्कुल अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा।

मकर राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। आज के दिन आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। इसके साथ ही आपको सरकार विरोधी प्रवृत्तियों, क्रोध एवं कामवृत्तियों से परे रहने की आवश्यकता है। अन्यथा मुसीबत में पड़ सकते हैं। नए संबंध अनिष्टकारक हो सकते हैं। आर्थिक संकट आ सकता है।

कुम्भ राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा। सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। इसलिए कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं। सावधानी बरतें और सभी कार्य मन लगाकर करें।

मीन राशि : आज का दिन हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय के लिए भी दिन लाभदायी रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और आर्थिक लाभ होगा। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी। धर्म-कर्म के कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे।

# भारतीय कृषि को प्रभावित कर रही जलवायु की बदलती परिस्थितियां : डॉ बीके अग्रवाल

## ललगुटुआ के वन उत्पादकता संस्थान में व्याख्यान का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भारतीय कृषि को जलवायु की बदलती परिस्थितियां सबसे अधिक प्रभावित कर रही हैं। इसकी मुख्य वजह लंबे समय से मौसमी कारक जैसे तापमान, वर्षा, आर्द्रता आदि पर निर्भरता है। जलवायु परिवर्तन से तापमान में बढ़ोतरी का कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जल स्रोत और भंडार तेजी से सिकुड़ रहे हैं। इससे किसानों को परंपरागत सिंचाई के तरीके छोड़कर पानी की खपत कम करने वाले आधुनिक तरीके एवं उपयुक्त फसलों की खेती अपनाने की आवश्यकता है। ये बातें बीएयू के मुख्य वैज्ञानिक (मृदा) डॉ बीके अग्रवाल ने कही। वे 18 मार्च को रांची के ललगुटुआ स्थित भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्-वन उत्पादकता संस्थान द्वारा आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे। इसका विषय 'जलवायु परिवर्तन प्रभाव को कम करने में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन : चुनौतियां एवं अवसर' था।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्त्तन से प्रदूषण, भू-क्षरण और सूखा पड़ने से पृथ्वी की तीन चौथाई भूमि क्षेत्र की गुणवत्ता कम हो गई है। भारतीय कृषि को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक प्रभावी एवं अनुकूल बनाने के लिए कृषि से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए टिकाऊ खेती पर जोर देना होगा। डॉ अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक जल-स्त्रोतों एवं मृदा संरक्षण पर विशेष ध्यान, फसल एवं क्षेत्रानुसार पोषक तत्व प्रबंधन, भूमि-जल की गुणवत्ता बनाए रखने और शुष्क कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही वैकल्पिक कृषि पद्धति के तहत जोखिम प्रबंधन, कृषि संबंधी ज्ञान सूचना एवं प्रौद्योगिकी पर विशेष बल देनी होगी। व्याख्यान में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून अधीन देशभर में कार्यरत करीब 40 तकनीकी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

व्याख्यान का आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास योजना अधीन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वन उत्पादकता संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अंशुमन दास ने किया।

# प्रदेश अंगिका समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को लॉर्ड फॉस्टर स्कूल पिस्का मोड़ रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अंगिका समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन रजक ने की। इसमें भौतिक एवं वर्चुअल रूप से उपस्थित होकर सदस्यों ने विचार विमर्श में भाग लिया। बैठक का संचालन डॉ श्रीमोहन सिंह, महासचिव ने किया। महासचिव ने कृत कार्रवाई रिपोर्ट सभी सदस्यों के बीच रखी। साथ ही, नियुक्ति नियमावली में संशोधन के लिए संताल परगना से आने वाले राज्य के सभी मंत्री एवं विधायकों से संपर्क करके अंगिका को नियुक्ति नियमावली में पुनः शामिल कराने को किये गये अनुरोध संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट भी रखी। इसके बाद बैठक के तय एजेंडे के अनुसार सदस्यों से विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये।

इस बैठक में लक्ष्मण झा, जामताड़ा, शंभु नाथ ठाकुर, साहिबगंज, डॉ प्रदीप प्रभात, गोड्डा, राम रंजन सिंह, पाकुड़, गौतम कुमार ठाकुर, दुमका, नवीन चंद्र चौधरी, डॉ एसकेपी सिंह, डॉ निवास चंद्र ठाकुर, डॉ करुणा सागर सिंह, चितरंजन गुप्ता, नरोत्तम प्रसाद सिंह, अनिल कुमार चौधरी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, बिभाष मिश्र, देवेश कुमार सिंह, बच्चन चौधरी, संजय कुमार, अमोद कुमार सिंह, संदीप, शंभु सोलंकी, महानंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# फादर लीवंस जैसे कार्य से दूसरों के जीवन से अंधकार दूर करें : आर्चबिशप टोप्पो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छोटानागपुर के प्रेरित ईश सेवक फादर कोन्सटंट लीवंस एसजे के छोटानागपुर आगमन की 138वीं वर्षगांठ पर रविवार को हुलहुंडू पेरिश अंतर्गत जमगाई गांव में मनाया गया। छोटानागपुर के प्रेरित कहे जाने वाले ईश सेवक फादर कोन्सटंट लीवंस एसजे के 138 वीं वर्षगांठ पर धर्मविधि की शुरुआत घुठिया स्थित माता मरिया के ग्रोटो के समक्ष अतिथियों के स्वागत व रोजरी माला विनती शोभा यात्रा से हुई। तदुपरांत समारोही मिस्सा हुई। तदुपरांत फादर फिलिप मिंज के द्वारा ईश सेवक फादर कोन्सटंट लीवंस एसजे की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की गयी। मिस्सा के उपरांत परमप्रसाद का वितरण किया गया। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने मौके पर अपने संदेश में कहा कि फादर कोन्सटंट लीवन्स ने छोटानागपुर की जमीं पर 138 साल पूर्व ख्रीस्तीय विश्वास का जो बीज बोया था, उसे हमें आगे बढ़ाना है और उस विश्वास को जीना है। छोटानागपुर की धरती पर उन्होंने जो ज्योति जलाकर हमें अंधकार से प्रकाश में लाने का काम किया है, वैसे कार्य और ज्योति से हमें दूसरों के जीवन से अंधकार को दूर करना है।

# फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस की वर्किंग कमिटी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस की वर्किंग कमिटी की बैठक रांची में रविवार को संपन्न हुई। इसमें फेडरेशन के अध्यक्ष नीलेश पवार, महासचिव सुनील कुमार, चैयरमैन संजय कुमार दास, सलाहकार बीएल मदुर और कोषाध्यक्ष गणेश कुमार पांडेय समेत देशभर में अधिकारियों के हितों को लेकर संघर्षरत सभी 17 इकाइयों के महासचिव व फेडरेशन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन के सलाहकार और झारखंड राज्य इकाई के महासचिव सुनील लकड़ा ने भगवान बिरसा मुंडा की भूमि पर सभी का स्वागत किया और पहली बार झारखंड राज्य में यह बैठक आयोजित होने पर फेडरेशन का आभार प्रकट किया।

फेडरेशन के प्रेसिडेंट नीलेश पवार ने झारखंड राज्य इकाई द्वारा किये गये भव्य आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बैंक के कारोबार में वृद्धि हम सभी अधिकारियों की पहली प्रथमिकता है और यही कारण है कि पिछली तीन तिमाहियों में हमारा प्रदर्शन काफी उत्साहवर्धक रहा है। फेडरेशन, अधिकारियों के हितों को लेकर मजबूती से संघर्ष करता आ रहा है और आगे भी इसी तरह करता रहेगा। हर जरूरी मांगों को बैंक प्रबंधन के समक्ष उठाया जाता है और उसे लागू करवा कर अधिकारियों के हितों को सुरक्षित रखा जाता है।

महासचिव सुनील कुमार ने झारखंड की भूमि और भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि हमारा फेडरेशन केवल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बैंकिंग जगत के अधिकारियों को लेकर भी सजग है। महासचिव सुनील लकड़ा ने बताया कि इसके बाद कार्यसूची के अनुरूप लंबी चर्चा हुई और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## खबर एक नजर में

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक हुई

**रांची।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का मासिक बैठक रविवार को दिन में 11:30 बजे से श्री रामकृष्ण होटल में आयोजित किया गया। आज संगठन में सदस्यों को जोड़ने पैर विशेष चर्चा की गयी। इचाक निवासी सुजीत मोदी के भतीजे का सीजीएल एसएससी में प्रथम स्थान हासिल करने पर सभी ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। अगली बैठक में उन्हें सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। आज की बैठक में कैप्टन डीडी सिंह, अध्यक्ष, एचएफओ एसपी सिंह, सूबेदार मेजर हरिहर प्रसाद, सूबेदार एसके सिंह उपाध्यक्ष, सूबेदार बरला, सूबेदार अवध प्रसाद, सार्जेंट आरपी सिंह, हवलदार अनिल सिंह सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### जून में होगा ब्राह्मण महासंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राम्हण महासंघ के केंद्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों की रविवार को जूम बैठक हुई। इसमें प्रस्तावित ब्राम्हण महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने और संचालन संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य डा. विजय प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तिथि को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करते हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एक और 2 जून को करने का निर्णय लिया गया, जिसमें विभिन्न समिति का गठन एवं सम्मेलन की सफलता के लिए निर्णय लिया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, संरक्षक आचार्य लक्ष्मीनारायण पांडेय, ज्ञानवर्धन मिश्र समेत अन्य ने कई सुझाव रखे। अगली तैयारी बैठक 2 अप्रैल को रांची में होगी।

### पंचवटी मैदान महावीर मंडल धुर्वा की पुरानी कमेटी भंग, नयी गठित

**रांची।** पंचवटी मैदान महावीर मंडल धुर्वा रांची की बैठक रविवार को पंचवटी काली मंदिर प्रांगण में किया गया। इसमें पुरानी कमिटी को भंग कर राजीव रंजन की अध्यक्षता में नयी कमिटी का गठन किया गया। नयी कमिटी के द्वारा प्रस्ताव लाया गया की पंचवटी मैदान धुर्वा में सारे अखाड़ों के द्वारा झंडा लाने के बाद जिस अखाड़े का झंडा बड़ा और सुन्दर होगा उस अखाड़ा को प्रथम, द्वितीय और तीसरा पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा सभी अखाड़ों के सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। पंचवटी मैदान महावीर मंडल, धुर्वा की नयी कमेटी में संतोष सिंह को संरक्षक. राजीव रंजन को अध्यक्ष, रमेश सिंह और पिंटु सिंह को सचिव, अमित सिंह, मिथिलेश सिंह और संतोष सिंह को महामंत्री, अमर और धर्मेन्द्र मिश्रा को कोषाध्यक्ष और बिनय, मनोज, अनिल, आशिष, बिजय ,बिट्टू, सुमन और मंटु को सदस्य बनाया गया है।

### श्री कृष्ण प्रणामी ने किया अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**रांची।** समाजिक व धार्मिक संस्था एम. आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा के द्वारा रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 78 श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का वितरण किया गया। जिसमें मंदिर के आसपास रहने वाले लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगीं एव बिष्णु सोनी के द्वारा भंडारे का विधिवत वितरण उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव प्रणामी समाज के संत महात्माओं और गुरू महाराज की तस्वीर पर चंदन-वंदन किया गया। आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन अपने पति एव अपने परिवार के ब्रशलीन पूर्वजो की स्मृति पर श्री विधा देवी अग्रवाल एव उनके परिवार के सौजन्य से की गयी थी।

# चालीसा का पुण्य काल अपने कर्मों का बही खाता दुरुस्त करने का समय : कुलदीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चालीसा का समय प्रत्येक मसीही को इस बात पर चिंतन मनन करने का अवसर है कि हमने अपने जीवन में क्या किया। हमने किसी से धोखाधड़ी तो नहीं की, क्योंकि हम में से प्रत्येक को अपने कर्मों का हिसाब परमात्मा को देना है। इसलिए चालीसा के पावन काल में ख्रीस्तीय विश्वासियों को चाहिए कि वे अपने कर्मों का बही खाता दुरुस्त रखें । रांची महाधर्मप्रांत के यूथ कोऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने चालीसा के संबंध में यह जानकारी देते हुए बताया कि इसे समझने के लिए इस कहानी पर ध्यान दें।

एक गाँव में एक किराने की दुकान थी। उसके पास दूसरे गाँव का एक ग्रामीण हफ्ते में एक बार आता था और उसे 5 किलो देसी घी दे जाता था। बदले में दुकानदार से वह व्यक्ति 5 किलो चावल और 5 किलो गेहूं ले जाता था। यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा था।

एक बार दुकानदार ने सोचा मैं गांव वाले से 5 किलो घी का डिब्बा यूं ही ले लेता हूं उसे तोलता नहीं हूँ। इस बार तौल कर देखता हूँ कि यह 5 किलो घी देता है भी या नही। जब उसने घी तोला उसमें साढ़े 4 किलो घी निकला। दुकानदार को बड़ा गुस्सा आया। उसने इसकी शिकायत पंचायत में कर दी।

पंचायत के सामने ग्रामीण ने कहा कि इसमें मेरी कोई गलती नहीं है। मेरे पास वजन तोलने के बाट नही हैं। मैं इनसे 5 किलो चावल और 5 किलो गेहूं ले जाता हूँ। उन्हीं में से 5 किलो चावल या 5 किलो गेहूँ तराजू में एक तरफ रखता हूं और दूसरी तरफ उतना ही घी रख उसकी माप करता था। अब आप उनसे पूछो की यह 5 किलो चावल या गेहूँ मेरे को पूरा देते थे या नही। पंचायत को जब दुकानदार की इस सच्चाई का पता चला तो दुकानदार पर बेईमानी करने का जुमार्ना लगाया और उसे ग्रामीण को देने को कहा। इसीलिए कहा गया है जैसा करोगे, वैसा भरोगे। अर्थात समेय रहते हमें अपने कर्मों का आत्ममूल्यांकन करते हुए अपने आचरण का बही खाता दुरुस्त रखना चाहिए।

# तीन दिवसीय महान गुरमत समागम का हुआ समापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वावधान में गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा वैसाखी के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय महान गुरमत समागम के अंतिम दिन रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी,रातू रोड गुरुद्वारा साहिब में दिन के 10:45 बजे से 3:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा प्रस्तुत शबद गायन ... साहब मेरे एको है एको है भई एको है..., तथा तुझ बिन अवर ना जांड़ा कोई..., से हुई । तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी एवं साथियों ने गुर तेग बहादुर सिमरिये घर नौ निध आवे धाये सब थाई होए सहाय... आदि शबद गायन कर संगत को गुरुवाणी से जोड़ा। समागम में विशेष रुप से पधारे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवनीत सिंह जी चंडीगढ़ वाले ने विभिन्न रागों में माधो हम ऐसे तुम कैसा हम पापी तुम पाप खंडन निको ठाकुर देसा ... आदि लगातार दो घंटे शबद गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस तीन दिवसीय आयोजन के लंगर सेवा में अशोक गेरा,सुरेश मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, राजकुमार सुखीजा आदि की विशेष भागीदारी रही।

# सभी को अपनाने और मिलने से बना है भारत : रौशन शमीम

## विविधता, समानता और समावेशन पर रोटरी क्लब के सेमिनार का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में रविवार को पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट रांची में विविधता, समानता और समावेशन पर रोटरी क्लब का डिस्ट्रिक्ट सेमिनार का आयोजन किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी, डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर, प्रोजेक्ट चेयरमेन मुकेश तनेजा क्लब अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, मानिंद सचिव हितेश भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य देश की वर्तमान परिस्थितियों और आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए रोटरी की तैयारियों से सभी को अवगत कराना है।

मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा समाज आज भी कई वजहों से बंटा हुआ है। जिसमें जाति, रंग, धर्म, दिव्यांगता और क्षेत्रवाद मुख्य है। भारत देश में इस तरह की स्थिति का होना आश्र्यजनक हैं, क्योंकि हमारी परंपरा सदा सबको अपनाने वाली रही है। मंगोलियन, यहूदी, क्रिश्यिन, पारसी, सिंधी, तिब्बती, मुस्लिम सभी को इस देश ने अपनाया। सभी के मिलने से कारवां बनता गया। भारत ऐसे ही बना है।

प्रोजेक्ट चेयरमेन मुकेश तनेजा ने कहा कि रोटरी में हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें विविधता, समानता और समावेशन का अनुकरण और समावेश होना चाहिए। प्रोगाम कॉर्डिनेटर मनोज तिवारी ने कहा कि एक विविध, न्यायसंगत और समावेशी संस्कृति के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एकजुट होकर स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास करने की जरूरत है।

डिस्ट्रीक रोटरी ट्रेनर पूर्व गवर्नर आर भारत ने कहा कि हम विविधता को महत्व देते हैं। इसलिए उम्र, जाति, नस्ल, रंग, अक्षमता, शैली, धर्म, आस्था, सामाजिक आर्थिक स्थिति, संस्कृति, भाषा, लिंग से परे होकर सभी पृष्ठभूमि के लोगों के योगदान को स्वीकारते हैं। रोटरी सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम एक समावेशी संस्कृति बनाने का प्रयास करते हैं। सेमिनार में पूर्व गवर्नर संदीप नारंग, अजय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, रोनी डीकोस्टा, राजीव मोदी, बिंदु सिंह, विवेक कुमार, राजन गंडोत्रा, प्रतिम बनर्जी, एसपी बागड़िया, विपिन चाचन, शिल्पी चाचन, असिस्टेंट गवर्नर अनंत सिन्हा, हेमंत गुप्ता, अजयदीप वाधवा, एसके मल्होत्रा, भंडारी लाल, सुमित अग्रवाल, रेखा सिंह, हरमिंद्र सिंह, आदित्य मल्होत्रा, अमित अग्रवाल, विनय छापड़िया, संजय कश्यप, प्रदीप चड्ढा, प्रदीप बहल, गिरीश अग्रवाल, लोकेश साहू, गौरव बागराय उपस्थित थे।

# वाईबीएन विवि की लाली पंचायत में जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** नामकुम प्रखंड कार्यालय एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने लाली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जागरूकता रैली आयोजित की। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच जागरूकता फैलाने एवं योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने को लेकर यह रैली आयोजित की गयी थी।

योजना के बारे में बताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नामकुम, ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि इस योजना के तहत हर लाभार्थियों को 3 अलग-अलग किस्तों में 40-85-05 हजार करके 1 लाख 25 हजार रुपये आवास बनाने के लिए दिये जा रहे हैं एवं मनरेगा से मजदूरी की राशि दी जा रही है। सभी चयनित लाभार्थियों को आवास योजना की राशि मिलते ही अपना घर बना लेना है। उन्होंने ग्रामीणों को बिचौलियों से सावधान करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आवास दिलाने के नाम पर रुपये की मांग करे, तो तुरंत इसकी जानकारी उन्हें दें। बिचौलिये को किसी भी कीमत पर एक भी रुपये नहीं दें। छूटे हुए सभी 57 लाभुकों को 31-03-23 तक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

वृद्धा पेंशन योजना के छूटे हुए लाभुकों को भी चिह्नित कर पेंशन फॉर्म भरने को कहा गया। जानकारी देते हुए नामकुम प्रखंड के बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि अब समाज का कोई भी व्यक्ति, जो 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र का वृद्ध हो तथा अन्य पेंशन धारक नहीं हो, समाज की कोई भी परित्यक्त महिला/विधवा/निराश्रित हो, दिव्यांग, आदिम जनजाति का हो, एचआइवी पीड़ित हो, उसे राज्य सरकार पेंशन दे रही है। महीने के पहले सप्ताह में ही पेंशन का भुगतान लाभुक के खाते में किया जा रहा है। भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को वाईबीएन विवि द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं भारत सरकार के उन्नत भारत अभियान के तहत लाली पंचायत में टीबी मरीजों के बीच राशन वितरण फूड बास्केट के माध्यम से किया गया। विवि अगले 6 महीनों तक हर महीने लगातार फूड बास्केट उपलब्ध करायेगा।

# प्रकृति का उपासक है आदिवासी समाज: माधुरी मंजरी

## सरहुल पूर्व संध्या में दिखी आदिवासी कला-संस्कृति की झलक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** ऐतिहासिक राजकिला स्थित मैदान में सरहुल पूजा समिति की ओर से सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। महोत्सव में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आदिवासी कलाए संस्कृति और पारंपरिक एकता की झलक देखने को मिली। मांदर की थाप पर युवा खूब थिरके। गीत-संगीत से माहौल गुंज उठा। राजकुमारी माधुरी मंजरी बतौर मुख्य और राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, प्रमुख संगीता तिर्की व सरना प्रार्थना सभा के रवि तिग्गा विशिष्ट अतिथि थे। श्रीमती मंजरी ने आदिवासियों को प्रकृति का उपासक बताया। श्रीमती माजी ने सरना धर्म कोड और स्थानीयता के लिये संसद में आवाज बनने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं श्री शाहदेव ने आदिवासी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये समाज के युवाओं की जमकर तारीफ की। इसके उपरांत अतिथियों ने खोड़हा टीमों को नगाड़ा भेंट की। इससे पूर्व उन्होंने शहीद वीर बुधु भगत, स्व कार्तिक उरांव, युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव व बिरेंद्र भगत आदि विभूतियों की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। संचालन सुशांत तिर्की, अर्जुन गोप और सोमनाथ उरांव ने किया। स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष अमर उरांव ने दिया। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इसकी कमान थानेदार सपन महथा ने संभाली।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

डॉ लक्ष्मण उरांव, कामरुक हक, संगम उरांव, आशुतोष तिवारी, विपिन टोप्पो, चमरा मिंज, सीताराम साहू, हाजी मंसुर आलम, अमित तिवारी, सुरेंद्र साहू, लक्ष्मी भगत, मिथलेश दुबे, राज कुमार वर्मन, हरि प्रसाद साहू, बिमल उरांव, नीलम तिर्की, फुलमनी देवी, दामोदर मिश्र, शिवपूजन साहू, रेणु तिर्की, संजीत गोप, ललित ओझा, कुशल उरांव, गंगू पाहन, सीमा देवी, मकसुदन उरांव, सुखदेव उरांव, वरुण उरांव, संध्या उरांव, नारायण उरांव, प्यारी उरांव, आशीष गोप, मालती मुंडा व मेरी तिर्की।

### कला की छटा बिखेरी



रांची, खूंटी, गुमला व लोहरदगा समेत बेड़ो, लापुंगए चान्हो, मांडर, नगड़ी, बड़काटोली, कुंबाटोली, जामुनटोली, हेहल, मरियातु, बिजुलिया, अगड़ू, भोंडा, तिलता, फुटकलटोली, पिर्रा, सिमलिया, हुरहुरी, फेटा, चिल्दाग, गुटवाटोली, होचर, पतराटोली, कोकड़े, तारूप, मुरचू, मखमंदरो, बाड़ी टोली, चितरकोटा, काटू, लहना, बेलांगी, काठीटांड़, सरना नगर, पाली, पंडरा, बाजपुर, तिगरा, बाड़ीटोली, गुडू व कमड़े आदि।

### इन्होंने निभायी भूमिका

विश्वनाथ उरांव, हुसे उरांव, देविया उरांव, तुलसी उरांव, रुक्मणि एक्का, सुकरा उरांव, गोयंदा उरांव, छोटू उरांव, रीता भगत, प्रेम उरांव, सोनी कच्छप, चारो उरांव, अहिल्या कच्छप, अनिल उरांव, महावीर विश्वकर्मा, पुनम लिंडा, बिरेंद्र उरांव, हीरा उरांव, रवि उरांव, ज्योति भगत, सरोज तिग्गा, नमिता उरांव, जयश्री कुमारी, सरिता उरांव, दिनेश तिग्गा, संदीप तिर्की, बिष्णु उरांव, रंजीत खलखो व प्रतिमा बाड़ा।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**इटकी।** नाबालिग युवती के साथ छेड़छाड़ करने व फोटो वायरल करने के फरार चल रहे आरोपी इटकी रहमत नगर निवासी आफताब उर्फ बाबू को इटकी पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रजनी रंजन के मुताबिक आफताब के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वह पिछले करीब चार वर्षो से फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे घर से गिरफ्तार किया गया।

### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी कर्क रेखा बोर्ड

**ओरमांझी।** झारखंड के राज्यपाल रहते वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने जिस कर्क रेखा बोर्ड का उद्घाटन किया था, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। एनएच-20 रांची रामगढ़ रोड स्थित ओरमांझी के उकरीद स्थित जहां से कर्क रेखा गुजरी है, उस स्थान पर चिन्हित करते हुए कर्क रेखा बोर्ड लगाया गया था। उसके ठिक सामने मुस्कुराई, आप कर्क रेखा से गुजर रहे हैं का भी एक बोर्ड लगा। वह सुरक्षित है। वहीं मार्ग से गुजरने वाले जहां पर कर्क रेखा बोर्ड था। वहां रूक का सेल्फी व तस्वीर लेते थे। कर्क रेखा बोर्ड तोड़े जाने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। प्रशासन से बोर्ड तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### इटकी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**इटकी।** इटकी स्थित संत स्टीफेन बालक मध्य विद्यालय प्रांगण में रविवार को रांची के संत बरनाबास अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब दो सौ लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर जरुरतमंदों को दवा दी गयी। शिविर में डॉ केनथ सोयए डॉ मृत्युंजयए डॉ निशांत कंडुलनाए डॉ मार्शल लुगुनए डॉ आलोक प्रवीण एक्काए डॉ अमित सिंह मुंडाए डॉ मधुलिका होरोए डॉ सुनीता सांगाए डॉ निर्मला मुंडूए डॉ इरिश उमंग तिर्कीए डॉ एवा लकड़ा व डॉ सीएम तिग्गा ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच किया। शिविर को सफल बनाने में पिटर मिंज व निशित तिग्गा ने सहयोग किया।

### मध्य विद्यालय मांडर में आकलन सह जांच परीक्षा आयोजित

**मांडर।** मध्य विद्यालय मांडर में रविवार को बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत आकलन सह जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित इस परीक्षा में प्रखंड के 18 विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के 79 नवसाक्षर परीक्षार्थी शामिल थे। प्रखंड साक्षरता कार्यक्रम प्रबंधक अजीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए 112 नवसाक्षरों ने फार्म भरा था। परीक्षा को संपन्न कराने में केंद्राधीक्षक अरोमा खाखा, वीक्षक आताऊलाह अंसारी, शाहीन परवीन, लिली पोलीना खलखो, फरहत बानो, सुगीता टोप्पो, सैमुन खातून, सुनैजी परवीन, मेहजबी खातून ने सहयोग किया।

### साक्षरत विभाग के पदाधिकारी निरीक्षण को पहुंचे ओरमांझी

**ओरमांझी।** भारत सरकार साक्षरता विभाग व स्कूली शिक्षा के सहयक पदाधिकरी धनंजय चावला रविवार को ओरमांझी पहुंचे। उन्होने ओरमांझी के राज्यकीय मध्य विद्यालय चकला में आयोजित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी परीक्षा का निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला व जिला शिक्षा सह जिला नोडल पदाधिकारी कामेश्वर सिंह भी पहुंचे थे। सभी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किए और परीक्षा लिख रहे लोगों से बाते भी की।

### खलारी:यज्ञ अनुष्ठान 21 अप्रैल से

**खलारी।** करकट्टा बस्ती देवी मंडप में यज्ञ अनुष्ठान 21 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा सुबह 7 बजे होगी। मंदिर के कमिटी ने बताया कि 21 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# वज्रपात से छात्रा की मौत, दो पशु भी मरे

## ट्रांसफारमर जलने से पूरे क्षेत्र में अंधेरा

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक छात्र के घर पहुंचे मुखिया व अन्य।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में वज्रपात की अलग-अलग घटना में एक छात्र की मौत हो गई। दो पशुओं की भी जान चली गई। वहीं चार बिजली ट्रांस्फार्मर जलने की भी सूचना है। शनिवार को लगभग चार बजे के करीब हल्की बारिष के साथ व्रजपात हुई थी। बड़ागगारी निवासी कमल बेदिया का 13 वर्षीय बेटा धनंजय बेदिया बारिश शुरू होने पर खेत में भिंग रहे पशुओं को लाने चला गया। तभी वह वज्रपात की चपेट में आ गया। खेत से पशुओं को लेकर नही लौटने पर उसकी मां मालती देवी देखने गई। अपने बेटे को खेत में गिरा देख मां रोने-बिलखने लगी। तभी ग्रामीण दौड़ते हुए पहुंचे और धनंजय को उठा कर घर ले गए। तबतक उसकी मौत हो चूकी थी। बताया गया कि धनंजय बेदिया शहीद टिकैत उमरांव सिंह उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटगा में छठी कक्षा में पढता था। घटना के दूसरे दिन रविवार को मुखिया धनराज बेदिया सहित कई लोग मृतक के घर पहुंचे, और घटना के प्रति दुख जताया। दूसरी ओर सदमा में वज्रपात की चपेट में आकर बहेरा टोला निवासी पचु मुंडा के दो गाय की भी मौत हो गई है। शाम सात बेज हुई घटना के संबंध में बताया गया कि पचु मुंडा की मां झंझो देवी दोनों गाय को चरा कर लौटी और घर के समीप बांस में बांध दी थी। शाम को हुई अचानक वज्रपात दोनो गाय की मौत हो गई।

### मुखिया ने अधिकारियों को दी जानकारी

सूचना मिलने के बाद पहुंचे मुखिया सुनील उरांव ने सीओ, बीडीओ व प्रखंड पशु चिकित्सक को घटना की जानकारी दी। वहीं पशु चिकित्सक डॉ विश्वनाथ टोप्पो द्वारा घटना स्थल पहुंच कर मृत पशुओं का निरीक्षण किया गया। मुखिया ने बताया किसान पचू मुंडा काफी गरीब है और स्वजन किसी प्रकार जीवन यापन करते है। सीओ से मुआवजा दिलाने का आग्रह भी किया गया है। इधर गगारी में चार बिजली ट्रांसफारमर जल जाने की भी सूचना है।

# धुर्वा डैम से महिला और अनगड़ा से अज्ञात युवक का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम से सटे छोटा डैम से नगड़ी पुलिस ने रविवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया । मृत महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। रविवार को सुबह मार्निंग वाक पर निकले कुछ लोगों की नजर डैम के पानी पर तैरते हुए शव पर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना नगड़ी थाने को दी। सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो, एस आई इन्द्र देव उरांव पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। महिला का शव चार पांच दिन पुराना लग रहा था। पानी में डूबे रहने के कारण शव पुरी तरह फूल चुका था। महिला के शरीर में केवल पेटीकोट और ब्रा था। मृतक के सीर में चोट के निशान भी मिले हैं।

### सालहन पुल के नीचे से युवक का शव बरामद

**अनगड़ा।** राजधानी रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र स्थित सालहन पुल के नीचे से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद अनगड़ा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में अनगड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक का शव सालहन पुल के नीचे पानी में तैर रहा था, इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक की शव को बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की गई लेकिन इस युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर में

### भाजपा सांसद पहुंचे दिवड़ी मंदिर, मत्था टेका

**तमाड़।** झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू प्राचीनकालीन सोलहभुजी मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता के चरणों में माथा टेक झारखंड भाजपा की संगठन मजबुती हेतु आशीर्वाद मांगा। प्रदेश प्रभारी के दिउड़ी पहुंचने पर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल आदि शामिल हैं।

### जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रचार रथ रवाना



**इटकी।** इटकी कृषक एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रचार रथ को मुखिया रीता देवी ने रविवार को कुंदी रोड स्थित कंपनी के ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ इटकी प्रखंड के विभिन्न गावों में जाकर ग्रामीणों को नेपियर ग्रास, हाथी घास की खेती, बायोमास व जैविक खेती सहित अन्य कई जानकारी उपलब्ध करायेगा। मौके पर इटकी कृषक एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक अजय कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इटकी कृषक एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड व एमसीएल मुंबई संयुक्त रूप से इटकी प्रखंड के कुंदी गांव में एमकोल बनाने की फैक्ट्री लगाये जाने की योजना है। मौके पर राकेश कुमार, तिलक कुमार, अब्दुल वहाब अंसारी व बिमल केरकेट्टा सहित अन्य मौजूद थे।

### वनों की रक्षा के लिए पेड़ों में बांधी राखी

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के समीपवर्ती क्षेत्र बुंडू में समाजसेवी पंचायत प्रतिनिधियों सहित वन संरक्षण समितियों द्वारा वन जंगल बचाने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया स जन जागरूकता अभियान में बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा वन के पेड़ों पर राखी बांधकर इसकी सदैव रक्षा करने का संकल्प लिया गया। जन जागरूकता अभियान के दौरान आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आसपास के समीपवर्ती सभी गांव में पेड़ों की कटाई सहित वन क्षेत्रों में पतवार जलाने को लेकरआग लगाए जाने की तीव्र विरोध करते हुए वनों में औषधीय पौधों के नष्ट होने से मनुष्य द्वारा व्यवहारिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले वन औषधियों के संरक्षण एवं छोटे छोटे जीव जंतु की रक्षा को लेकर ग्रामीणों को संकल्प दिलाया गया।

### कलश यात्रा के साथ अखंड हरिकीर्तन शुरू

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मसियातु गांव में शनिवार को कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अखंड हरि कीर्तन में मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर भी शामिल हुई। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन के आयोजन से लोगों में आस्था बढ़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयप्रकाश मिश्रा, रामानुज सहाय, चुन्नी राम भगत, जितेंद्र सहाय, गौतम साय, राजेंद्र सिंह, कुलदीप उरांव, चेतन मुंडा, इंद्र झा मुंडा, सतीश साय, पूनम सिंह सहित ग्राम वासियों ने सहयोग किया।

### नौकरी की मांग पर तीन अप्रैल को ट्रेन रोकेंगे विस्थापित रैयत

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा गंझू टोला हेसालोंग में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण लोहरा ने कियाण बैठक में चर्चा किया गया कि पिपरवार प्रबंधक के द्वारा दिये गए अस्वाशन विफल साबित हुआण प्रबंधन के कहनी और कथनी दोमुहवा सांप की तरह हैण पिपरवार प्रबंधन ने कहा था कि सीसीएल राजधर रेल लाइन परियोजना में रैयतों की ली गयी जमीन के बदले 23 मार्च तक नौकरी व मुआवजा दे दिया जायेगाण लेकिन प्रबंधन के तरफ से कोई उचित ठोस कदम नही दिखाई दिया। प्रबंधन के कुटिल रवैये से नावाडीह, हेसालोंग, गंझूटोला, प्यार टांड़ ,कोंनका, मायापुर महुल्या के रैयतों ने राजधर रेल लाइन तीन अप्रैल से बाधित करने का निर्णय लिया गया है।

### मांडर: कैंबो गांव में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मिलन समारोह

**मांडर।** प्रखंड के कैम्बो गांव में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अगुवाई अध्यक्ष बसंत साही ने की। मिलन समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह, प्रवीण सिंह, प्रवीण कुमार, सुधीर साही, नीरज सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए क्षत्रिय समाज के लोग शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा कि आज का क्षत्रिय विपरीत परस्थिति में जीने को मजबूर है। आज के समय में क्षत्रियों के त्याग और बलिदान को भूल कर उन्हे मिट्टी में मिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जागने का समय आ गया हैए हम और शोषण बर्दाश्त नहीं कर सकते। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले हमारे बच्चे हमें माफ नही करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज का एक भी घर कमजोर होगा तो समाज कमजोर होगा, इसलिए समाज को मजबूत करने के लिए एक एक घर को मजबूत करना ही होगा। अन्य वक्ताओं ने आर्थिक आधार पर आरक्षण की वकालत की।

### चैती दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का गठन

**खलारी।** लपरा शिव मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक किया गयाण बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र नाथ पांडेय ने किया। बैठक में आगामी चैती दुर्गा पूजा को लेकर चर्चा किया गया। चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक कमिटी के गठन भी किया गया। जिसमे अध्यक्ष अविनाश पांडेय, उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, आशीष चौरसिया, प्रदीप यादव, सचिव गौरव पांडेय, सह सचिव अभिषेक पांडेय, मनीष कुमार, सुबोध रजक, कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुनील गिरि, कार्यकारी मधुसूदन चौरसिया, संरक्षक अमित गुप्ता, जितेंद्र नाथ पांडेय आदि शामिल हैं।

# अनुप कुमार अध्यक्ष और गोपाल मिश्र बने सचिव

## महादेव टंगरा में रामनवमी पूजा समिति का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा मंदिर विकास समिति की बैठक कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुयी। इसमें समिति से संबद्ध 32 गांव के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 30 मार्च को आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी साम्प्रदायिक सद्भाव और उल्लास के साथ मनाने तथा कमेटी के गठन पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। अनुप कुमार अध्यक्ष, सोमेश कुमार मिश्र उपाध्यक्ष, गोपाल मिश्र सचिव, अमृत महतो उप सचिव, हेमंत महतो कोषाध्यक्ष, अखिलेश मिश्र उप कोषाध्यक्ष तथा ललित कुमार मीडिया प्रभारी चुने गये। सदस्यों ने नवगठित कमेटी के पदधारियों का बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संचालन कुशवाहा शिवचरण मेहता ने किया। मौके पर सुरेंद्र महतो, संतोष कुमार, रामनंदन महतो, रमेशचंद्र महतो, रामबालक ठाकुर, चूड़ामणि महतो, इंद्रदेव महतो, परमदीप महतो, रंजीत महतो, अनिल उरांव, बुद्धनाथ प्रमाणिक, शिव प्रजापति, सूरज साहू, गणेश शंकर मिश्र, शचींद्र कुमार सिंह, पंचम महतो, बिनोद कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पढ़ाई के साथ संस्कारिक शिक्षा जरूरी

## ● माउंट हेरा स्कूल इरबा का वार्षिक महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** माउंट कार्मेल स्कूल इरबा में रविवार को 8वीं वार्षिक महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम इज्जत का सलामत है पर्दा, मुस्लिम कॉम की बेटियां हूं पर्दा करती हूं, पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ सरहाना किए। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी नौषाद आलम ने पढाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा किसी भी समाज के विकास में षिक्षा महत्वपूर्ण है। लेकिन समाज के सर्वव्यापी विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए समाज की भूमिका जरूरी है। उन्होने माउंट हेरा स्कूल व बच्चों की प्रस्तुती की सरहाना की और क्षेत्र के बुद्धिजीवी व समाजिक कार्यकताओं से आदर्ष समाज निर्माण करने में सहयोग की अपील किया। वहीं स्कूल के निदेशक आफताब आलम बबलू ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया और कहा आज बच्चे शिक्षा तो ले रहे हैं।

### ग्रीन प्लेटो स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के ष्सुहाना सिटीष में बच्चो का ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आयोजन ष्ग्रीन प्लेटो पब्लिक स्कूल बालू के द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कांके क्षेत्र के लगभग एक सौ बच्चे ने भाग लिया प्रतियोगिता में 3 से 5 वर्षए 6 से 8 वर्षए 9 से 10 वर्ष के बच्चे के लिए अलग.अलग ग्रुप बनाकर प्रत्येक ग्रुप में चार-चार बच्चे को पुरस्कृत किया गयाए बाकी बच्चे को गिफ्ट दिया गया।

# 30 मार्च को होगा स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैक्लुस्कीगंज।** थाना क्षेत्र से सटे निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति स्मारक समिति की बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता डुमारो पंचायत के मुखिया सुनीता खलखो ने की।बैठक में 30 मार्च को नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव मनाने के लिए निर्णय लिया गया। जिसमें पहले समिति को भंग करते हुए नई समिति गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमे सरंक्षक चंदवा जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवीए अध्यक्ष शिव शंकर टाना भगतए कार्यकारी अध्यक्ष मुखिया सुनीता खलखोए उपाध्यक्ष पंचायत समिति सदस्य संगीता देवीए भुनेश्वर प्रजापतिए लाला उरांवए महासचिव सुखदेव गोपए महामंत्री एतवा टाना भगतए संगठन सचिव सुशील तिवारीए कोषाध्यक्ष रोहित यादवए उपकोषाध्यक्ष रामचरितर टाना भगत सचिव शंकर टाना भगतए उपसचिव फूलचंद मुंडाए संयुक्त सचिव सुरेश टाना भगतए उपसचिव बसंत मिस्त्री, सांस्कृतिक संगठन सचिव चंद्रमा टाना भगत शामिल हैं।

# सरहुल शोभा यात्रा में दिखी संस्कृति की झलक

## ककरिया में सरहुल शोभा यात्रा सह मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया में सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह के दौरान मांदर की थाप पर संस्कृति थिरक उठी और परंपरा नाच उठा। पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह के दौरान जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि संपूर्ण विश्व का जीवन प्रकृति पर निर्भर है। जब तक प्रकृति है तब तक हमारा जीवन भी सुरक्षित है। लोग बेतहाशा जंगलों की कटाई बंद करें और प्रकृति की रक्षा करें तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। सरहुल पूजा के दौरान बतौर मुख्य वक्ता प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सरहुल खुशहाली समृद्धि शांति और सद्भाव का संदेश लेकर आई है। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति की रक्षा के बारे में मंथन करने की जरूरत है। वहीं विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा ने कहा कि सरहुल पर्व पर आदिवासियों और सदानों की एकजुटता अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सरहुल हमारे जीवन में एक नई उम्मीद और सपने लेकर आती है। पूर्व मुखिया गंगाधर साहु ने लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा का आयोजन खूबसूरत तरीके से किया गया यह एक अच्छा पहल है। सरहुल शोभायात्रा की आगवानी और नेतृत्व करते हुए मुखिया बिरसमणी देवी ने कहा कि ककरिया पंचायत में पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा लोगों के बीच एकता एवं भाईचारा का संदेश दिया है। कार्यक्रम का संचालन गौरव पाठक ने किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ ककरिया अम्बाटोली से किया गया। शोभा यात्रा हाई स्कूल मैदान के पास सभा में परिणत हो गई।

### मिलन समारोह में थे शामिल

सरहुल शोभायात्रा और मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान डाड़ी पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ककरिया के प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव, सहायक अध्यापक मो समीउल्लाह हक, पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश कुमार रामए अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के अध्यक्ष रामशंकर सिंह, अनिल साहु, विधायक प्रतिनिधि रूपेश कुमार पाठक, महावीर राम, उप मुखिया सिलिमा देवी, मुखिया के विशेष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, शिवनारायण वर्मा, इमरान खान, समीर कुमार, महेश साहु, रोहित कुमार सहित कई विशिष्ट लोगों ने अपनी उपस्थिति से मंच का शोभा बढ़ाया। स्वागत भजन सेमला कुसुमटोली की टीम ने किया। वहीं सरना प्रार्थना तथा गीत चापाटोली की टीम ने प्रस्तुत किया।

## खराब प्रदर्शन

भारत की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के बावजूद विभिन्न वैश्विक विकास सूचकांक में भारत का प्रदर्शन खराब बना हुआ है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहाकर समिति के सदस्य संजीव सान्याल के सह-लेखन में छपे एक शोधपत्र में बताया गया है कि ऐसा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुमानों में प्रणालीगत पूर्वाग्रहों के चलते है। शोधपत्र में कहा गया है कि निवेश और व्यापार संबंधी निर्णयों में पर्यावरण, सामाजिक और शासन मानदंडों के बढ़ते इस्तेमाल का मतलब होगा कि पक्षपातपूर्ण आंकड़े तेजी से निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करेंगे।इसमें आगे कहा गया, उपर्युक्त तीन विकास संकेतकों (बाल कुपोषण, महिला श्रम बल भागीदारी दर और जीवन प्रत्याशा) के हमारे परीक्षण से यह पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा भारत के लिए सामाजिक-विकास सूचकांक के अनुमानों में प्रणालीगत पूर्वाग्रह हैं।शोधपत्र के मुताबिक, ह्यह्ययह प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के बावजूद विभिन्न सूचकांक के लगातार नीचे रहने की अधिक व्यापक समस्या का एक उदाहरण हैं। शोधपत्र में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के गलती भरे अनुमान उनकी अपनी वैचारिक अस्पष्टता, दोषपूर्ण मानक और घटिया कार्यप्रणाली के चलते हैं। देश में सरकारें चाहे वे केन्द्र की हो या राज्यों में उनकी राजनैतिक कार्यशैली में चुनाव जीतने के लिये लोकलुभावन क्रिया कलापों की इतनी अधिक भरमार होती है कि देश का मूल विकास की गुम हो जाता है। भारत जैसे देश में गरीबों को सहायता और उद्योग के विकास के लिये माहौल दो बिंदु है जिस पर ईमानदार विश्लेषण और तेज काम करने की आवश्यकता है। लेकिन अब तक की सरकारें सरकारी लालफीताशाही में उलझकर अततः ठोस कार्य कर पाने में सक्षम नहीं रही है।

## ड्रोन से खतरा

य केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है।

# देश के श्रम बाजार की स्थिति खराब



**श्रम** के तीव्र आवृत्ति वाले आंकड़े संकेत दे रहे हैं कि अप्रैल में श्रम बाजार की स्थिति बिगड़ती जा रही है। 30 दिवसीय दैनिक गतिमान औसत अनुमान और महीने के दौरान तीन प्रमुख श्रम बाजार अनुपातों के साप्ताहिक अनुमानों से यह स्पष्ट होता है। ये तीन अनुपात हैं-श्रम भागीदारी दर (एलपीआर), रोजगार दर और बेरोजगारी दर।

संदर्भ के लिए हम लिख रहे हैं कि मार्च 2021 में श्रम भागीदारी दर 40.2 प्रतिशत थी, रोजगार दर 37.6 प्रतिशत थी और बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत थी। श्रम भागीदारी दर वर्ष 2019-20 के औसत से 2.5 प्रतिशत अंक कम थी और इसी अवधि की तुलना में रोजगार दर 1.8 प्रतिशत कम थी। बेरोजगारी दर वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत के औसत से कम थी। अब अप्रैल महीने के अनुमान इन मापदंडों में गिरावट का संकेत दे रहे हैं।

अप्रैल में श्रमिक भागीदारी दर में गिरावट की संभावना नहीं दिख रही है। 30 दिवसीय गतिमान औसत एलपीआर संकेत देती है कि यह अनुपात 15 अप्रैल तक बढ़ रहा था, जब यह 40.8 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया था। फिर इसमें गिरावट आनी शुरू हो गई, लेकिन मार्च 2021 के स्तर के मुकाबले इसमें और गिरावट आने की संभावना नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि मार्च में एलपीआर में गिरावट बहुत तीव्र थी। इस बात की संभावना दिखती है कि यह अनुपात गिरते स्तर पर स्थिर हो जाएगा और अप्रैल में इसमें सुधार नहीं होगा। दिसंबर, जनवरी और फरवरी के दौरान यह एलपीआर 40.5 से 40.6 प्रतिशत के बीच थी। फिर मार्च में यह गिरकर 40.2 प्रतिशत पर आ गई। यहां से इसमें सुधार होने की संभावना नहीं है। 25 अप्रैल तक 30 दिवसीय गतिमान औसत 40.3 था। लेकिन इसमें मार्च का अंतिम सप्ताह और 4 अप्रैल को समाप्त होने वाला सप्ताह भी शामिल है, जिसमें 41.2 प्रतिशत की एलपीआर थी। 11 अप्रैल, 18 अप्रैल और 25 अप्रैल को समाप्त होने वाले बाद के तीन सप्ताह करीब 40.1 प्रतिशत की औसत एलपीआर दिखाते हैं। इसलिए अंतिम सप्ताह में जब तक कोई असामान्य उछाल नहीं आती, अप्रैल की एलपीआर मार्च के अपने 40.2 प्रतिशत स्तर पर स्थिर रहने की संभावना है।

लेकिन अप्रैल में बाजार 40.2 प्रतिशत एलपीआर पर श्रम की आपूर्ति खपाने में असमर्थ लगता है। हालांकि पिछले चार सप्ताह में एलपीआर में गिरावट आई है, लेकिन बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है। 28 मार्च को समाप्त होने वाले मार्च के अंतिम सप्ताह में यह एलपीआर 41.2 प्रतिशत थी और बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत थी। 4 अप्रैल को समाप्त होने वाले इससे अगले सप्ताह में एलपीआर 41.2 पर स्थिर रही, लेकिन बेरोजगारी दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह में श्रम पीछे खिसक गया, क्योंकि 11 अप्रैल को समाप्त होने वाले सप्ताह में एलपीआर घटकर 40.1 प्रतिशत रह गई। इसके बावजूद बेरोजगारी दर निर्मम बनी रही, क्योंकि यह बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गई थी। अगले दो सप्ताह में इस बेरोजगारी दर में गिरावट आई है-पहले यह गिरकर 8.4 प्रतिशत हो गई और फिर 7.4 प्रतिशत। फिर भी मार्च का समापन 6.5 प्रतिशत पर होने के बाद अप्रैल के महीने के दौरान यह बेरोजगारी दर करीब आठ प्रतिशत रहने की संभावना है।

तीव्र आवृत्ति वाली सबसे महत्त्वपूर्ण श्रम सांख्यिकी-रोजगार दर के मामले में अप्रैल गिरावट वाला लगातार तीसरा महीना हो सकता है। सितंबर 2020 में यह रोजगार दर लॉकडाउन के बाद अपने शीर्ष स्तर 37.97 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। फिर यह लगातार तीन महीने तक गिरी, लेकिन जनवरी 2020 में दोबारा चढ़कर 37.94 प्रतिशत पर चली गई। फिर फरवरी और मार्च में इसमें गिरावट आई। अब ऐसा लगता है कि यह अप्रैल में भी गिरकर 37 प्रतिशत के कम स्तर पर आ जाएगी। 40.2 प्रतिशत की स्थिर दर पर श्रम को खपाने की श्रम बाजार की अक्षमता निम्न रोजगार दर में तब्दील हो जाती है।



**- महेश व्यास**

> मार्च 2021 तक भारत में 4.38 करोड़ ऐसे लोग थे, जो बेरोजगार थे और काम करने के इच्छुक थे। अप्रैल में यह संख्या बढ़ चुकी होगी, क्योंकि एलपीआर (जो काम खोजने वाले लोगों का मापक है) के स्थिर रहने (बढ़ती आबादी पर) की उम्मीद है और बेरोजगारी दर बढ़ रही है। इन करीब 4.4 करोड़ लोगों में से तकरीबन 2.8 करोड़ लोग सक्रिय रूप से काम तलाश रहे थे, लेकिन कोई काम खोजने में असमर्थ रहे।

कम रोजगार दर और कम श्रम भागीदारी दर काफी लोगों को अंतहीन राजनीतिक रैलियों और विशाल धार्मिक समागमों में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र छोड़ देती हैं। भारत के विस्तृत मतदान के दौर में लाखों लोग राजनीतिक रैलियों में भाग ले रहे हैं। रोजगार में लगे लोग इतनी विशाल रैलियों में भाग नहीं ले सकते हैं। आम तौर पर यह शाम का कोई ऐसा मामला नहीं होता है कि जिसमें कोई काम के बाद टहल सकता हो। इन रैलियों में कई लोगों को रोजगार मिल जाता है। कई लोगों को इन रैलियों में शामिल होने के लिए पैसा दिया जा सकता है। इससे बिना किसी रोजगार के ही आमदनी हो जाएगी। इसी तरह विशाल धार्मिक अनुष्ठानों में कारोबार और रोजगार रहता है। कोई इस बात की शर्त लगा सकता है कि राजनीतिक रैलियों का जितना बड़ा आकार होगा, बेरोजगारी दर उतनी ही अधिक होगी।

मार्च 2021 तक भारत में 4.38 करोड़ ऐसे लोग थे, जो बेरोजगार थे और काम करने के इच्छुक थे। अप्रैल में यह संख्या बढ़ चुकी होगी, क्योंकि एलपीआर (जो काम खोजने वाले लोगों का मापक है) के स्थिर रहने (बढ़ती आबादी पर) की उम्मीद है और बेरोजगारी दर बढ़ रही है। इन करीब 4.4 करोड़ लोगों में से तकरीबन 2.8 करोड़ लोग सक्रिय रूप से काम तलाश रहे थे, लेकिन कोई काम खोजने में असमर्थ रहे। शेष 1.6 करोड़ लोग काम के लिए उपलब्ध थे, लेकिन ये लोग सक्रिय रूप से काम नहीं तलाश रहे थे। यह बेरोजगार श्रम का एक बड़ा समूह है। इनमें ज्यादातर युवा हैं। इन 4.4 करोड़ लोगों में से 3.8 करोड़ लोग 15 से 29 वर्ष की आयु वाले हैं। उनमें से आधे, लगभग 2.2 करोड़ शुरूआती बीसवां दशा में हैं। यह अतिसंवेदनशील उम्र की एक बड़ी संख्या है।

अप्रैल 2021 में कोविड के मामलों में तेजी से होता इजाफा, स्वास्थ्य सेवाओं में नितांत कमी, बढ़ती मौतें और बढ़ती बेरोजगारी भी देखी गई है। आइटीआई दिल्ली के रिसर्च के अनुसार मध्य मई में कोरोना के पीक आने की आशंका है जब कोरोना का संक्रमण अत्यधिक तेज होगा। निश्चित तौर पर यह आशंका लंबे समय तक लोगों की क्रय शक्ति और व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित करेगी।

### खास बात

## चरखा दांव

**मृत्युंजय दीक्षित**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक निर्णय से छद्म धर्मनिरपेक्ष दल बेचैन और व्यग्र हैं। चिंता में हैं कि अब उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का क्या होगा ? प्रदेश की राजनीति में अभी तक कहा जाता रहा है कि दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव चरखा दांव चलते थे। इस बार असली चरखा दांव योगी आदित्यनाथ ने चला है। इसने मुस्लिम तुष्टिकरण और जातिवादी नेताओं को चित कर दिया है। जो लोग रामचरित मानस जैसे दिव्य व पवित्र ग्रंथ की कुछ चौपाइयों का गलत अर्थ निकालकर हिंदू समाज में जातिभेद व विवाद उत्पन्न कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे थे वो अब सकते में हैं। प्रदेश सरकार ने 22 मार्च से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के पाठ, देवी जागरण व गायन के कार्यक्रम कराने का आदेश तो जारी किया ही है साथ ही अष्टमी और श्रीरामनवमी के दिन अखंड रामायण का पाठ कराने का आदेश भी जारी किया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं सहित जनसहभगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसरों में विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की होर्डिंग भी लगेंगी। इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में पहली बार प्रशासन स्तर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं।आज सपा सरकार के इस फैसले का विरोध कर रही है। याद करिये सपा के कार्यकाल में कब्रिस्तानों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी हुए थे। मंदिरों में रामायण पाठ का विरोध वो लोग कर रहे है जिन्होंने या तो भगवान राम को काल्पनिक बता रखा है या रामचरित मानस का अपमान किया है । यह वही लोग हैं जिनके मुखिया दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में निहत्थे राम भक्तों का नरसंहार करवाया था। सपा के मुस्लिम सांसद, मुस्लिम लीग, कांग्रेस, बसपाऔर एआईएएम सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध कर रहे हैं।

## समुदाय का सत्य

### विचार-प्रवाह

**अमीश**

सत्य है समुदाय। दुख का कारण जुड़ा है इससे। ललक, लगाव और इच्छाओं का घेरा रहता है हमारे चारों ओर। यह एक अचेतन भावनात्मक और मानसिक अवस्था है। तीसरा सच है निरोध। यानी दुख समाप्त होने की संभावना। और चौथा सच है मार्ग यानी दुख से छुटकारा पाने की राह। दुख इस राह की ओर ले जाता है।

कोविड महामारी चीन के वुहान से शुरू हुई और अब इसने पूरी दुनिया के दिलोदिमाग को झकझोर दिया है। मौत, तबाही और आर्थिक अफरातफरी का आलम है। कंपनियां पस्तहाल हैं। 15 लाख से ज्यादा लोग जा चुके हैं इस दुनिया से। इससे कहीं ज्यादा लोगों को तकलीफ सहनी पड़ी है और तमाम लोग अब भी बीमार हैं। यह भयानक और दिल तोड़ने वाला मंजर है। इसका खात्मा भी हाल-फिलहाल होता नहीं दिख रहा। अधिकतर विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि महामारी का खात्मा हो जाने पर भी आने वाले कई सालों तक बने रहेंगे माली और दिमागी तौर पर लगे जख्मों के निशान।

तो ऐसे में क्या धर्म के सिद्धांतों और दुख की भूमिका का सहारा लेकर हम इस महामारी के असर से उभर सकते हैं? क्या इनके जरिए हम पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और समझदार बन सकते हैं? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि हममें से कई लोगों, खासतौर से अमीर तबके को ज्यादा दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़ी हैं? लेकिन ये तो हुआ ही है कि हमें अपने घरों में सिमटे रहना पड़ा है। खाना-पानी के साथ एक तरह का कैदखाना। फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं।

ये जो ज़िंदगी की किताब है
ये किताब भी क्या किताब है,
इंसान जिल्द सँवारने में व्यस्त हैं
और पन्ने बिखरने को बेताब हैं.. :)


**- अनुपम खेर, अभिनेता**

### आपके ट्वीट

प्रधानमंत्री अडानी के मुद्दे से डरे हुए हैं! वो नहीं चाहते मैं उनकी और उनके मित्र के रिश्ते की और पोल खोलूं।
देखते हैं वो संसद में मुझे बोलने देंगे या नहीं।

**- राहुल गांधी**





ज्ञान द्वारा ही उच्चतर लक्ष्यों की पूर्ति, श्रेष्ठताओं की सिद्धि तथा जीवन की महानता उजागर होती हैं।अप्रमत्त, श्रद्धावान एवम समर्पित साधक के जीवन में विद्या स्वतः प्रकट होती है।अतः शास्त्र अभ्यासी बनें और सत्पुरुषों के प्रति श्रद्धावान रहें ! **- अवधेशानंद गिरी**

### कार्टून वर्ल्ड




साभार बीबीसी न्यूज हिंदी

### लेटर टू एडिटर

**राजनीतिक अपरिपक्वता**

हाल ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। - **पूनम जमशेदपुर**

**भोगवादी जीवन**

**मनुष्य** अब ज्यादा दुःखी हो रहा है। वह समझने लगा है कि धर्म, प्रकृति एवं नैतिकता के बिना उसका विस्तार नहीं है, किन्तु भोगवादी जीवन का वह अब इतना अभ्यस्त हो गया है कि बाह्य आडम्बर की मजबूत डोर को तोड़कर सादा, संयममय और सात्विक जीवन अपनाना उसके लिए कठिन हो रहा है। निश्चित इस दिशा में सब सब को सोचना होगा।

**- रवि रंजन सिंह, रांची**

# जमीन और भवनों के विक्रय पर जीएसटी के नियम



**अजयदीप बाधवा**

जीएसटी सिस्टम में, टैक्स की वसूली तब होती है, जब कोई सामान (गुडस) या सेवा (सर्विस) को बेचा जाता है। वस्तु या सेवा की अंतिम कीमत में उस पर निर्धारित जीएसटी टैक्स भी शामिल होता है। वस्तु या सेवा की सप्लाई देने वाला (सेलर), इसे सप्लाई लेने वाले (कंज्यूमर) से वसूलता है और बाद में इसे सरकार के खाते मे जमा कर देता है। केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की अनुसूची ककक के क्रम संख्या (5) के अनुसार, 'भूमि की बिक्री' न तो माल की आपूर्ति है और न ही सेवाओं की आपूर्ति है, इसलिए भूमि की बिक्री पर जीएसटी नहीं लगता है । इसी प्रकार निर्मित भवन की बिक्री पर भी जीएसटी नहीं लगता है। पर निमार्णाधीन भवनों के विक्रय पर जीएसटी लगता है। इस संदर्भ में आम जनों में उहापोह रहती है कि जब जमीन और घर के लेन देन पर जीएसटी नहीं है तो फ्लैट निमार्ता इस पर विक्रय के समय जीएसटी क्यों लगाते हैं। दरअसल जीएसटी पूर्ण हो चुके रिहाईशी भवनों पर नहीं लगता है। यदि भवन निमार्ता किसी को भवन या फ्लैट इसके कॉम्प्लीशन प्रमाण पत्र जारी होने के पूर्व बेचता है या विक्रय हेतु अग्रिम राशि ले लेता है तो उस विक्रय के मूल्य पर जीएसटी लगता है जो क्रेता से लेकर विक्रेता सरकार को देता है। जिस भवन का प्रयोग निवास के लिए किया जाएगा उसके विक्रय पर जीएसटी दर 5 % है वा व्यवसायिक भवन पर 12%। वस्तुत यह दर क्रमश 7.5% और 18% है पर चुकी जमीन की खरीद या बिक्री पर जीएसटी नहीं लगता है और जीएसटी के तहत पूरे भवन के 1/3 भाग को जमीन माना जाता है इस कारण निमार्णाधीन भवनों के विक्रय पर 7.5% और 18% की दरों से जीएसटी घोषित कर उनके 1/3 भाग को हटाकर इन दरों को 5% और 12% कर दिया गया है। पर अगर निमार्णाधीन भवन अफोर्डेबल हाउसिंग के श्रेणी में आते हैं तब उनके विक्रय पर जीएसटी दर समान्य रुप से 1 % लगता है। अफोर्डेबल हाउसिंग में मेट्रो शहरों में 60 वर्ग मीटर (लगभग 645 वर्ग फीट) तक के कारपेट एरिया और गैर-मेट्रो शहरों में 90 वर्ग मीटर (लगभग 960 वर्ग फीट) तक के कारपेट एरिया वाले घर शामिल हैं। मेट्रो और गैर-मेट्रो दोनों शहरों में 45,00,000 / - रुपए तक के मूल्य वाले घरों को ही किफायती आवास माना जाता है। अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग स्कीम को मजदूरों के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के माध्यम से गरीब वर्ग के लोगो को किराये में रहने के लिए कम दामों में रहने के लिए घर उपलब्ध करवाया जाता है। यह योजना भारत सरकार की पीएम मोदी आवास योजना से संबंधित है।

(कर सलाहकार, सीएमस रांची)

### जीएसटी




# डॉ वेदप्रताप वैदिक के नजर में हिदुत्व

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक** ने आलेख में जो लिखा, वह इस प्रकार है- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मध्य प्रदेश यात्रा के दौरान ऐसा बयान दे दिया है, जो हिंदुत्व शब्द की परिभाषा ही बदल सकता है। अभी तक भारत में हिंदू किसे कहा जाता है और अहिंदू किसे? पहले अहिंदू को जानें। जो धर्म भारत के बाहर पैदा हुए, वे अहिंदू यानी ईसाई, इस्लाम, पारसी, यहूदी आदि! जो धर्म भारत में पैदा हुए, वे हिंदू यानी वैदिक, पौराणिक, वैष्णव, शैव, शाक्त, जैन, बौद्ध, सिख, आर्यसमाजी, ब्रह्म समाजी आदि। इन तथाकथित हिंदू धर्म की शाखाओं में चाहे जितना भी परस्पर सैद्धांतिक विरोध हो, उन सब को एक ही छत्र के नीचे स्वीकार किया जाता है। हिंदू-अहिंदू तय करने के लिए किसी सिद्धांत की जरूरत नहीं है। इस निर्णय का आधार सैद्धांतिक नहीं, भौगोलिक है।

इसे ही आधार मानकर विनायक दामोदर सावरकर ने प्रसिद्ध ग्रंथ हिंदुत्व लिखा था। हिंदुत्व की विचारधारा ने ही हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जन्म दिया था। सावरकरजी की मान्यता थी कि जिस व्यक्ति का पुण्यभू और पितृभू भारत में हो, वही हिंदू है। यानी जिसका पूजा-स्थल, तीर्थ, देवी-देवता, पैगंबर, मसीहा, पवित्र ग्रंथ आदि भारत के बाहर के हों, उसका पुण्यभू भी बाहर ही होगा। उसे आप हिंदू नहीं कह सकते चाहे भारत उसकी पितृभूमि हो यानी

### स्मृति शेष

उसके पुरखों का जन्म स्थान हो। कोई भारत में पैदा हुआ है लेकिन, उसकी पुण्यभूमि मक्का-मदीना, यरुशलम, रोम या मशद है तो वह खुद को हिंदू कैसे कह सकता है? सावरकरजी की हिंदू की यह परिभाषा उस समय काफी लोकप्रिय हुई, क्योंकि उस समय मुस्लिम लीग का जन्म हो चुका था और इस्लाम के नाम पर अलग राष्ट्र की मांग जोर पकड़ने लगी थी।

सावरकर का हिंदुत्व उस समय राष्ट्रवाद का पर्याय-सा बन गया था और लोग समझ रहे थे कि लीगी सांप्रदायिकता का यही करारा जवाब है। स्वयं सावरकर ने भारत के आजाद होने के 15-20 साल बाद अपने अभिमत पर पुनर्विचार किया था।

लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पुण्यभू की छूट देकर हिंदू शब्द की परिभाषा को अधिक उदार बना दिया है। उन्होंने बैतूल के भाषण में कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाला हर नागरिक उसी तरह हिंदू कहलाएगा, जैसे अमेरिका में रहने वाला हर नागरिक अमेरिकी कहलाता है, उसका धर्म चाहे जो हो। उनके इस तर्क को थोड़ा आगे बढ़ाएं तो यहां तक जा सकता है कि किसी नागरिक के पुरखे या वह स्वयं भी चाहे किसी अन्य देश में पैदा हुआ हो, यदि उसे नागरिकता मिल जाए तो वह खुद को अमेरिकी घोषित कर सकता है। यानी किसी के हिंदू होने में न धर्म आगे आएगा और न ही उसके और उसके पुरखों का जन्म-स्थल। यानी पुण्यभू के साथ पितृभू की शर्त भी उड़ गई। सैद्धांतिक और भौगोलिक दोनों ही आधार इस नई परिभाषा के कारण पतले पड़ गए।

यूं भी हिंदू शब्द तो शुद्ध भौगोलिक ही था। यह सिंधु का अपभ्रंश है। सिंध से ही हिंद बना है। प्राचीन फारसी में स को ह बोला जाता था, जैसे सप्ताह को हफ्ता! सिंध का हिंद हो गया। स्थान का स्तान हो गया।

हिंद और स्तान मिलकर हिंदुस्तान बन गया। हिंद से ही हिंदू, हिंदी, हिंदवी, हुन्दू, हन्दू, इंदू, इंडीज, इंडिया और इंडियन आदि शब्द निकले हैं। विदेशियों के लिए हिंदू शब्द भारतीय का पर्याय है। नमन। (मुरलीधर)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## राजेंद्र नायक को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** गांधी चौक स्थित अंबेडकर पार्क में रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह छावनी परिषद वार्ड नं. तीन के पूर्व वार्ड सदस्य स्व. राजेंद्र नायक के निधन पर समाज के लोगों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। इससे पूर्व उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय नायक ने स्व. राजेंद्र नायक को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कहा कि स्व. नायक ने सदैव गरीब, पिछड़े और अनुसूचित जाति समाज की भलाई का कार्य किया। वे जीवन पर्यंत आमजन की हितों की लड़ाई लड़ते रहे। सदा जातिविहीन और भाईचारे समाज की वकालत की। शोक सभा में जिला सचिव बिनोद नायक, अनिल नायक, सेवानिवृत शिक्षक पुन्नू राम नायक, रवि नायक, दिलीप नायक, के. नायक, सागर नायक, करमु नायक, किशोर कुमार अकेला, राजू नायक, नरेंद्र नायक, सोनू नायक, सीताराम नायक, सुभाष नायक, शिवा नायक, कुणाल नायक, सुंदर नायक, अजय नायक, संतोष नायक, युगेश नायक, सुनील नायक, दिनेश नायक, मुकेश नायक आदि शामिल हुए।

## छत्तर मांडू में खुला इंफिनिटी क्लासेस



रामगढ़। छत्तर मांडू स्थित इंफिनिटी क्लासेस का उद्घाटन रविवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने संचालक भानु प्रताप और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। कहा कि इस तरह के संस्थान खुलने से अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और संस्थान में कक्षा 1 से लेकर 12 तक की उच्च शिक्षा के द्वारा स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई की जाएगी। मौके पर युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रदीप कुशवाहा, नगर सचिव नीरज मंडल, रोहित सोनी, भानु प्रताप रिसभ सिन्हा, भानु प्रकाश प्रवीण कुमार, गौतम सिंह, संजय कुशवाहा, जितेंद्र दांगी, अरुण कुमार, रामी गोप, अजय कुशवाहा, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ कॉलेज में चित्र प्रदर्शनी आज से




रामगढ़। केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मार्च तक शहर के रामगढ़ कॉलेज परिसर में 3 दिवसीय मल्टी मीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगी। उक्त 0जानकारी कार्यालय प्रमुख सीसीबी, प्रा. का. रांची शाहिद रहमान व जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। शाहिद रहमान ने बताया कि प्रदर्शनी का उदघाटन 20 मार्च को 12:00 बजे विधिवत रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में 80 पैनल लगाए जाएंगे। पैनल द्वारा लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के आजादी के लिए किये गये योगदानों, मोटा अनाज, पोषण पखवाड़ा, उर्जा सरंक्षण, गोरैया दिवस, वन दिवस, जल दिवस आदि के संबंध में जानकादी दी जाएगी। कहा कि प्रदर्शनी के क्रम में लोगों को गौरेया सरंक्षण, वन सरंक्षण, जल सरंक्षण उर्जा सरंक्षण के संबंध में जानकादी दी जाएगी। बताया कि प्रदर्शनी के क्रम में बच्चों के बीच आजादी क्वेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत बच्चे अपने स्वतंत्रता सेनानियों के संबंध में क्या जानकारी रखते हैं यह जानने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 मोटा अनाज (श्री अनाज) वर्ष है। प्रदर्शनी में इसकी जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्टॉल द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## गरीबों की सेवा सर्वोपरि : डब्लू सिंह

भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंझू, डॉ. जय श्री मेहता, शुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## भारत की परंपरा सदा सबको अपनाने वाली रही है : दलवी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में रविवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट रांची में विविधता, समानता और समावेशन पर डिस्ट्रिक्ट सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी, डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर, प्रोजेक्ट चेयरमेन मुकेश तनेजा, क्लब अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, मानिंद सचिव हितेश भगत ने संयुकत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य देश की वर्तमान परिस्थितियों और आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए रोटरी की तैयारियों से सभी को अवगत कराना है। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी ने कहा कि हमारा समाज आज भी कई वजहों से बंटा हुआ है। जिसमें जाति, रंग, धर्म, दिव्यांगता और क्षेत्रवाद मुख्य है। भारत देश में इस तरह की स्थिति का होना आश्चर्यजनक हैं, क्योंकि हमारी परंपरा सदा सबको अपनाने वाली रही है। मंगोलियन, यहूदी, क्रिश्चियन, पारसी, सिंधी, तिब्बती, मुस्लिम सभी को इस देश ने अपनाया। सभी के मिलने से कारवां बनता गया। भारत ऐसे ही बना है।

### रामनवमी जुलूस पर प्रतिबंध हटाने को भूख हड़ताल पर बैठे लोग

# किसी भी तरह की बाधा मंजूर नहीं : जयंत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी जुलूस पर लगे कई प्रकार के प्रतिबंध को हटाने के लिए बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठे सनातनी अमन कुमार व अन्य को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खुले दिल से समर्थन किया है। शनिवार रात श्री सिन्हा धरनास्थल पर पहुंचे व धरना दे रहे धर्म प्रेमी अमन कुमार तथा उनके सहयोगियों मिलकर उन्हे अपना समर्थन दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि रामनवमी अपने पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा। झारखंड में विशेष कर हजारीबाग में जिस तरह से रामनवमी महा पर्व मनाया जाता है उसमें किसी भी तरह की बाधा हम सबको मंजूर नहीं है। डीजे बजाने पर जो रोक, पारम्परिक हथियार लेकर जो सरकार ने लगाई है वह नाजायज है। इस तुगलकी फरमान के खिलाफ हर स्तर तक जाकर विरोध किया जाएगा।

**एक की हालत बिगड़ी :** इधर सदर विधायक भी धरनास्थल पर पहुंचे और धर्म प्रेमियों का हाल चाल जाना। बड़ा अखाड़ा के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे शुगर के मरीज अजय कुमार सिंह की स्थिति अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के प्रयास से स्वास्थ्य टीम धरना स्थल पर पहुंची और अस्वस्थ हुए अनशनकारी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में स्वस्थ की स्थिति अच्छी नहीं होने पर चिकित्सक द्वारा अस्पताल में भर्ती कर इलाज करने का निर्देश दिया गया। लेकिन चिकित्सा कर्मियों का यह निर्देश अननशनकारी ने नहीं मानी और अपनी मांगों को मानने तक धरना स्थल पर ही रहकर इलाज कराने की बात कही।

## जिला प्रशासन से करेंगे बात : मनीष जायसवाल




विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सरकार हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को लेकर असंवेदनशील है। हजारीबाग का माहौल खराब हो रहा है और प्रशासन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी तो महज कुछ लोग धरने पर बैठे हुए हैं अगर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई तो बहुत सारे लोग इस मुहिम से जुड़ कर इस लड़ाई को आगे बढ़ाने को तैयार हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जल्द हुए प्रशासन से इस मामले को लेकर वार्ता करने वाले हैं ताकि जिला प्रशासन की मंशा स्पष्ट हो सके।

**अन्य विधायकों की चुप्पी रहस्यम :** इधर हिन्दू धर्मवालंबियों में इस बात को लेकर भी आक्रोश है कि रामनवमी से हजारीबाग की पहचान है। सिर्फ सांसद और सदर विधायक इस मुद्दे पर मुखरता से अपनी बात रख रहे है। जबकि यहा के चार अन्य विधायक इस मुदे पर मौन धारण किये हुए है। सरकार में शामिल दो विधायक उमा शंकर अकेला और बड़कागांव की अम्बा प्रसाद की चुप्पी खलने वाली है। लोगो का कहना है कि इनके साथ-साथ विधायक जे पी पटेल और बरकट्ठा विधायक अमित यादव की चुप्पी भी रहस्यमयी है। आने वाले समय में इनको करारा जवाब दिया जायेगा।

## श्रीनगर के ग्रामीणों को मिलेगा हक : अकेला

खबरमन्त्र संवाददाता



बरही। प्रखंड के श्रीनगर के ग्रामीणों को विस्थापित हुए लगभग इकहत्तर वर्ष पूर्व विस्थापित होने के बावजूद ग्रामीणों को जमीनी अधिकार नही मिल पाया है।इस बाबत विधायक उमाशंकर द्वारा उनके अधिकारों को लेकर सदन में कई बार चर्चा किया जा चुका है।बावजूद कोई भी करवाई नही किया गया है।पुनः उन्होंने विधान सभा मे उनके अधिकारों की चर्चा किया।जिसके तहत हडाही विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से विधायक उमाशंकर अकेला को चौपारण आवास में माला पहनाकर और बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन्होंने हम सभी विस्थापितों का मामला विधानसभा में उठाकर हमलोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, इसे लोगों में आशा की किरण दिखाई दिया है। इस संदर्भ में बरही विधायक श्री अकेला ने कहा कि श्रीनगर विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए लगातार उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा में आवाज उठाने से लेकर डीवीसी के अधिकारियों से वार्ता हुई। बावजूद इसके संघर्ष जारी है। श्रीनगर के लोगों को उनका हक दिलाकर ही रहूंगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, हडाही विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, सचिव इन्द्रदेव यादव, विजय गुप्ता के अलावा सदस्यों में सुरेश यादव, दिनेश यादव, सुरेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, बिशुन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छोटकी डूंडी में वृक्ष रक्षा समारोह हुआ आयाजित

**कुजू।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति छोटकी डूंडी द्वारा मोढ़ा जंगल में वृक्ष रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार शामिल हुए। नीतीश कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक उपलब्धियों के बावजूद आज पूरा संसार गंभीर पर्यावर्णीय समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि जंगलो में पेड़ पौधे है तभी जीवन की कल्पना संभव है। आज धीरे धीरे जंगले उजड़ते जा रहे है। इसे संजोने की जरूरत है। कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी केदार राम, मांडू वन क्षेत्र पदाधिकारी विनोदारंद राय, गोला वन क्षेत्र अधिकारी राकेश सिंह, पतरातू पदाधिकारी अखिलेश चौधरी आदि ने संबोधित किया।

## रास्ता विवाद निपटारे को लेकर अंबेडकर स्थल पहुंची अंबा प्रसाद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रास्ता विवाद निपटारे को ले बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद रविवार को पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल पहुंची। जहां विधायक ने स्थानीय दुकानदारों और अंबेडकर समिति के लोगो से जानकारी ली। इस दौरान कई बार लोग आपस में उलझते दिखें। जिसके बाद विधायक ने लोगों को शांत कराते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर किसी जाति धर्म के नहीं पुरे भारत के मान सम्मान हैं। उन्होंने कहा कि हमें मिलजुलकर एक बेहतर रास्ता निकालना होगा ताकि लोगो में किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न न हो। उन्होंने रास्ता विवाद निपटारे में अंबेडकर स्थल पहुंचे लोगो से 10 व्यक्तियों का टीम बनाकर समस्या निपटारा करने की बात कही। जिसके बाद दस लोगो की एक नव गठित समिति बनाया गया। जहां नव गठित कमेटी ने सर्व सम्मति से अंबेडकर स्थल परिसर को छोड़ दूसरे जगह से दुकानदारो और राहगीरों के आने-जाने के लिए रास्ता देने का निर्णय लिया। जिसके बाद विवाद पर बिराम लग गया। इस दौरान

## पचास हजार बच्चों को मिलेगा गर्म खाना

### कथा में सेंट्रल किचन के लिए भूमि पूजन




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे लगभग 50,000 बच्चों को ताजा एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रलाइज्ड किचन स्थापित करने हेतु सीसीएल, अक्षय पात्र संस्था एवं जिला प्रशासन के बीच एमओयू किया गया है। इसी क्रम में रविवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत कथा क्षेत्र में किचन के निर्माण हेतु चयनित किए गए स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, सीसीएल दरभंगा हाउस, जीएम सीएसआर लादी बालकृष्ण सहित अन्य ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत 15 करोड़ के निर्माण एवं 7 करोड़ के परिचालन लागत से सेंट्रलाइज्ड किचन की स्थापना जिले में की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि सेंट्रलाइज किचन के माध्यम से ना केवल सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिलेगा, जिससे उनकी रूचि पढ़ाई में भी बढ़ेगी। इस कार्य के लिए सांसद ने सीसीएल, अक्षय पात्र संस्था एवं जिला प्रशासन की सराहना की। वहीं, उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की बात कही।

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मिड डे मील योजना के महत्व व इसके माध्यम से बच्चों को होने वाले फायदे के प्रति जानकारी दी। वहीं, उन्होंने सेंट्रलाइज्ड किचन के निर्माण के उपरांत जिले के बच्चों को होने वाले फायदे के प्रति भी सभी को जानकारी दी।

## हजारीबाग रामनवमी पर दो पुस्तकें होंगी प्रकाशित

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** विजय शंखनाद संस्था हजारीबाग द्वारा मधुवन धर्मशाला हजारीबाग में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ हिंतेंद्र अनुपम, अध्यक्ष अमरदीप यादव और सचिव आदित्य नारायण कुशवाहा ने संयुक्त रूप से कहा कि विजय शंखनाद द्वारा 19 मार्च 2023 (रविवार) को एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है जो हजारीबाग की सांस्कृतिक इतिहास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। विजय शंखनाद संस्था द्वारा पहली बार हजारीबाग की रामनवमी को झारखंड के राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए 27 फरवरी 2022 को शुरूआत की गई थी। इसके लिए संस्था सतत चिंतनशील एवं प्रयत्नशील है।इसी परिप्रेक्ष्य में संस्था द्वारा हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व को दशार्ते हुए दो पुस्तकों को व्यापक प्रकाशन का संकल्प लिया गया है इसके माध्यम से हजारीबाग की रामनवमी से जुड़े समग्र तथ्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर संकलित, प्रचारित एवं प्रसारित करने की योजना है। पहली पुस्तक द लिगेसी ऑफ हजारीबाग रामनवमी के नाम से अंग्रेजी में भाषा मे प्रकाशित होगी जिसका स्वरूप एक कॉफी टेबल बुल के रूप में होगा।

दूसरी पुस्तक ₹हजारीबाग की रामनवमी-हिंदू संस्कृति का गौरव महोत्सव₹ जो हिंदी भाषा में लोक जागृति और नैष्ठिक जनसमर्थन की अपेक्षा से प्रस्तुत की जाएगी। जिसमें हजारीबाग रामनवमी का ऐतिहासिक सांस्कृतिक, सामाजिक आर्थिक महत्व का विषद विश्लेषण किया जाएगा। एवं आध्यात्मिक लौकिक सांस्कृतिक जागरण में इस महोत्सव की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा। प्रेस वार्ता में अजीत गुप्ता, सूरज अग्रवाल, भारतदेशम अग्रवाल, रामचंद्र राम उर्फ पप्पू, चंद्रदीप यादव, कैलाश साव, अनूप यादव, राहुल यादव, दिव्यदीप यादव, सुबोध सिंह आदि मौजूद थे।

**विनोबा भावे विश्विद्यालय के सहायक अध्यापक डॉ हिंतेंद्र अनुपम, आदित्य नारायण और अमरदीप यादव लिखेंगे पुस्तक**

एक नजर में

## किशुन यादव के जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत



बरही। हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव का जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बरही सहित कई स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हजारीबाग, इचाक, पदमा, देवचन्दा मोड़, बरही चौक, सामंतो पंप एवं उनके आवास पर समर्थको ने गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने इस दौरान बरही की जनता का आभार जताते हुए रोड शो भी किया। इस दौरान समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। रोड शो के पश्चात उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे बरही की जनता और अपने राजनीतिक गुरु पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का आशीर्वाद है। कहा कि बरही की जनता एवं संघ ने उनकी जिम्मेदारी को और भी बढ़ा दिया है। मेरा उद्देश्य रहेगा कि प्रदेश स्तर से जो भी योजनाएं क्रियान्वित होगी, उसका लाभ बरही सहित पूरे प्रदेश के लोगों को दिला सकूं। उन्होंने बताया कि राजनीतिक शुरूआत उन्होंने बड़े संघर्षों के साथ किया लेकिन बरही की जनता ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करूंगा।स्वागत करने के दौरान भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, घनश्याम यादव, ब्रह्मदेव यादव, महेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, दीनानाथ यादव, युगल यादव, सहदेव, मनोज यादव, अशोक यादव, सोनू यादव, रितेश गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी बालेश्वर यादव सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## छावनी अखाड़ा ईचाक रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने मुनेंद्र मेहता, सचिव शत्रुघ्न राम

**ईचाक।** छावनी अखाड़ा इचाक में अखाड़ा समिति के अध्यक्ष मुनेंद्र मेहता के अध्यक्षता में चैती दुर्गा रामनवमी पूजा की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुनेंद्र मेहता एवं संचालन डॉ अर्जुन मेहता ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार के गार्डलाइन के तहत एवं सौंदर्य पूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजा मनाया जाएगा। साथ ही कमेटी का गठन किया गया कमेटी के अध्यक्ष मुनेंद्र मेहता ,उपाध्यक्ष चंदन मेहता कारीमाटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि , सचिव शत्रुघ्न राम ,उप सचिव सचिव डॉ कौशल मेहता ,कोषाध्यक्ष कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता ,सहयोगी सदस्य डॉ अर्जुन मेहता ,सतन मेहता, प्रदीप मेहता ,केदार मेहता कुरहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ,लीलो मेहता, रामा मेहता, किशोरी नंदन मेहता, गोविंद मेहता, राजेंद्र उर्फ.मलखान मेहता, त्रिलोकी मेहता ,मनोज राम ,कुलेश्वर राम ,आदित्य पांडे, नागेश्वर मेहता, वजीर मेहता, खेदन मेहता ,भीम मेहता समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार कर रही है समग्र विकास : राणा



**बड़कागांव।** झामुमो की स्थापना दिवस मनाने को लेकर बड़कागांव के सोनी धर्मशाला के प्रांगण में रविवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा व संचालन सचिव वासुदेव यादव ने किया।बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि 4 अप्रैल को हजारीबाग में होने वाले झामुमो स्थापना दिवस समारोह में बड़कागांव से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने ,सदस्यता अभियान चलाने एवं कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में झामुमो का झंडा लगाने का निर्णय लिया गया।प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा कि सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में समग्र विकास अभियान चला रही है।सर्वजन पेंशन योजना में कोई भी व्यक्ति नहीं छूटेंगे।पिछले सरकारों की अपेक्षा वर्तमान सरकार अच्छा काम कर रही है।मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,युवा नेता संजय भुइयाँ,दीपन साव, नन्दकिशोर भुइयाँ,बसंत ठाकुर,अरविन्द महतो,लालचंद यादव, पवन तूरी ,अशोक गुप्ता, जानिसार आलम, उमेश कुमार ,बरजु राम, टेकलाल प्रजापति ,मोहम्मद मुख्तार ,बबलू अंसारी ,मोहम्मद सागर ,हरि राम, बाबूलाल सोरेन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मधुमखियों ने दर्जनों को काटकर किया घायल

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय भवन के मुख्य गेट के बाहर खड़े बड़े पेड़ पर दर्जनों मधुमखियों के छत्ते है। इन छत्तों के मधुमखियों ने रविवार को दोपहर करीब 12 बजे काफी आतंक मचाया और आने जाने वाले राहगीरों पर जबरजस्त हमला कर दिया जिसमे दर्जनों बच्चे , महिला व अन्य लोग घायल हो गए। मधुमखियों ने राहगीरों पर अचानक से इस तरह का हमला कर दिया जिस कारण वे कुछ समझ नही पाए और मधुमखियों की चपेट में आ गए।मधुमखियों के डर से लोग इधर उधर भागने लगे कुछ लोग साइकिल छोड़ जमीन पर गिर गए और चीखते चिल्लाते रहे पर कोई भी उनकी मदद को नही आया। यहां के आसपास के दुकानदार ने अपने दुकान के शटर गिरा दिया जिस कारण कई लोग बाहर फंस गए और मधु मखियों ने उन्हें बड़ी बुरी तरह काट दिया। जबरा निवासी मोहम्मद तस्लीम को बहुत बुरी तरह मधुमखियों ने काट दिया और वह सड़क पर गिर गया। एक घंटे तक मधुमखियों ने आने जाने वाले लोगों को अपना शिकार बनाया। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ पर दर्जनों छत्ते लगे हुए है ग्रामीणों ने कई बार इसे हटाने की गुहार बीडीओ, सीओ सहित कई जनप्रतिनिधियों से लगाई पर किसी ने भी इसे हटाने का प्रयास नही किया गया जिस कारण आये दिन यहां ऐसी घटना घटती रहती है।इसके पहले भी पिछले बुधवार को मधुमक्खीयो ने खूब आतंक मचाया था । ग्रामीण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से निराश होकर छतों को हटाने का प्रयास कर रहे है ।

## एटक के फिर अध्यक्ष बने रमेंद्र कुमार



**बासल (रामगढ़)।** बोकारो इस्पात नगर, बोकारो के सेक्टर 2 स्थित कला केंद्र में चल रहे एटक का छठा तीन दिवसीय झारखंड राज्य सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 191 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें कोयला, तांबा, बिजली, इस्पात, लोहा, ट्रांसपोर्ट, बीमा, बैंक, राज्य कर्मचारी, एनटीपीसी, संगठित और असंगठित आदि उपक्रमों से प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में कुल 65 कार्यकारणी समिति सदस्यों का चयन किया गया। साथ ही 141 झारखंड राज्य सामान्य परिषद समिति का गठन किया गया। सम्मेलन में कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। साथ ही आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। एटक के छठे झारखंड राज्य सम्मेलन में पुनः रमेन्द्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही अशोक यादव को महासचिव बनाया गया। वहीं नरेश मंडल को केंद्रीय सचिव बनाया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जमा विधायक सीता सोरेन, विधायक ढुल्लू महतो, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विद्यासागर गिरी, एटक के पूर्व महासचिव क.पीके गांगुली, कार्यकारी अध्यक्ष लखन लाल महतो, उप महामंत्री ओमप्रकाश सिह, सचिदानंद मिश्रा, रामाश्रय सिह, उपाध्यक्ष सत्रुधन महतो, रामजी साह, सतीश कुमार सिन्हा, बिंध्याचल, विनोद बिहारी पासवान, अम्बुज कुमार, विकास कुमार, प्रेम कुमार, अरबिन्द शर्मा, महादेव मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अरशद हुसैन, रघुनाथ प्रसाद, छोटू राम, विनोद मिश्रा, नंदू यादव, सतीश केशरी, दीपांशु कुमार, पंकज कुमार, वरुण कुमार, छाया कोल, आफताब आलम, इफ्तिखार महमूद, पसुपति कल, संजय मिश्रा, ई द्रदेव राम सहित भारी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए। बधाई देने वालों में अनुज कुमार, रंजीत कुमार, लखेन्द्र राय, अशोक राम, विजय कुमार जुगल साव, सदानंद सिंह, ओमप्रकाश सिह, सुशील सिन्हा, प्रेम कुमार, पंकज कुमार सिह, दीपांशु कुमार, पंकज कुमार, जयनंदन महतो, अरुण चौधरी आदि शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड लहलहे के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में लहलहे गांव निवासी बुजुर्ग कुलदीप पाल की मौत हो गई है। घटना रविवार के सुबह 8 बजे के करीब की है। घटना के संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि चालक समेत वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। चालक को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस शव को परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि रांची से मेदनीनगर की ओर जा रहे 407 ट्रक ने कुलदीप पाल को चपेट में ले लिया था। मृतक बस स्टैंड लहलहे से चाय पीकर रविदास टोला होते हुए अपने घर जा रहा था। पुलिस और ग्रामीणों ने तत्काल मेदिनीनगर के सदर अस्पताल ले गए थे जहां चिकित्सकों में मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

### अस्तित्व की रक्षा को पलामू राज्य का गठन करना होगा : श्यामसुंदर

**सतबरवा।** झारखंड के पश्चिमांचल पलामू, लातेहार एवं चतरा जिले के लोगों को झारखंड सरकार लावारिस बना रही है। उक्त बातें पश्चिमांचल राज्य पलामू की मांग को लेकर संघर्ष कर रही संस्था पी एल एम संस्थापक प्रमुख प्रोफेसर श्यामसुंदर मिस्त्री सत्यार्थी ने कही। श्री सत्यार्थी ने कहा कि पश्चिमांचल के 70000 लोगों की भावनाओं, हक्कों और हितों की कभी परवाह झारखंड सरकार ने नहीं की। यहां के लोगों की अस्तित्व की रक्षा के लिए इन 4 जिलों को मिलाकर पलामू राज्य का गठन करना ही एकमात्र निदान है। इसके लिए यहां के लोगों को एक मंच पर आना होगा। बैठक रविवार को मध्य विद्यालय हलुमाड़ के प्रशाल में हुई। इस दौरान लव कुमार शुक्ला को संयोजक तथा सतीश कुमार सिंह को प्रचार प्रमुख पद पर निर्वाचित किया गया।

### बारिश से रबी फसल को नुकसान



**हरिहरगंज पलामू ।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अपराह्न में वर्षा हुई । करीब आधे घंटे से अधिक हुई इस बेमौसम बारिश से रबी ,तेलहन, दलहन फसल तथा आम के मंजर को नुकसान हुआ है । किसानों के अनुसार कुछ फसल कटनी के लिए तैयार हैं। वहीं कुछ फसल काटकर खेतों में छोड़ दिया गया था। या फिर थ्रेसर में काटने के लिए रखा गया था। उसे अधिक नुकसान हुआ है । वहीं पिछले तीन दिनों से आसमान में उमड़ - घुमड़ छाए बादलों के बीच किसानों को ओलावृष्टि की चिंता भी सता रही है । इस दौरान इलाके के ईंट भट्ठा मालिकों को भी वर्षा से नुकसान होने की सूचना है ।

### सिरफिरा भाई कर रहा है फुफेरी बहन को ब्लैकमेल, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद,पलामू।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र के पोलडीह जगदीशपुर में एक चौकानें वाला मामला सामने आया है। जिसमे एक सिरफिरे भाई ने अपने ही फुफेरी बहन को पूर्व में जबरन मांग में सिंदूर डाल दिया था। और उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया,इस मामले को लेकर पीड़िता की माँ ने सरफिरे युवक खजुराही गांव निवासी मुन्ना पाल के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा है की करीब चार साल पूर्व मेरी नाबालिग लड़की को उसके फुफेरे भाई ने जबरन उसके मांग में सिंदूर डाल कर साथ मे फोटो खिंचवा लिया था,इस घटना के बाद सगे संबंधियों ने इस बात को नादानी समझकर सालटा दिया था,अब मेरी बेटी का रिश्ता तय हो चुका है आगमी 10 मई 2023 को शादी की तारीख निर्धारित है,अब वही पुराना फोटो मेरे होने वाले दामाद को भेजकर उसे धमकी दे रहा है की अगर तुम उससे शादी करोगे तो बारात के दिन तुम्हें गोली मार देंगे,उससे लडकी से हम शादी कर चुके है वह मेरी पत्नी है।

### नगर निगम क्षेत्र में पानी की हो रही है किलत : अभिषेक सिंह



**मेदिनीनगर ।** झारखण्ड निकाय चुनाव की सरगर्मी पुनः तेज हो गयी है।युवा झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि निगम में पानी की किलत होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।इस पर निगम एवं जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। श्री सिंह ने कहा कि आज पूरा शहर पानी की समस्या से परेशान है।लेकिन निगम की सरकार असंवेदनशील है। जनहित के मुद्दों से मेयर और डिप्टी मेयर का कोई सरोकार नहीं है।उन्होंने कहा कि आज जनता आंदोलन कर रही है।लेकिन निगम की सरकार अपनी पांच साल की नाकामी को छिपाने के लिए तरह- तरह के हथकंडे अपना रही है।एक ओर जहाँ लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

### वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक



**हुसैनाबाद,पलामू।** रविवार को शहर के रुद्रा होटल में वीर बाबा चौहरमल कल्याण सिमिति अनुमंडल इंकाई हुसैनाबाद की एक विशेष बैठक बुलाई गई जिसमे वीर बाबा चौहरमल जी का जयंती मनाने के लिए रूप रेखा एवं समाज को संगठित करने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान व मंच संचालक लल्लू पासवान ने किया वही बैठक में बतौर अतिथि के रूप में नगर के चेयरमैन शशी कुमार व वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष, संदीप पासवान उपस्थित थे।बैठक में मूल रूप से सभी वक्ताओं ने अपने ईष्ट महापुरुष वीर बाबा चौहरमल के जयंती पर अपनी बातों को रखा।वही नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि समाज के लोगो संगठनात्मक रूप से मजबूत होना होगा किसी भी समाज मे समाजिक परिवर्तन तभी सम्भव हैं जब समाज के लोग एक दूसरे की प्रेरणा स्रोत बने तभी सब का कल्याण हैं।

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर बैठक हुई

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला धरहरा स्थित चारधाम मन्दिर परिसर में श्री माँ देवी की प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता व संचालन चारधाम मन्दिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने की। इस दौरान महायज्ञ कमिटी का गठन किया गया। नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार को अध्यक्ष, सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष बिनोद चौधरी व मुकेश चौधरी, उपसचिव अर्जुन प्रसाद गुप्ता, महामंत्री राजेश कर्ण, मंत्री जयश्री बैठा व रक्षया साव, सह कोषाध्यक्ष अमृत गुप्ता को बनाया गया। संरक्षक में रामेश्वर राम, श्रवण अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चंद्रवंशी, बाबा द्रोणाचार्य तिवारी का नाम शामिल है। अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि श्री मां देवी प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ एक मई से अयोध्या के स्वामी दुर्गेश शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में शुरू होगा। पांच मई को संपन्न होगा। सरयू चौधरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुबोध कश्यप, शंकर विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, सुदर्शन पासवान, कुमार अजित, सुशील कुमार सिंह, प्रिंस कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### पलामू विकलांग संघ की बैठक

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में विकलांग संघ का बैठक किया गया।जिसमें निर्णय लिया गया कि बंद पड़े आवासीय विद्यालय को अभिलंब खुलवाया जाए और जो भी सदस्य हैं पिछले कई बैठकों में नहीं आ रहे हैं।उनके जगह पर नए सदस्यों के रूप में रखा जाएगा।और पलामू विकलांग संघ के कोष को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिमाह सदस्यों और सभी विकलांग लोगों को एकमुश्त राशि जमा करके संघ को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।जिससे पलामू विकलांग संघ का विस्तार हो सके।और संगठन के महत्वपूर्ण कार्य को कराने में सहयोग हो सके।पिछले दिनों विकलांगो के द्वारा आंदोलन किया गया था।जिसमें पलामू विकलांग आवासीय विद्यालय को खोलने की मांग को लेकर लोगों ने उपायुक्त को आवेदन दिया था। जिसके बाद अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।एक बार फिर से पलामू विकलांग संघ इस पर विचार करते हुए मिलने का और जलद आवासीय विद्यालय खुलवाने का मांग करेंगे।इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिया गया।

# गांव से लेकर शहर तक जो भी सड़क कच्ची है, उन सबका होगा पक्कीकरण : रामचंद्र चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के कोशियार सीमांत क्षेत्र से पचघारा खुर्द होते हुए पचघारा कला तक लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से तारकोल का सड़क बनेगा। मुख्यमंत्री सड़क योजना से एक किमी तीन सौ मीटर बनाने वाले इस सड़क का शिलान्यास रविवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर के किया।शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया।विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास किया जा रहा है।क्षेत्र को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।ताकि क्षेत्र का हर गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ सके।गांव से लेकर शहर तक जो भी सड़क कच्चा रह गया है,उन सभी का भी पक्कीकरण होगा।उन्होंने कहा कि 1995 में जब पहली बार विधायक बना था तो उस वक्त उग्रवाद चरम पर था।गांवों में जाने के लिए सड़कें नही थीं।बेरोजगार युवा भटक गए थे। तब हमने गावों को सड़क मार्ग से जोड़ने का काम शुरू किया।भटके युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा कर मुख्यधारा से जोड़ा।गांव गांव,टोला टोला स्कूल खोलवाया ताकि बच्चे शिक्षित हो कर देश के अच्छे नागरिक बन सकें।

# वन और पर्यावरण के क्षेत्र में नयी दृष्टि देगी व्यास सिंह की पुस्तक : सुशील

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** औरंगाबाद सासंद सुशील सिंह और पलामू सांसद बीडी राम ने भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह के पिता पूर्व आईएफस अधिकारी व्यास सिंह ने निधन की खबर पर उनसे मिलने उनके मेदिनीनगर स्थित आवास पर पहुंचे ।इस दौरान उनके परिजनों ने दोनों सासंदो को स्वर्गीय व्यास सिंह द्वारा लिखित पुस्तक बाघ, वायलिन और बंदूक की प्रति भेंट की। मौके पर औरंगाबाद सांसद श्री सिंह ने कहा की स्वर्गीय व्यास सिंह ने अपने सेवाकाल मे बेतला नेशनल पार्क को संवारने का काम किया।उनके मन में पर्यावरण ,वन्य प्राणी और जंगल के प्रति अपनापन का भाव था।पर्यटन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्द्धन केंद्र सरकार के एंजेडे में है ।ऐसे में अनुभव आधारित यह पुस्तक से वन और वन्य प्राणियो के प्रति लोगों की सोच में उनके द्वारा लिखित पुस्तक एक नयी दृष्टि देने का काम करेगें । संभव है कि इस पुस्तक के अलावा भी उनके अनुभव से जुडे कुछ नोटस होगे जिसे संग्रहित कर यदि एक पुस्तक की शक्ल दी जाये तो बेतला और उसके आसपास के इलाके के विकास में सहायक होने के साथ इस विषय में एक नयी दृष्टि देने का भी काम करेगा।

## भाजपा की बैठक में बूथ कमिटी एवं पन्ना प्रमुख बनाने पर जोर

# कार्यकर्ता होते हैं पार्टी की रीढ़ : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के डंडार कला पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय बसडीहा के प्रांगण में अविवार को भारतीय जनता पार्टी पांकी मंडल की बैठक की गई । बैठक में मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर बैठक की शुरूआत की गई । मुख्य रूप से बूथ सशक्तिकरण एवं पन्ना प्रमुख बनाने पर जोर दिया गया । मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा की पार्टी की रीढ़ पार्टी के कार्यकर्ता होते है ! आने वाला लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव में पांकी विधानसभा से डेढ़ लाख वोट देकर लोकसभा भेजना है। बैठक की संचालन पांकी मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा ने किया । मौके पर मंडल उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह , प्रो बचन ठाकुर ,जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, साधु मांझी, सुरेन्द्र सिंह ,प्रसिद्ध सिंह लौरिक सिंह चुनमुन पांडे, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, रौशन सिंह, यशवंत कुमार,सत्यनारायण यादव तथा अन्य लोग उपस्थित थे ।



# बेवजह माइंस संचालकों न करें परेशान : सतीश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** पलामू माइंस एंड क्रसर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी ने कहा है कि झारखंड के विकास के लिए राजस्व में सर्वाधिक योगदान देने के बावजूद जिले के खदान व क्रसर संचालकों को किसी ना किसी माध्यम से लगातार परेशान व बदनााम किया जा रहा है। इससे जिले के करीब एक सौ पचास वैद्य खदान व क्रसर संचालकों में असुरक्षा की भावना जागृत हो गई है। अगर प्रशासन शीघ्र ही आवश्यक पहल नहीं करेगा तो धीरे-धीरे जिले की खनन गतिविधियां सिमट जाएगी। इसका सीधा असर खनन क्षेत्र से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों लोगों रोजगार पर पड़ेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर किसी माईंस संचालक द्वारा नियमों के विरूद्ध खनन कार्य किया जा रहा है तो उसके विरूद्ध जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करें इसमें एसोसिएशन जिला प्रशासन को पूरा सहयोग करेगी। लेकिन खनन कार्य को लेकर विभिन्न माध्यमों से परेशान करने का काम बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इधर कुछ दिनों से एक सुनियोजित साजिश के तहत लगातार अवैध खनन का नाम लेकर हंगामा किया जा रहा है। वहीं पिछले एक वर्षों में जिले में अवैध खनन के खिलाफ रिकार्ड कार्रवाई की गई है। बावजूद इसके अगर कही कुछ गलत है तो कड़ी से कड़ी से कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं नियमसंगत कार्य करने वाले खान व क्रसर संचालकों को प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाना चाहिए। अगर शीघ्र ही आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो पलामू जिले में खनन गतिविधियां ठप्प हो जाएगी। इससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के युवाओं में भटकाव शुरू हो सकता है।

# बिश्रामपुर नप कार्यालय में स्वच्छता उत्सव को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पलामू।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में नप अधिकारियों ने एसएचजी के महिलाओं के साथ एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया।बैठक में स्वछता उत्सव पर चर्चा हुई। एसएचजी के महिलाओं को स्वछता उत्सव के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।महिलाओं को स्वछता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे नप क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने को कहा गया। सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज ने कहा कि स्वछता उत्सव में महिलाओं की सहभागिता अति आवश्यक है। इसलिए एसएचजी के महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है।बैठक के बाद एसएचजी की महिलाओं ने जागरूकता रैली भी निकाली रैली के माध्यम से महिलाओं ने लोगों स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।मौके पर नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सुबोध केशरी, अनिल कुमार, जितेंद्र, मुरारी कुमार, रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रौनियार वैश्य महासभा सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह खेल मैदान के प्रांगण मे आज रौनियार वैश्य महासभा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के शुरूआत रौनियार वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्रवण गुप्ता ,राष्ट्रीय महिला प्रवक्ता मनीषा गुप्ता,बिनोद बिहारी प्रदेश महासचिव और लवली गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन शिक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे श्रवण गुप्ता और विशिष्ट अथिति के रूप राष्ट्रीय महिला प्रवक्ता श्री मति मनीषा गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के सम्बोधन प्रमंडल अध्यक्ष शंकर गुप्ता,लवली गुप्ता,संजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधन करते हुए श्री श्रवण गुप्ता ने कहा कि अपनी संगठन की मजबूती ,एकता और अपने समाज मे बिखरे हुए परिवार को जोड़ने पर बल दिया।

# किड्स आनंदमार्ग प्ले स्कूल का उद्घाटन



**सतबरवा।** किड्स आनन्दमार्ग प्ले स्कूल का सतबरवा प्रखंड के पोंची में रविवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के संस्थापक तथा संचालक सेवानिवृत्त शिक्षक राम लखन सिंह ने बाल्यकाल से ही बच्चों में सुसंस्कार कैसे भरा जाएगा इसकी जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में आधुनिक तकनीकी ज्ञान,अंग्रेजी,हिंदी के साथ-साथ शास्त्र और संस्कृत की भी शिक्षा दी जाएगी ताकि शिशुओं को बाल्यकाल से ही प्रतियोगी एवं संस्कारवान बनाया जा सके। शिक्षाविद् अचार्य गुणिन्द्रानन्द अवधूत ने कहा कि आजकल दुनिया का पर्यावरण संतुलन बिगड़ चुका है, क्योंकि मनुष्यों का मानसिक पर्यावरण बिगड़ चुका है, अर्थात मानसिक-आध्यात्मिक प्रदूषण बढ़ गया है।किड्स आनन्दमार्ग प्ले स्कूल प्रारंभिक कक्षा से ही बच्चों में नव्यमानवतावाद का बीज डालने का काम करता है ताकि युवावस्था आते ही आत्मकल्याण के साथ साथ संसार के कल्याण के लिए कार्य करें।शिक्षाविद अवधूतिका चितप्रभा अचार्या ने कहा कि यह विद्यालय बच्चियों में बचपन से ही आत्मविश्वास पैदा करता है कि तुम लड़कों से किसी भी मामाले में कम नहीं हो।अवधूतिका लघिमा अचार्या ने शिक्षा के क्षेत्र में आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था विश्व में नव्यमानवतावादी शिक्षा प्रदान करने का काम 1955 से ही कर रहा है।

## राज्य के युवा सरकार के खिलाफ कर रहे हैं आंदोलन : किसलय तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक पाटन मंडल में सम्पन्न किया गया।जिसका उद्घाटन भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जयसवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक,प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात,पूर्व सांसद मनोज कुमार,भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय,जिला प्रभारी मुन्ना तिवारी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।बैठक को सम्बोधित करते जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि हम युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक मंडल में अधिक से अधिक युवाओं से संपर्क कर राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार के युवा विरोधी नीतियों को बताएंगे। मोर्चा के प्रदेश प्रभारी जायसवाल ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकताओं को भाजपा का इतिहास एवं भाजपा के विचार को आत्मसात करते हुए जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।यही हमारा आधार है।भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि हम केवल आंकड़ों के बल पर नहीं बल्कि कार्यकताओं के अथक परिश्रम के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव रखते हैं।इसलिए हमारे ऊपर ज्यादा जिम्मेवारी है। युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है।

# आकाश बाग में पौधरोपण कर अपने परिवार के सभी सदस्यों का जन्मदिन मनाते हैं पर्यावरणविद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर पलामू ।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी तीसरी पोती अद्रिका जायसवाल की पांचवें जन्मदिन पर आकाश बाग में वृक्षों पर राखी बांधकर और बेडरुम में फिडललिप का पौधा लगाकर परिवार के सभी सदस्यों के साथ जन्म दिन मनाया। पर्यावरणविद ने वर्ष 2005 में अपने घर के उपरी तल पर आकाश बाग की शुरूआत किया था। आद्रिका पर्यावरणविद कौशल किशोर की पोती और पुत्र अरुण कुमार जायसवाल की दूसरी पुत्री है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने गिफ्ट के रूप में फिडललिप का पौधा देकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म का अर्थ है कि लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी शुभ अवसर या पूर्वजों की याद में पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं । जन, जल ,जंगल ,जमीन ,जानवर ,पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। अद्रिका के दादी सह संस्था के प्रधान सचिव व डाली बजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने व बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए। आद्रिका के पिता यूनिक पलाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि मेरे पिता पर्यावरणविद को पर्यावरण की सेवा करते आज अर्द्धशतक पार कर गए।

# बीआरसी भवन में शिक्षकों को दिया गया प्रशस्त एप का एकदिवसीय प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड बीआरसी भवन में शुक्रवार को शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने हेतु प्रशस्त एप का एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि 31 मार्च तक दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर एप्प में एंट्री करने हेतु सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में हर वर्ष पढाई के साथ साथ छात्रवृत्ति निः शुल्क उपलब्ध कराई जा सके। प्रशिक्षण के पश्चात मासिक गुरु गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गुरु गोष्ठी के माध्यम से प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया कि सोमवार तक सभी विद्यालयों के शत प्रतिशत बच्चों का खाता बीआरसी को उपलब्ध कराएं ताकि मार्च में ही पोशाक की राशि बच्चों को उपलब्ध कराई जा सके। बीपीओ रोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रखंड उंटारी रोड में मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना,कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं के लिए निः शुल्क पाठ्य पुस्तक व पोशाक की राशि हेतु शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है। प्रशिक्षण में बीआरपी नीरज चौबे, सीआरपी अश्विनी सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षक नीरज सिंह, प्रभाकर, मनोज कुमार,युगल किशोर तिवारी,बेचन सिंह, लाल बिहारी चौधरी, नीरज सिंह, देवनारायण दुसाध, पंकज कुमार, राजीव कुमार, राजमोहन रजक, प्रियंका कुमारी, कुमारी प्रीति सिन्हा सहित शिक्षक शामिल थे।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा हुई आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान( एनआईओएस) भारत सरकार के द्वारा आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक का जांच परीक्षा आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत के रा मध्य विद्यालय धावाडीह, रेवारातू पंचायत के रा मध्य विद्यालय दरूआ, घुटुवा पंचायत के रा मध्य विद्यालय एकता, बोहिता पंचायत के रा मध्य विद्यालय बोहिता, बारी पंचायत के रा मध्य विद्यालय खामडीह, पोंची पंचायत के बुनियादी विद्यालय सतबरवा, सतबरवा पंचायत के उ मध्य विद्यालय दुसाद टोला जमुआ, रबदा पंचायत के रा मध्य विद्यालय तुम्बागड़ा, दुलसुलमा पंचायत के रा मध्य विद्यालय दुलसुलमा तथा बकोरिया पंचायत के रा मध्य विद्यालय बकोरिया में परीक्षा केंद्र बनाया गया जिसमें 362 नव साक्षरों ने जांच परीक्षा में शामिल हुए। इस जांच परीक्षा में 406 नव साक्षरों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। नव भारत साक्षरता अभियान के प्रखंड सचिव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को केंद्राधीक्षक बनाया गया है ताकि सफलता पूर्वक नव साक्षरों की जांच परीक्षा संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि वैसे साक्षर व्यक्ति जिनके पास साक्षर होते हुए भी किसी प्रकार का साक्षरता का प्रमाण पत्र नहीं है। वैसे लोगों को एनआईओएस के द्वारा जांच परीक्षा के बाद साक्षर होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि नवसाक्षर भारत अभियान प्रखंड समिति के अध्यक्ष बीडीओ हैं। जांच परीक्षा के सफल संचालन हेतु बीआरपी मोहम्मद शमशाद, सीआरपी सुधीर मिश्रा, संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार समेत कई लोग सक्रिय देखे गए।

# बंग उत्सव में हुआ कोल्हान भर से बंगभाषियों का महाजुटान

## दिनभर बंग व्यंजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, शाम में बादल पाल के बाउल और लोकगीतों पर झूमे लोग





उत्सव का उद्घाटन करते सांसद विद्युतवरण महतो, श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, अचिंतम दा व अन्य। उत्सव में मंत्री बन्ना गुप्ता का अभिनंदन करते आयोजक। बंग उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** बंग उत्सव समिति की ओर से आज बिस्टुपुर गोपाल मैदान में बंगला भाषा भाषियों का महाजुटान हुआ, जिसे उन्होंने बंग उत्सव के रूप में मनाया. इसके विधिवत उद्घाटन के बाद दिनभर अनेकों तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जमशेदपुर सहित अन्य जिला व शहर से आये हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान नृत्य संगीत का दौर देर शाम तक चलता रहा। शाम को मानभूम पुरुलिया से आये लोक कलाकार बादल पाल ने बाउल व क्षेत्रीय गीत-संगीत का ऐसा समा बांधा कि लोग कुर्सी से चिपके रहे। उनके साथ पुरुलिया का छउ नृत्य भी लोगों को खूब मनोरंजन किया। इसके बाद बंगाल की मशहूर कलाकार पौशाली बनर्जी तथा सुरोजित एंड टीम ने कर्णप्रिय कई गीत प्रस्तुत किया। उनकी गीतों पर लोग जमकर झूमे। समारोह में कोल्हान सहित आसपास के राज्य से भी लोगों ने शिरकत की। बंग उत्सव के प्रथम पाली में समारोह का उद्घाटन सांसद विद्युत वरण महतो ने किया। उनके साथ बतौर अतिथि सुभाष सांस्कृतिक परिषद सहित कई संस्था से जुड़े समाजसेवी एवं देशी फूटवीयर कंपनी श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, बंग उत्सव समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता तथा बंगाल क्लब के तापस मित्रा ने किया। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि लौहनगरी एक मिनी भारत है, जहां सभी समुदाय के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि बंगला इतिहास आधारित भाषा है, हम सभी ने इसी भाषा में वर्ग प्रथम से दसवीं तक की शिक्षा ग्रहण की, लेकिन दुःख का विषय है कि जैसे ही इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू हुई, हमें अन्य भाषा में पढ? को मजबूर किया गया। इसलिये हमारे पूर्वजों ने विरासत के रुप में हमें जो भाषा, संस्कृति व परंपरा देकर गये हैं, उसके बचाए रखने के लिये हमें सचेत रहने की जरुरत है, ताकि इसमें किसी तरह की व्यवधान या आघात न पहुंचे। बंगला भाषा हमेशा से ही अनुकरणीय रहा है। हम सभी को इसके संरक्षण के लिये एक तिथि का चुनाव कर हर वर्ष ऐसा आयोजन करना चाहिये, ताकि आनेवाली पीढ़ी इसका महत्व जान सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोल्हान के सभी संस्था व सैकड़ों सदस्यों का सहयोग रहा।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम :** इस दौरान पूरे गोपाल मैदान परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स की मौजूदगी थी, आगंतुकों का ध्यान रखते हुए पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग को सुव्यवस्थित करना, पूरे गोपाल मैदान परिसर में सीसीटीवी की पैनी नजर से निगरानी, प्राथमिक सहायता केंद्र एंबुलेंस के साथ मौजूदगी, पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर आदि की भी सुविधा थी।

### ज्वलंत विषयों पर हुई चर्चा : अचिंतम

बंग उत्सव समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट करने एवं उनके समक्ष उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोल्हान के बंगभाषियों को यह मंच प्रदान किया गया, जिसमें बंगभाषियों का खानपान, संस्कृति आदि का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से मातृभाषा की रक्षा, पठन-पाठन में आ रही दिक्कतें, शिक्षकों की कमी आदि पर भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि एक माह बाद चिंतन शिविर आयोजित कर कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी, जिसमें गांव में बनी कमिटी के प्रमुख शामिल होकर बेहतरी के लिये सुझाव देंगे।

### कई सामाजिक संस्थाओं ने लगाये स्टॉल



बंग उत्सव के मौके पर कई सामाजिक संस्थाओं ने अपना स्टॉल लगाकर लोगों के बीच अपनी सेवा की. इसमें जुगसलाई दुगार्बाड़ी ट्रस्ट, शिक्षा समिति, सबुज कल्याण संघ, निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन, द इवनिंग क्लब, अमल संघ, सिंहभूम बंगियो एसोसिएशन, मिलानी, बंगाल क्लब, बंग बंधु, विवेकानंद मिलन संघ, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, गौरी कुंज, नेताजी मिलन संघ, सुभाषचंद्र मिलन संघ, न्यू फॉर्म एरिया दुगार्पूजा कमिटी, बंधन, माताजी मंदिर पोटका सहित लगभग चार दर्जन संस्था शामिल है। इस दौरान कई फूड स्टॉल भी लगाये गये थे।

# एससी व एसटी समुदाय के लिए समर्पित है मोदी सरकार : रघुवर



बैठक में पूर्व सीएम रघुवर दास काअभिनंदन करते मोर्चा के पदाधिकारीगण। साथ में गूंजन यादव और सुधांशु ओझा।

### भाजपा एससी/एसटी मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के अनुसूचित जाति मोर्चा की तृतीय कार्यसमिति बैठक रविवार को कदमा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्पन्न हुई। मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत कालिंदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यसमिति बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद वंदे मातरम के गीत एवं भारत माता की जय के उद्घोष से बैठक की विधिवत शुरूआत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि मोर्चा के सभी पदाधिकारी प्रत्येक बूथ में जाकर अनुसूचित जाति वर्गों के लोगों की समस्याओं को सुनें और उनके समुचित समाधान का पूरा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को अंगीकार कर आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए कई योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की हैं। केंद्र सरकार ने प्रत्येक वर्ष एससी-एसटी के कल्याण के लिए आम बजट में जहां बढ़ोतरी की है। वहीं उनकी आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले भी लिए हैं।

वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि हमारे लिए हर्ष की बात है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंध रखने वाले लोग आज देश के उच्च संवैधानिक पदों की शोभा बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नीतियां सबके लिए शुरू किये गए उनमें सबसे अधिक लाभ अनुसूचित जाति के वर्ग को मिल रहा है क्योंकि वर्षों से वो पिछड़ रहे थे, उन्हें समाज की मुख्यधारा एवं साथ में जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी कुशलता के साथ किया है।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सभी कार्यकताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह से कमर कस लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, सुधांशु ओझा, महामंत्री राकेश सिंह, मंत्री नीलू मछुआ, भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के महामंत्री पी के करवा एवं धन्यवाद ज्ञापन राजा राम के द्वारा किया गया।

# भव्य हिंदू नववर्ष यात्रा 22 को सनातनी संगठनों ने कमर कसी




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रामबाबू तिवारी, नीरज सिंह, मृत्युंजय कुमार, दशरथ चौबे व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष यात्रा इस बार बहुत ही भव्य तरीके से 22 मार्च को निकाली जायेगी। नववर्ष यात्रा तीन स्थानों से होते हुए नेताजी सुभाष मैदान,साकची पहुंचेगी। मानगो से हिन्दू नववर्ष यात्रा रामबाबू तिवारी, मृत्युंजय जी और नीरज सिंह के नेतृत्व में अपरान्ह 3 बजे डिमना रोड से नेताजी सुभाष मैदान के लिए निकलेगी जबकि कदमा और एग्रिको से यात्रा दोपहर दो बजे साकची नेताजी सुभाष मैदान के लिए रवाना होगी। कदमा और एग्रिको के जुलूस बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर साकची में आकर मिल जायेंगे और यहां से एक साथ नेताजी सुभाष मैदान पहुंचेंगे। कदमा और एग्रिको के जुलूस की तैयारी का जिम्मा युवा नेता अमित शर्मा एंड टीम संभालेगी। जुलूस को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने पहले ही रुट तय कर रखा है,और आयोजकों को चेताया है कि किसी सूरत में जुलूस में हथियार लेकर नहीं चलना है। जुलूस के मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे। इधर, आज हिंदू नव वर्ष यात्रा के अध्यक्ष राम बाबू तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए यात्रा से संबंधित अधिकृत रूप से जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि नव वर्ष यात्रा वर्षन वर्ष आयोजित होता रहा है, यात्रा का उद्गम स्थल मानगो डिमना से सुभाष मैदान है, डिमना से सुभाष मैदान भगवा स्नान हेतु सजधज कर तैयार है` हिंदू नव वर्ष यात्रा भव्य शोभा यात्रा का हम सभी सनातनी द्वारा बीजारोपण वर्षों पूर्ण किया गया था जो आज शहर में एक विशाल भव्य हिंदू नव वर्ष यात्रा का रूप लिया हैं और अनवरत यह चलता रहेगा। रामबाबू तिवारी ने कहा कि भारतीय नव वर्ष समूचे देशवासियों के लिए सांस्कृतिक विरासत है चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी भगवान विष्णु का प्रथम अवतार भी इसी दिन शुरू हुआ था प्रकृति में नयापन होता है पेड़ पौधों में फूल मंजर कली इसी समय आने आरंभ होते हैं ।हिंदू नव वर्ष सबके लिए गर्व का क्षण है। हम सभी देशवासियों को अपने जीवन संस्कृति के रक्षा के लिए तत्पर रहना है। सनातन धर्म का नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बारे में वर्तमान पीढ़ी को जानने चाहिए चुकी आज की पीढ़ी हैप्पी न्यू ईयर जानती है पर उन्हें यह नहीं पता है कि हम सभी सनातन हैं और हम सभी सनातनीयों का कैलेंडर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और हम विक्रम संवत को मानते हैं । जब हम सब शादी- विवाह, भूमि पूजन, शुभकार्य आदि सनातनी नियमनुसार करते है वही अलख आज के युवा पीढी मे जगानी है । रामबाबू तिवारी ने कहा कि जितने भी पूरक यात्रा निकल रहे उन सभी सनातनियों को हमारा समर्थन हैं, हम सब का ध्वज एक ही ध्वज केसरिया ध्वज है जिसके अंतर्गत यात्रा निकाली जा रही है। हिंदू नव वर्ष यात्रा हेतु समस्त जमशेदपुर की सनातनीयों, सभी सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन, राजनीतिक संगठन, से निवेदन है आग्रह है अपनी चट्टानी इरादों के साथ यात्रा में शामिल होकर विशाल हिंदू नव वर्ष यात्रा में भगवा स्नान करने पहुँचे ।

## जमशेदपुर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी का गोल्डन वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपूर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड सोसाइटी ( जोग्स ) का गोल्डेन जुबली , 50 वीं सम्मेलन समारोह का आयोजन 18 एवं 19 मार्च 2023 को होटल रामदा के एमरेल्ड हॉल में आयोजित किया गया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं जेवियर इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट यानी एक्सएलआरआई के प्रोफेसर डॉक्टर फॉदर सेवास्टियन एस जे जी ने जोग्स को 50 वीं गोल्डेन जुबली सम्मेलन के लिए बधाई दीं तथा आशीष दिए। उन्होने कहा कि मानव जीवन ूकरेज, कंपैशन और कनेक्ट के सिद्धान्तों पर सुचारू रूप से चलता है,जो डॉक्टर अपने पेशे कार्य क्षेत्र में उपयोग करते हैं। एम जी एम मेडिकल कॉलेज ,जमशेदपुर के प्रिंसिपिल एवं डीन डॉ के एन सिंह ने जोग्स को अपनी शुभकामनायें दिया। 50 वर्ष पहले 1973 में विश्व प्रसिद्ध ,टाटा मेन हॉस्पीटल के गायनी विभाग प्रमुख डॉ सविताभा दासगुप्ता जी द्वारा जोग्स की स्थापना की गयी थी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ आलोके देवदास, डॉ वीणा प्रसाद ,डॉ रेशनी टाटा को उनके द्वारा आजीवन मानवता सेवाओं विशेष कर स्त्रियों की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उत्तम स्वास्थ के कार्य के लिए डा एस दासगुप्ता मेमोरियल लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया । इस वर्ष सम्मेलन में फोगसी की कैंसर कमिटि की चेयर परसन डॉ प्रिया गणेश कुमार जी ने कोल्पोस्कोपी द्वारा महिलाओं में होने वाले गर्भाशय के मुख्य द्वार पर सरभाइकल कैंसर के लक्षण के लिए महालाओं का जाँच किया । फिर कलकता के डॉ अरुणाभा राय के सहयोग से ट्यूमर बोर्ड में विभिन्न डाक्टरों नें ट्यूमर जाँच और ईलाज निदान पर अपने अपने विचार रखे।

### भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन 22 से

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री राममन्दिर टेल्को के प्रांगण में रामनवमी व श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ख्याति प्राप्त कथा वाचक संत श्रद्धेय राघव दास जी महाराज जो अयोध्या से पधार रहे है।उनके मुखार बिंद से रामकथा व रामचरित मानस पर आध्यात्मिक प्रवचन नवरात्र के पहले दिन (22.03.2023) से शुरू होकर रामनवमी तक (30.03.2023) संध्या 7:00बजे से 9:00बजे तक अनवरत चलेगा।

## एक नजर में

### झारखंड लोक कलाकार संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**चांडिल।** विधायक सविता महतो के नेतृत्व में झारखंड लोक कलाकार संघ के कलाकार ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को अपने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्वयं को मां सरस्वती का छो मुखौटा एवं मांदर कलाकारों ने सप्रेम भेंट किया। कलाकारों ने पश्चिम बंगाल के तर्ज पर मासिक भत्ता पहचान पत्र आदि देने की मांग किया। जिले से लेकर पंचायत तक संस्कृति पदाधिकारी न्यूज करने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक सविता महतो, झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रभात कुमार महतो, चंद्रदेव सिंह, अनीता उरांव, लक्ष्मीनाथ महतो, सीताराम महतो, महेश्वर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर

जमशेदपुर । साकची के ठाकुरबाड़ी रोड में रविवार को जीवन ज्योति फिजियोथेरेपी की ओर से नि:शुल्क शिविर लगाया गया। इसका उदघाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में फिजियोथेरेपी चिकित्सा काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। हर किसी को कभी ने कभी इसकी जरूरत पड़ती है। नि:शुल्क शिविर के आयोजन के लिए उन्होंने डॉक्टर को बधाई दी। मौके पर डॉ. गौतम भारती ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शिविर में 163 मरीजों की नि:शुल्क थेरेपी हुई। शिविर संचालक डॉ. गौतम भारती ने बताया कि कुल 165 मरीजों का शिविर में इलाज हुआ, जिसमें 85 मरीज कमर और घुटना दर्द से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि बदलते लाइफ स्टाइल के कारण आजकल कमर और घुटना दर्द काफी सामान्य हो गया है। शरीर का वजन बढ़ना, कंप्यूटर, लैपटॉप पर बैठ कर घंटों काम करना, लंबे समय पर बाइक चलाना, मोबाइल का प्रयोग से यह बीमारियां हो रही है। शारीरिक श्रम बिल्कुल नहीं के बराबर हो गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी तरह के स्पांडिलाइसिस, अर्थराइटिस, पैरालिसिस, नस से संबंधित परेशानी व खेल–कूद के दौरान लगी चोटों से निजात के लिए भी थेरेपी की नि:शुल्क सुविधा मरीजों को उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर शहर के जाने माने फिजियोथैरेपिस्ट डा. हिमांशु शेखर भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीएसीईटी के छह छात्र-छात्राओं का हुआ आकर्षक पैकेज पर प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनिरिंग एंड टेक्नोलॉजी , घुटिआ , जमशेदपुर के 11 छात्रों का चयन कोलकाता की मोबाइल कम्युनिकेशन सपोर्टिंग कंपनी मेसर्स हाई टेकनेक्स्ट, में आकर्षक पैकेज में हुआ है, जिसमे इलेक्ट्रिकल विभाग के 6 छात्र , सिविल विभाग के 2 और इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल एवं कंप्यूटर विभाग के एक एक छात्र हैं। ये सभी छात्र ट्रेनिंग समाप्त करके अगस्त 2023 से साइट इंजीनियर के पद पर कंपनी में अपना योगदान देंगे। इनका कार्यक्षेत्र बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल और ओड़िसा होगा जहाँ पैकेज के साथ रहने की सुविधा भी मिलेगी। इनकी सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

### आनंद मार्ग के शिविर में 92 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से रैन बसेरा में 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। आज ही आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से कांड्रा आनंद मार्ग स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 92 यूनिट रक्तदान 100 निशुल्क पौधे का वितरण एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 6 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन कर दवा एवं चश्मा देकर गदरा के लोगों को घर पहुंचाया गया।

### दुर्गा प्रसाद मुर्मू को दिशोम जाहेर गढ़ आदिवासी समाज ने किया सम्मानित

**जादूगोड़ा।** नरवा पहाड़ यूसील कॉलोनी स्थित जाहेर गाढ़ मे महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथो संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कार से सम्मानित राजदोहा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद मुर्मू को नरवा पहाड़ दिशोम जाहेर गाढ़ में उनके सम्मान मे आदिवासी समाज की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। इधर सम्मानित होने के बाद मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद मुर्मू ने अपने सपने व अनुभव को साझा किया वही किस तरह अपनी ,मेहनत निष्ठा, लगन के साथ इस मकाम तक पहुँचने मे सफलता हासिल की ।अपनी संघर्ष की कहानी लोगो को शेयर किया । अंत में उन्होंने कहा कि जीवन में हौसला व लक्ष्य ही लोगो को कामयाब बनाता है। जिस ओर समाज को फोकस करने की जरूरत है।इस मौके पर यूसील अधिकारी सागर टुडू ने कहा कि उनके इस सम्मान से जादूगोड़ा ,नरवा समेत पूरे झारखंड का आदिवासियों का सम्मान बढ़ा है व आदिवासी समाज का नाम रौशन हुआ है। राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित दुर्गा प्रसाद मुर्मू को सम्मानित करने वालो में आसनबोनी तरफ परगना बाबा हरीपदो मुर्मू, यूसील अधिकारी मनोरंजन महाली, सागर टुडू, माझी बाबा वीरेन टुडू, दासमत मुर्मू, ठाकुर हांसदा, नायके बाबा सालकु मुर्मू, स्टेट बैंक अधिकारी श्री भुगलू मुर्मू,समेत कार्यक्रम मे दिशोम जाहेर गाढ़ के दिलीप कुमार मुर्मू, सुरेश मुर्मू, फुदन मार्डी, सुनाराम हांसदा, सकला मार्डी, डेमका हो, दिनेश टुडू, घनीराम टुडू, गोविंद मुर्मू, ज्ञानरंजन मुर्मू, रामचंद्र मार्डी, कान्हुराम बास्के, गुमदा टुडू, भरत हांसदा, बिक्रम मुर्मू व भारी संख्या मे महिलाएं व बच्चों ने हिस्सा लिया।

### बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत चला हस्ताक्षर अभियान

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित हुए सात दिवसीय श्रीराम कथा में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा कन्या भ्रुण सरंक्षण एवं बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। गुजरात के सूरत से आये गुरुजी संतश्री ने महिलाओं के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए अभियान का हिस्सा बने और हस्ताक्षर किये। साथ ही करीब लगभग 400 से अधिक भक्तगणों ने भी हस्ताक्षर किये। इस दौरान कथा वाचक परम श्रद्धेय संतश्री से महिलिाओं ने आशीर्वाद ग्रहण किया। साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सुरभि शाखा की सदस्यों द्वारा काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। पुरे एक सप्ताह तक शाखा ने सेवा प्रदान की। इस कार्य हेतु कार्यक्रम के आयोजकों एवं समाज बंधुओं द्वारा सुरभि शाखा को सम्मानित किया गया। .यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, रजनी बंसल, पुष्पा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, पारुल चेतानी, वंदना अग्रवाल आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

### सबर बस्ती डेमकाडीह में दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था अंत्योदय रियरिंग द रेयर ने अपने अंत्योदय के मिशन को आगे बढ़ाते हुए 19 मार्च 2023,रविवार को सबर बस्ती डेमकाडीह में ग्रामीणों के बीच दैनंदिन में उपयोग होने वाली वस्तुओं का वितरण किया तथा बच्चों के बीच पठन–पाठन सामग्रियों का भी वितरण किया..इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्री आशुतोष सिन्हा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्री इंद्र देव प्रसाद जी , अध्यक्ष झारखंड कुम्हार कल्याण संघ, को अंगवस्त्र देकर और संस्था की सदस्या प्रियंका सोनी ने भगवद गीता देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री इंद्रदेव प्रसाद जी ने अपने उदबोधन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्ही बच्चों में से कल कोई विद्वान निकलेगा,कोई श्रेष्ठ क्रिकेटर निकलेगा, कोई बड़ा फुटबॉलर निकलेगा। संस्था के संस्थापक आशुतोष सिन्हा जी ने मातृशक्तियों को समाज के मुख्यधारा में आने हेतु प्रोत्साहित किया। संस्था के सदस्य हरिओम जी ने बच्चों के बीच खेलकूद का भी आयोजन करवाया।

### भाजपा बिष्टुपुर मंडल की बैठक में बूथ कमेटी पर हुआ मंथन

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी बिष्टुपुर मंडल के द्वारा हनुमान अखाड़ा मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में मंडल कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई । मंडल कार्यसमिति बैठक में आगामी होने वाले चुनाव और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजनाओं को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशआनंद गोस्वामी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बूथ पर पार्टी का झंडा लेकर खड़ा होता है तब हमारी सरकार बनती है सरकार बनाने में उन कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है जिन्होंने बूथ स्तर पर हमें मजबूती प्रदान की। आने वाले लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर टीम भावना के साथ मिलकर काम करें और पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाएं प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा ने कहा कि भाजपा बूथ को फोकस करके कार्य करती है ।

# सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद् का सम्मेलन संपन्न

## अरविंद विद्रोही पुन: अध्यक्ष चुने गये, नयी कार्यसमिति का हुआ गठन



सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि राकेश्वर पांडेय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार 19 मार्च 2023 को प्रातः 11:00 बजे से सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद् जमशेदपुर का जिला सम्मेलन भोजपुरी भवन गोलमूरी में आयोजित किया गया। सम्मेलन को तीन सत्रों में विभक्त किया गया था। प्रथम सत्र में 'भारतीय संस्कृति और कबीर' विषय पर परिचर्चा एवं आगत अतिथियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मंच पर प्रसिद्ध गीतकार डॉं सुभाष चन्द्र यादव,विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रसिद्ध यूनियन लीडर श्री राकेश्वर पाण्डेय एवं सम्मानित अतिथि के रुप में श्री कौलेश्वर पाण्डेय जी उपस्थित थे। प्रथम सत्र की अध्यक्षता अरविंद विद्रोही ने किया। संचालन का दायित्व संजय पाठक स्नेही ने संभाला।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तदुपरांत वीणा पाण्डेय भारती द्वारा बटोहिया गीत की प्रस्तुति दी गई। विमल किशोर विमल ने स्वागत गीत एवं वरुण प्रभात ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि डॉं सुभाष चंद्र यादव को रामसेवक विकल स्मृति सम्मान 2023 एवं सम्मानित अतिथि कौलेश्वर पाण्डेय को भोजपुरी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया जिसके अन्तर्गत अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं गुलदस्ता भेंट की गई। विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद परिचर्चा का विषय 'भारतीय संस्कृति और कबीर' का विषय प्रवेश डॉं संध्या सिन्हा ने किया। सामाजिक परिपेक्ष में कबीर के महत्व को रेखांकित करते कबीर को सबसे प्रासंगिक कवि के रुप में निरूपित किया। विशिष्ट अतिथि श्री राकेश्वर पाण्डेय ने भोजपुरी के पहले कवि के रुप में कबीर को याद करते हुए उन्हें संत परंपरा का महान कवि बताया।मुख्य अतिथि डॉं सुभाष चंद्र यादव ने कबीर के समग्र साहित्य को उद्धृत करते हुए उसे समाज के लिए खासकर युवा पीढ़ी के लिए सबसे जरुरी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अरविंद विद्रोही ने परिषद् के गठन एवं भोजपुरी भवन के निर्माण की यात्रा का ज़िक्र करते हुए अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की।

**नयी कार्य समिति :** द्वितीय सत्र में जिला सम्मेलन आयोजित किया गया,जिसके अन्तर्गत चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षक त्रय की मौजूदगी में पुरा किया गया। सचिव का प्रतिवेदन वरुण प्रभात ने प्रस्तुत किया। तदुपरांत सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद् की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया,जिसे आमसभा एवं पर्यवेक्षक के रुप में मौजूद डॉं सुभाष चंद्र यादव,श्री राकेश्वर पाण्डेय एवं श्री कौलेश्वर पाण्डेय की सहमति से ध्वनिमत से पारित किया गया। नई कार्यकारिणी के अन्तर्गत संरक्षक मंडल में - श्री विकास सिंह, ए के श्रीवास्तव, महेश शरण, नकुल तिवारी, प्रो हरेन्द्र प्रताप सिंह, रामाश्रय सिंह, उदय कुमार सिंह,इंद्रजीत सिंह, परामर्शदातृ समिति में - दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश, शैलेन्द्र अस्थाना, राजदेव सिन्हा, डॉं संध्या सिन्हा, देवनाथ शर्मा, अध्यक्ष- अरविंद विद्रोही, कार्यकारी अध्यक्ष-मसूद खान, उपाध्यक्ष- श्रीमती ज्योत्स्ना अस्थाना, यमुना तिवारी हर्षित, सुशील शर्मा, सुनिल सिंह, प्रधान सचिव-वरुण प्रभात, संयुक्त सचिव- आशुतोष चौबे, जगत नारायण जगत, रमेश हँसमुख, जितेश तिवारी, साहित्य एवं सांस्कृतिक सचिव - गौहर अजिज, संगठन सचिव - संजय पाठक स्नेही, कार्यालय सचिव- अमरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष -जय शंकर दूबे।

# साहित्य समारोह के दूसरे दिन अविस्मरणीय महिलाओं की कहानियों पर साहित्यकारों ने व्यक्त किये विचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दुमका स्टेट लाइब्रेरी लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन पहले सत्र में अविस्मरणीय महिलाओं की कहानियां विषय पर अनुकृति उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मुझे प्रकृति के गोद में बसे इस वीरों की भूमि में आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को अपने परंपरा अपने संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग में पैदा होने के बाद शिक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता रही।शिक्षा प्राप्त करने के बाद दुनिया मे अलग अलग जगह पर काम करने निकल पड़ी।दुनिया घूम कर देखा।पाया कि लोगों में अंतर नहीं है परिस्थितियों में अंतर है। उन्होंने बताया कि घर छोड़ा अपने परिवेश को छोड़ा।पिछले तीन वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली से संस्था से जुड़ी हूँ। जितना पर्यावरण मैंने नष्ट किया है उसका कुछ अंश भरण करने का प्रयास कर रही हूं। बताया कि मैंने अंग्रेजी में 4 किताबें प्रकाशित हुए हैं।2 छोटे उपन्यास लिखे हैं।दौरा और भौंरी।राजस्थान की ग्रामीण और बंजारा संस्कृति से जुड़े 2 उपन्यास लिखे हैं। इन उपन्यास में उनके जीवन,सौंदर्य उनके संघर्ष पर लिखा है। कहानियां की संकलन से संबंधित पुस्तक 'द ब्लू वीमेन' हाल में प्रकाशित हुई है। उन्होंने कहा कि हम सभी का जीवन एक दूसरे से जुड़ा हैं। हर पीढ़ी अपने पुराने पीढ़ी से कुछ अंश लेकर आगे बढ़ती है। स्त्रियों की किसी ने सक्षम नहीं बनाया वो हमेशा सक्षम थी।

उनके दायरे को सीमित रखा गया था।उन्होंने अपने क्षेत्र का विस्तार किया।समाज मे स्त्रियों का अपना एक अलग महत्व है। किसी उत्सव की कल्पना स्त्रियों के बिना संभव नहीं है। स्त्रियों का दो परिवार होता है। एक जहां उनकी भावना जुड़े होते है और दूसरा जहां उन्हें जोड़ना होता है। कोई भी विधा उतनी ही सिमित है,जितना उसे लिखने वाला होता है। किसी भी विधा की कोई सीमा नहीं होती है। अपने सीमा को पहचानने की जरूरत है। लिखना भी एक तरह का योग है। जितना करेंगे उतना आसान होता जाएगा। मोडरेटर के रूप में अच्युत चेतन ने कहा कि अनुकृति उपाध्याय के उपन्यास के





बारे में कहा जाता है कि महिलाओं के जीवन के उन कोनों में चली जाती है जहां साधारण रूप से इंसान का मन नहीं जा पाता है। आपके कहानियों में राजस्थान की झलक देखने को मिलती है। राजस्थान का मरुस्थल भी आपके उपन्यास में पात्र है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में ऑनलाइन जुड़कर साहित्य और जीवन मे हास्य विषय पर वरुण ग्रोवर ने अपने विचार व्यक्त किया। कहा कि हास्य और व्यंग में थोड़ा ही अंतर है। हास्य की भी एक विधा है। वर्तमान में कॉमेडी करना थोड़ा मुश्किल है। अब कॉमेडी का सीधा संबंध रियलिटी से है। सोशल मीडिया के वजह से कविताओं या अन्य चीजों के गुणवत्ता में गिरावट आयी है। कहा कि पॉलिटिक्स के बिना कॉमेडी संभव नहीं है। कई बार मुश्किलों में ह्यूमर ही आपको बचा सकता है। ह्यूमर का अपना एक महत्व है। कहा कि कविता एवं अलंकार गानों को अमर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। लेखन के क्षेत्र में किसी का कब्जा नहीं है।लेखन का एक खुला क्षेत्र है।लेखन में मेहनत कर एक अलग पहचान बनायी जा सकती है।फिल्मों की बात की जाय तो लेखन फिल्मों की रीढ़ होती है।

कार्यक्रम के तीसरे सत्र में 'साहित्य और मानसिक स्वास्थ्यः स्वयं के साथ सामंजस्य' विषय पर जैरी पिंटो ने अपने विचार व्यक्त किये। जैरी पिंटो मुंबई के रहने वाले हैं।वे अंग्रेजी भाषा के कवि,साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकार हैं। कहा कि जो भी कोई किताब आपको पसंद नहीं आये तो उसका दान कर दें ताकि वह अपने रीडर तक पहुँच सके।सरस्वती माँ को कैद मत कीजिये।भाषा एक घर है। हर कोई जो आपके भाषा का उपयोग या प्रयोग करना चाहते हैं उनका सम्मान करें।सभी भाषा के साथ सामान व्यवहार करें।सभी भाषा अपनी अलग पहचान रखता है। कहा कि अगर आप लेखक बनना चाहते हैं तो हर दिन लिखिए।हर दिन लिखने का अभ्यास आपके लेखनी को निखरेगा और आप एक बेहतरीन लेखक बनेंगे। कार्यक्रम के चौथे सत्र में झारखंड राज्य एवं इसके निवासियों के बारे में साहित्य विषय पर महादेव टोप्पो ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है।साहित्य पढ़ने के दौरान पाया कि जिस क्षेत्र से में संबंध रखता हूँ वह समाज साहित्य में कहीं कोई स्थान नहीं रखता है।जंगल पहाड़ की बातें कौन सुनेगा ऐसे तानों के साथ मैंने जंगल पहाड़ नाम की किताब लिखी जिसे खूब सराहा गया।अपनी बात और संवाद को दूसरों तक पहुचाने का बेहतर माध्यम साहित्य है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर मुद्दों को आदिवासी तथा झारखंड को केंद्र बिंदु में रखकर लिखता हूँ।उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा की लिपि उस भाषा की ध्वनि का चित्र है।सभी समुदायों ने अपने सुविधा के अनुसार लिपि का चयन किया है। जोसेफ बारा ने कहा कि झारखंड प्रकृति की गोद मे बसा राज्य है। प्रकति की पूजा करने वाले आदिवासी समाज यहां निवास करते हैं।उन्होंने कहा कि अब तक यह समाज मुख्य धारा में नहीं आ सका है।इस समाज को मुख्य धारा से जोड़कर ही इन्हें विकास के पथ पर लाया जा सकता है। आदिवासी समाज को देखने का नजरिया बदलना होगा। हजारों शब्द हैं जिन्हें आदिवासी भाषा से लिया गया है। कहा कि लोक मान्यता एवं लोक परंपरा में कई सारी बातें हैं जिन्हें लिखना होगा। चुंडा सोरेन सिपाही ने कहा कि संथाली साहित्य की समृद्धि के लिए एक लिपि का प्रयोग करना होगा।संथाली भाषा मे एक शब्द के कई अर्थ हैं।

उन्होंने कहा कि अनुभव के बगैर किसी भी साहित्य की रचना नहीं की जा सकती है।कहा कि झारखंड में रहने वाले लोगों का साहित्य बिखरा हुआ है। कई लिपियों में संथाली भाषा को लिखा जा रहा है। द्वितीय राजकीय पुस्तकालय साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन के सातवें चरण में वर्ष 2006 में 'संशयात्मा' शीर्षक कविता संग्रह पर साहित्य अकादमी पुरस्कार के अलावा पहल सम्मान, बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान व शमशेर सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार से विभूषित ज्ञानेंद्रपति द्वारा पुस्तक पुस्तकालय और साहित्य विषय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा प्रस्तुत की गई। ज्ञानेंद्रपति का जन्म पत्थर गामा के गोंडा में हुआ और अपने बिहार में जेल अधीक्षक के रूप में अपनी सेवा दी हैं। वे हिंदी के प्रतिष्ठित कवि है और उनके कई काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। उनके महत्वपूर्ण कार्य में गंगा बीती, संशय आत्म तथा कविता भविता आदि शामिल है। इस सत्र में सौरभ भुवानिया मॉडरेटर के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक के महत्ता की विस्तार रूप से चर्चा की। इस दौरान ज्ञानेंद्रपति ने पुस्तक से संबंधित कई ज्ञानवर्धक बातें बताएं। उपस्थित सभी लोगों को पुस्तक को अपना दोस्त बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें प्रत्येक छात्र के जीवन में कल्पना की दुनिया से परिचित कराने, बाहरी दुनिया का ज्ञान प्रदान करने, उनके पढ़ने, लिखने और बोलने के कौशल में सुधार करने के साथ-साथ स्मृति और बुद्धिमत्ता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

स्पीड न्यूज

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की बैठक आयोजित

**जामा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विकास भवन में रविवार को हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड दुमका जिला का एक बैठक आयोजित हुई। जिला सचिव बीरबल दास के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड जिला समिति का विस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव बीरबल दास ने बताया कि हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड जिला का एक बैठक करने का निर्देश हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड राज्य मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में किया गया। जिसमें जिला में स्कॉउटींग के कार्यों में गति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। आगामी 26- 27 मार्च को रांची में आयोजित राज्य कार्यकारिणी राज्य परिषद की बैठक में भाग लेने को लेकर आवश्यक तैयारी की गई। बैठक के दौरान समिति के निरंजन दास, फोनी कुमार लायक, महेंद्र दास, दिलीप कुमार दास, बिनोद राय, मीतु कुमारी, प्रियंका कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## साक्षरता विभाग की जांच सह आकलन संख्यात्मक परीक्षा का हुआ आयोजन

**शिकारीपाड़ा।** जिले में महिला एवं पुरुषों के बीच साक्षरता के अनुपात को बांटने के लिए विभाग द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महिला साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। विगत 3 महीनों से सुदूर गांवों में चयनित अनुदेशकों के द्वारा असाक्षर महिलाओं को साक्षर करने का काम किया जा रहा था। जिसके लिए साक्षरता विभाग ने नवसाक्षर महिलाओं के जांच सह आकलन संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन हुआ। प्रखंड में इसके लिए विधालयों में कुल 66 केंद्र बनाए गए थे। विद्यालय के प्रधान को केंद्र अधीक्षक एवं अन्य सहायक शिक्षकों को वीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक निर्धारित परीक्षा काल में नवसाक्षर महिलाएं केंद्रों में आती रही और स्वत स्फूर्त ढंग से परीक्षा में भाग लिया । कुल 1320 नवसाक्षर महिलाओं ने परीक्षा दी। प्रखंड के सभी पंचायतों में अनुदेशकों ने परीक्षा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन के लिए डीसी एवं डीसी के निदेर्शानुसार प्रखंड के बीईओ अमिताभ झा, बीपीएम अब्दुल अंसारी, बीपीओ नयन कुमार हैरेंज, बीआरपी नसीम अंसारी, हाकिम अंसारी सीआरपी प्रदीप मांझी, एमटी देवेंद्र नाथ साहा तथा मो हारुन मियां आदि ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आकलन सह जांच परीक्षा में भाग लेकर नवसाक्षर हुए काफी उत्साहित

**बरवाडीह।** नव साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत जिला साक्षरता समिति लातेहार के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड के चार पंचायत में बुनियादी साक्षरता आकलन जांच परीक्षा में करीब 180 लोग शामिल हुए जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। परीक्षा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। घर के कामों की व्यस्तता के बावजूद महिलाएं अपने अपने केंद्रों में परीक्षा देने पहुंची थी। केंद्राधीक्षक, प्रेरक एवं शिक्षा सेवकों की उपस्थिति में परीक्षा का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने शिक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा का संचालन किया। बरवाडीह, केचकी, छेंचा और मोरवाई कला में परीक्षा केंद्र का चयन किया गया था। जहां ऋषि कुमार ने बताया कि सभी लोगों के सहयोग से समिति अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। वैसे नव साक्षर महिला और पुरुष जो अपने जीवन में किन्ही कारणों से पढ़ाई नहीं कर पाए और उनके पास साक्षर होने का कोई प्रमाण नहीं था। ऐसे लोगों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन जांच परीक्षा का आयोजन किया गया हैं।

## 21 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चक्रधरपुर में छह और पांड्राशाली में 21 लोगों को विद्युत उर्जा चोरी करते हुए पकड़ा। चक्रधरपुर में बिजली विभाग ने छह लोगों पर 1,31,850 रुपये का जुमार्ना लगा कर सभी के खिलाफ थाना में बिजली चोरी करने का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार बिजली चोरी की रोकथाम के लिए छापामारी दल में विद्युत आपूर्ति अपर प्रमंडल, चक्रधरपुर के सहायक विद्युत अभियंता कफील अंसारी, कनीय सारणी पुरुष सोनू प्रसाद, मानव दिवस कर्मी शालोम, संजय यादव, प्रदीप आदि शामिल थे।

## एसकेएमयू के दीक्षांत समारोह की आयोजन समिति ने बैठक में पेश की प्रगति रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मु के 7 वां दीक्षांत समारोह को लेकर रविवार को आयोजन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने की। बैठक में कुलपति सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समितियों के सदस्यों ने अपने समिति के कार्य प्रगति का रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने बताया की पूर्व कुलपति प्रो बशीर अहमद खान जिनके तीन साल के कार्यकाल में तीन दीक्षांत समारोह आयोजित हुए थे। वे इस दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।



दीक्षांत समारोह को भव्य बनाने के लिए राँची से मिलिट्री बैंड बुलाया गया है। उनकी व्यवस्था की ज़िम्मेदारी सैमुअल किस्कू और रीना कुमारी को दिया गया है। राज्यपाल और मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का स्वागत परंपरागत लोटा पानी से होगा। जिसकी ज़िम्मेदारी डॉ शर्मिला सोरेन को दी गई। डॉ डीएन गोराई और उनकी टीम को अतिथियों के स्वागत की ज़िम्मेदारी हैं। वेन्यू वैनेजमेंट टीम को यह देखना है। अतिथि और मेडल प्राप्त करने वाले छात्र छात्रा अपने मार्क किए गए स्थान पर ही बैठेंगे। छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई गई है। मीडिया को आमंत्रित करने और उन्हें पहचान पत्र प्रदान करने की ज़िम्मेदारी डॉ अजय सिन्हा को दी गई है। अन्य सभी अतिथियों को आमंत्रण पत्र प्रेषित कर दिया गया है। विश्वविद्याल का कार्यालय रविवार के अवकाश के दिन भर खुला रहा और दीक्षांत समारोह से संबंधित कार्यों को निपटाया गया। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ डीएन गोराई, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ शर्मिला सोरेन, परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ राजीव सिन्हा एवं डॉ इंद्रनील मंडल, पीआरओ डॉ शंभु कुमार सिंह, डॉ राजेश यादव, डॉ स्नेहलता मूर्मू, प्रो अमिता कुमारी, राजकुमार झा, डॉ दीपक कुमार, प्रो राजेश कुमार, प्रो इंद्रजीत और डॉ अजय सिन्हा आदि मौजूद थे।

## जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** स्कार्पियो में डीजल भरवा पैसे नहीं देने और पेट्रोल पंप कर्मी के पैसे से भरा थैला छीनने के आरोपी युवक को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ओपी थाना पुलिस गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी है। पुलिस क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप में बीते 10 जनवरी को ओपी क्षेत्र के ही एक शख्स द्वारा अपने स्कॉर्पियो वाहन में डीजल डलवा कर पैसे नहीं देने एवं पेट्रोल पंप कर्मी के रुपये से भरे थैले को छीनने का प्रयास करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि रिंग रोड स्थित कृष्णा फ्यूल स्टेशन पैट्रोल पंप के संचालक कृष्ण कुमार जायसवाल ने बीते 10 जनवरी को मामले से संबंधित लिखित आवेदन दिया था। जिसके आधार पर गठित जांच टीम ने श्रीअमड़ा निवासी मुकेश पासवान गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की भी तलाश जारी है। जांच टीम में ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन के अलावे एएसआई रंजय कुमार, मधुसूदन प्रसाद राय आदि शामिल थे।

## भाईचारा और श्रद्धाभाव से मनायें रामनवमी का पर्व : एसडीओ

### रामनवमी को लेकर चक्रधरपुर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** रामनवमी पर्व को लेकर रविवार की शाम चक्रधरपुर थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में शांतिपूर्वक व श्रद्धा के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा ने अखाड़ा कमेटी व लाइसेंसधारियों से भाईचारगी के माहौल में पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक में सदस्यों की ओर से जो भी समस्याएं बताई गई है ससमय उसका निदान कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएंगे। सुरक्षा के लिए सभी



चौक-चौराहे और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। उन्होंने अखाड़ा समितियों से जुलूस के दौरान भड़काउ गाने नहीं बजाने की अपील करते हुए कहा कि जो भी गाने बजाए जाएंगे पैन ड्राइव में लोड कर प्रशासन को पहले इससे अवगत करा देंगे। सदस्यों ने जुलूस मार्ग व अखाड़ा स्थल की साफ-सफाई और प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग की। कई समितियों ने जुलूस के आने जाने के दौरान अखाड़ा के साथ पुलिस बल की तैनाती की मांग की। प्रशासन की ओर से अखाड़ा समितियों से शाम छह बजे तक पवन चौक पहुंचने की अपील की गई, ताकि तय समय पर जुलूस वापस हो सके। बैठक में बीडीओ संजय कुमार सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अंशुमन शर्मा, बिजली विभाग से संजय यादव के अलावा केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष राजू प्रसाद कसेरा, संजय पासवान, श्रवण ठाकुर, राजा प्रसाद, राजेंद्र मिश्रा, अनवर खान, गौतम रवानी, दुर्गा महतो, तजम्मुल हुसैन जानी, हाजी अरशद अहमद खान, हाजी अब्दुल हकीम, दिनेश जेना, राम प्रताप बर्मन, नीकू सिंह, कबीर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** थाना क्षेत्र बागदुमी गांव में पुराना जमीन विवाद में बागदुमी निवासी खगेश सिंह ने गांव के ही आठ लोगो के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी कर देने एवं जान से मार देने की धमकी को लेकर रविवार को मामला दर्ज कराया है। यह घटना शनिवार शाम करीब सात बजे की है। पीड़ित खगेश सिंह ने थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार बताया कि हमलोगों का इजमाल जमाबंदी नम्बर 30 प्लाट नम्बर 112 में मेरे गोतिया





केदार सिंह के कहने पर गांव के ही घोघो राय एवं झुनझुन राय जबरन घर बना रहा है। इसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा है। शनिवार शाम सात बजे वह एवं उसका भाई अजित सिंह अपना पुराना घर से नया घर जा रहे थे। इसी क्रम में केदार सिंह, भादो राय, रामप्रसाद राय, कटकू राय, देवनन्दन राय, सहदेव राय, मुकेश सिंह, घोगों राय अपने घर के सामने खड़े थे। हम लोगो देखते ही गाली देने शुरू कर दिया। माना किए जाने पर उपरोक्त सभी मिलकर हमदोनों भाई के साथ लाठी डंडे एवं तलवार एवं मुक्का से मारपीट करने लगा। हल्ला किए जाने पर माँ हेमंती देवी, भाई पप्पू सिंह, पत्नी प्रीति देवी भावी सपु देवी हमलोगों को बचाने के लिए आया तो इन सभी को भी उपरोक्त लोगो ने जमकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। मारपीट की घटना में पिता सीताराम सिंह का सिर फट गया एवं मा का सिर पर गंभीर चोट आयी। उपरोक्त दोनो मसलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दुमका रेफर कर दिया गया है। आरोपी भादो राय की पत्नी माले देवी ने भी मसलिया थाना पहुंचकर खगेश सिंह, पप्पू सिंह, अजित सिंह एवं हेमंती देवी के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

एक नजर में

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाबर के प्रधानाध्यापक बने शिवपूजन सिंह

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड अंतर्गत झाबर ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह को बनाया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था तथा सभी शिक्षकों से व्यक्तिगत राय लिया गया। अधिकांश शिक्षकों द्वारा विद्यालय का प्रभार बदलने का आग्रह किया। शिक्षकों के आग्रह पर जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार ने विद्यालय का प्रभार शिवपूजन कुमार सिंह को दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के इस निर्णय से शिक्षकों और आम जनता में साधुवाद दिया है।

## ताला तोड़कर तीन बकरे की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह ग्राम के पांकरटोला निवासी त्रिवेणी गंझु पिता नारायण गंझु का अज्ञात चोरों ने तीन बकरे को चोरी कर लिया। भुक्तभोगी त्रिवेणी गंझु ने बताया की हमलोग सभी परिवार प्रतिदिन की भांति रात्रि मे सो गए थे। जब सुबह उठकर बकरे घर को देखें तो ताला टुटा हुआ है और लगभग तीस- तीस किलो का तीन बकरे गायब कर दिया गया। आसपास मे काफी खोज बिन किए जाने के बावजूद कुछ पता नहीं चल पाया। बकरे की चोरी होने से लगभग 55 हजार रुपए की नुकसान हुआ है। उक्त सुचना लिखित आवेदन के माध्यम से अमरवाडीह पिकेट मे दे दी गई है।

## छिपादोहर मंडल के केड़ में बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**बरवाडीह।** छिपादोहर मण्डल के केड़ पंचायत अंतर्गत कारिमाटी टोला में भारतीय जनता पार्टी के छिपादोहर मण्डल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बूथों के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम में लातेहार नगर पंचायत अध्यक्षा सह बुथ सशक्तिकरण छिपादोहर मंडल की प्रभारी सीतामनी तिर्की एवं बरवाडीह के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी की मौजूदगी में बूथ निर्माण का विस्तार किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं के बीच माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण को सुनाया गया। इस कार्यक्रम में बृजमोहन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष लालमन उरांव, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री अनिल राम, जलेश्वर राम और बूथ अध्यक्ष लालू यादव समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिव मंदिर में चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश, थाने में सौंपा आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में चोरों ने शिव मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। चोरों ने शिव मंदिर में रखा हुआ पूजा का सामान बाल्टी, पीतल का दीपक, पीतल का थाली, मंदिर में लगा हुआ घंटा समेत कई सामानों की चोरी कर ली। इस संबंध में नगड़ा ग्राम निवासी अशोक साव, राजन कुमार, जगन्नाथ पासवान सुरेंद्र साहू, बाला साव, योगेंद्र साव, राजेंद्र साव, प्रेम नारायण साहू, भुनेश्वर साव, बबलू साव, आदित्य कुमार साव, लखपति साव, सूरज साव, धनंजय पासवान समेत कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन बालूमाथ थाना प्रभारी को सौंप कर मामले की छानबीन करते हुए चोरों को पकड़ने की मांग की है।

## दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सिमरिया पंचायत की एक महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में महिला ने सिमरिया निवासी राजकुमार साव को आरोपी बनाया है। दर्ज आवेदन में महिला ने कहा है कि गत 16 मार्च की रात मैं घर में अकेली थी। वहीं आठ बजे उक्त युवक घर में घुस गया और मेरे साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना की सूचना जब युवक के पिता को दी गई तो युवक के पिता ने उसके पति को फोन कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने व घर में आग लगाने व अपहरण करने के भी धमकी देने लगा।

## ठगी की जांच के लिए मुंबई पुलिस की टीम पहुंची

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मुंबई के जालना में हुए 22 लाख रुपए के साइबर ठगी के मामले में मुंबई पुलिस की एक टीम शनिवार को तिलैया पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार साइबर ठगी में शामिल ठगों के द्वारा तिलैया के झलपो स्थित एक युवक से फोन पर बातचीत की गई थी, जिसे लेकर मुंबई पुलिस आई है। साइबर ठगों के द्वारा पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपए की ठगी की गई है। हालांकि अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

# वनडे में भारत की सबसे बड़ी हार

## 11वें ओवर में हीऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता, स्टार्क ने झटके 5 विकेट


**एजेंसी**

**विशाखापट्टनम।** भारत को वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार मिली है। टीम को दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने दस विकेट से हरा दिया। टीम 234 बॉल रहते हार गई। इस लिहाज से यह हमारी वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार है। पिछला रिकॉर्ड 212 बॉल का था। न्यूजीलैंड ने 2019 में हमें हेमिल्टन में हराया था। टीम छठी बार 10 विकेट से हारी है। कभी न भूलने वाली इस हार की इबारत लिखी कंगारू ओपनर और तेज गेंदबाजों ने। ओपनर ट्रेविस हेड (नाबाद 51 रन) और मिचेल मार्श (नाबाद 66 रन) ने 66 बॉल पर नाबाद 121 रनों की साझेदारी की। दोनों ने अर्धशतक जमाया। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क (5 विकेट) की अगुवाई में शॉन एबॉट ने 3 विकेट और नाथन एलिस ने दो विकेट लिए। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में कंगारुओं ने पहले तो भारत को 26 ओवर में 117 के सामान्य से स्कोर पर समेटा। उसके बाद 118 रनों का टारगेट 11 ओवर में बगैर विकेट गंवाये हासिल कर लिया। मैच से पहले बारिश के कारण कुछ देर ग्राउंड को कवर्स से ढंक दिया गया था। इस जीत से तीन मैचों की सीरीज रोमांचक मोड़ पर आ गयी है। अब दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई में खेला जायेगा।

**11 ओवर में 5 गेंदबाज बदले, लेकिन विकेट नहीं**

117 रन का स्कोर डिफेंड करने उतरे भारतीय गेंदबाज बेअसर साबित हुए। 121 रन बनाने में भारतीय गेंदबाज एक भी विकेट नहीं ले सके। 11 ओवर की ऑस्ट्रेलियाई पारी में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 5 गेंदबाज बदले, लेकिन विकेट नहीं मिला। रोहित ने मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव से ओवर कराये।







**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल , मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स केरी, कैमरून ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस, नॉथन एलिस, एडम जम्पा, मिचेल स्टार्क और सॉन एबॉट।

➲ **मार्श-हेड की विस्फोटक साझेदारी, तीसरा व निर्णायक मुकाबला 22 को चेन्नई में**

### टॉप-6 में से 4 बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंचे

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 3 रन के टीम स्कोर पर ओपनर शुभमन गिल एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पॉइंट पर मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। फिर रोहित शर्मा भी 13 रन बनाने के बाद स्टार्क की ही बॉल पर आउट हुए। उन्हें स्टीव स्मिथ ने स्लिप पर कैच किया। कप्तान के बाद खेलने आए सूर्यकुमार यादव 0 पर, केएल राहुल 9 रन बनाकर और हार्दिक पंड्या 1 रन बनाकर आउट हुए। ये तीनों दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। सूर्यकुमार लगातार दूसरे वनडे में पहली बॉल पर आउट हुए।

**शार्दूल की जगह अक्षर की वापसी**

दोनों ही टीमें दो-दो बदलाव के साथ उतरी हैं। रोहित शर्मा इशान किशन की जगह टीम में शामिल हुए , जबकि शार्दूल की जगह अक्षर पटेल को प्लेइंग-11 शामिल किया गया है।

## खूंटी में ईस्ट जोन अंडर-19 हॉकी चैंपियनशिप शुरू

# पहले दिन झारखंड ने बिहार 12-0 से हराया

### मिजोरम ने पश्चिम बंगाल को हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड का खूंटी जिला यहां के भगवान माने जाने वाले बिरसा मुंडा की धरती मानी जाती है। यहां रविवार से ईस्ट जोन अंडर-19 हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत हुई। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, झारखंड हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक भगत और अन्य अतिथियों ने गुब्बारा उड़ाकर टूनामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। राष्ट्रीय स्तर के इस हॉकी टूनामेंट में 9 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन झारखंड बालिका टीम ने बिहार को 12-0 से पराजित किया। झारखंड टीम की कप्तान एडलिन बागे प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

**झारखंड और मिजोरम की टीम जीती**

पहले दिन पहला मैच पश्चिम बंगाल बनाम मिजोरम खेला गया। इसके अलावा झारखंड बनाम बिहार के बीच बालिका वर्ग का मैच खेला गया। पहले दिन मिजोरम बालिका की टीम ने पश्चिम बंगाल की टीम को 18-0 और झारखंड बालिका टीम ने बिहार को 12-0 से पराजित किया। झारखंड टीम की कप्तान एडलिन बागे प्लेयर ऑफ द मैच चुनीं गयीं। मुख्य अतिथि डीसी शशि रंजन ने कप्तान एडलिन बागे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इससे पहले हॉकी मिजोरम और हॉकी बंगाल के बीच खेला गया, जिसमें हॉकी मिजोरम ने पश्चिम बंगाल को 18-0 से पराजित किया। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच मिजोरम टीम की कप्तान लालथन लुआंगी को हॉकी खूंटी के अध्यक्ष अशोक भगत ने हॉकी इंडिया का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मैच से पहले हॉकी इंडिया की तरफ से महासचिव भोलानाथ सिंह ने डीसी शशि रंजन और एसपी अमन कुमार सहित जिले के डीडीसी और एसडीओ को मोमनेटो देकर सम्मानित किया।

ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला प्रशासन खूंटी के सभी पदाधिकारी, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शकर सिंह, सीईओ रजनीस कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, नरेंद्र कुमार सिंह, हॉकी खूंटी के अध्यक्ष अशोक भगत, सचिव दशरथ महतो, अर्पण हंस, परमानंद कुमार, सुनील नायक, सुशील टोपनो, जुनास मुंडा, विश्वाशी पूर्ति सहित हॉकी की पूरी टीम शामिल रही।



### 43 की उम्र में टेनिस स्टार बोपन्ना ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतकर अपना जलवा दिखाया है। बोपन्ना एटीपी मास्टर्स चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। बोपन्ना ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूनामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया। अपना 10वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल खेलने के बाद बोपन्ना ने कहा, 'मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और खिलाड़ियों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'हमने कड़े और करीबी मैच खेले।आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा।

## कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट श्रीजा अकुला के साथ टेबल टेनिस खेले किरेन रिजिजू



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू ने नेशनल चैंपियन और कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट श्रीजा अकुला के साथ शनिवार को टेबल टेनिस खेलते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दोनों गेम के दौरान एन्जॉय करते नजर आ रहे हैं। रिजिजू ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा - बहुत लम्बे समय बाद टेबल टेनिस खेलने का मौका मिला आखिरकार मैं भारतीय महिला टेबल टेनिस चैंपियन श्रीजा अकुला के साथ टेबल टेनिस खेलने में कामयाब रहा।

हैदराबाद की श्रीजा अकुला, नेशनल विमेंस टेबल टेनिस चैंपियन ने शिलांग में पिछले साल अप्रैल में अपना पहला नेशनल चैंपियनशिप जीती थी। इसके बाद पिछले साल अगस्त में अकुला को बिर्मिंघम में आयोजि कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने का मौका मिला। उन्होंने शरथ कमल के साथ मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भाग लिया और गोल्ड मेडल जीता था। रिजिजू शुक्रवार को दिल्ली में हॉकी इंडिया अवाड्र्स में शामिल हुए थे। इसमें भारत की मेंस टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह और महिला कप्तान सविता पुनिया ने वर्ष 2022 के लिए टॉप अवाड्र्स जीते। दोनों ने अपनी-अपनी केटेगरी में प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड जीता, जिसमें दोनों को 25-25 लाख रुपए भी मिले। वहीं, पीआर श्रीजेश को एफआईएच हॉकी मेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला।

## सुमित ने एशियन स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता रजत

### बंगाल के साथ-साथ देश का बढ़ाया गौरव




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हाल ही में नेपाल की राजधानी काठमांडू में संपन्न एशियन स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में दो भारतीयों ने पदक जीते। हरियाणा के अजब सिंह (36) ने स्वर्ण जबकि पश्चिम बंगाल के सुमित मुखर्जी (35) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित हुगली के चंदननगर निवासी हैं। शीर्ष स्थानों के लिए लगभग 310 प्रतियोगियों ने भाग लिया। भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, नेपाल सहित नौ एशियाई देशों ने पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में प्रतियोगिता में भाग लिया। स्ट्रेंथ लिफ्टिंग तीन इवेंट्स - बेंच प्रेस, हैक लीफ और बाइसेप कर्ल के संयोजन में की जाती है। इस प्रतियोगिता की राष्ट्रीय चैंपियनशिप मई 2022 में जबलपुर में हुई थी। उसके बाद 10 से 13 मार्च तक एशियन चैंपियनशिप हुई। वर्ल्ड चैंपियनशिप नवंबर 2023 में दुबई में होगी। सुमित को वर्ल्ड मीट में गोल्ड मेडल जीतने की उम्मीद है।

## 16वें आईपीएल सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी नयी जर्सी की लॉन्च

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट का महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 16वां संस्करण 31 मार्च से शुरू हो रहा है। आगामी आईपीएल सीजन के लिए सभी 10 टीमें अपनी-अपनी तैयारियों में व्यस्त हैं। कई टीमें अपनी नई जर्सी के साथ-साथ नए एंथम लॉन्च कर चुकी हैं। आईपीएल 2020 की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स ने इस टूनामेंट के आगामी सत्र के लिए रविवार को अपनी नई जर्सी को सवेरा रन के दौरान लांच कर दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के कुछ खिलाड़ियों चेतन सकारिया, रिपल पटेल, अमन खान और प्रवीण दुबे ने सवेरा संघ के सुविधा से वंचित बच्चों के समूह के सामने आधिकारिक जर्सी को लांच किया। ये बच्चे टीम की आईपीएल जर्सी 2023 के पहले लाभार्थी बन गये। नई जर्सी लॉन्च के दौरान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सकारिया ने कहा, 'मुझे जर्सी का अच्छा अहसास हुआ। हम मौजूदा समय में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं और सभी खिलाड़ी घरेलू सत्र में खेलने के बाद डीसी कैम्प में आ गये हैं। हर कोई अच्छी फॉर्म में है'। वहीं रिपल पटेल ने कहा कि, 'दिल्ली कैपिटल्स जर्सी लांच इवेंट में ऊर्जा जबरदस्त है।



पिछले आईपीएल सत्र में दिल्ली प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गयी थी। वह 14 मैचों में 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर रही थी। दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरूआत एक अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में करेगी। कैपिटल्स को इस आईपीएल में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद चोट से उबर रहे कप्तान ऋषभ पंत की बहुत कमी खलेगी। उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर कैपिटल्स की कमान संभालेंगे।

### पटना में ऑल इंडिया आर्ट कैंप, 11 राज्यों के नामचीन आर्टिस्ट बनाएंगे कलाकृति

**पटन।** बिहार की राजधानी पटना से सटे मसौढी स्थित महादेवपुर गांव में ऑल इंडिया आर्ट कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 5 दिनों तक चलेगा। यहां 11 राज्यों से दिग्गज नामचीन आर्टिस्ट अपनी अपनी कलाकृतियों का जलवा बिखेंगे। इस कैंप का शुभारंभ रुबन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर सत्यजीत सिंह ने किया। 25 मार्च तक यह कार्यक्रम चलेगा, जहां पर 11 राज्यों के सभी नामचीन आर्टिस्ट शामिल होंगे। इसमें अहमदाबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्य से कलाकार शामिल होने आ रहे हैं। इसमे विभिन्न फील्ड के आर्टिस्ट शामिल होंगे। आर्किटेक्ट इंजीनियर सन्यासी रोड रेड तोमर ने कहा कि यह वेरिएशन 2023 का सातवां ऑल इंडिया आर्ट कैंप है। यहां पर पर देश भर के कई कलाकार एकजुट होते हैं और अपनी कलाकृतियां के माध्यम से अपने देश की हर एक चीज को दिखाते हैं। रूबन अस्पताल के डायरेक्टर डॉ सत्यजीत सिंह ने कहा कि जो भी आर्टिस्ट होते हैं वह नेचर के करीब होते हैं। ऐसे में मसौढ़ी के एक छोटे से गांव महादेवपुर गांव में एक स्टूडियो बनाया गया है, जहां पर देश भर के 11 राज्यों के आर्टिस्ट शामिल हो रहे हैं जो अपनी कला दिखायेंगे।

### 'दो बड़े भाइयों ने मेरा राजनीतिक जीवन बर्बाद कर दिया : रुडी

**मुजफ्फरपुर।** भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने लालू यादव और नीतीश कुमार को बिहार के पिछड़पन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। मुजफ्फरपुर में 'विजन बिहार एजेंडा 2025' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि इन दो बड़े भाइयों ने मेरा 35 साल का राजनीतिक जीवन बर्बाद कर दिया। पहला 15 साल लालू यादव से लड़ने में चला गया और अगला 20 साल नीतीश कुमार के कारण चौपट हो गया। सिर्फ मेरा पॉलिटिकल कैरियर नहीं बर्बाद हुआ, बल्कि आप सब का भी राजनीतिक और सामाजिक जीवन इन दो राजनीतिक विचारधारा के कारण समाप्त हो गया है। सारण सांसद ने कहा कि आने वाली पीढ़ी इन दो व्यक्तियों की विचारधारा से मुक्त हो जाए, मैं इसलिए आपके शहर में आया हूं। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारा राज्य ही पिछड़ा है तो फिर उसमें अगड़ा कौन है? रूडी ने कहा कि मैं तो नारा देना चाहता हूं कि बिहार पिछड़ा है तो हम सब बिहारी पिछड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगर मेरा राज्य पिछड़ा है तो मैं आज से अपने आपको पिछड़ा घोषित करता हूं और इस पिछड़ेपन को हटाने की लड़ाई का आगाज करता हूं।

### हिंदू समाज में जाति संस्कृति नहीं.. विकृति' : राज्यपाल

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मौके पर पहुंचे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने फिर शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के हिंदू धर्म को लेकर की गयी टिप्पणी का जवाब देते हुए उन्हें एक तरह से आईना दिखाया। राज्यपाल ने कहा कि हिंदू धर्म में जातीय व्यवस्था संस्कृति नहीं विकृति है और संस्कृति और विकृति के अंतर को समझना होगा। बिहार की राजधानी पटना में रविवार को एएन कॉलेज सभागार में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पांचवें स्थापना दिवस के मौके पर पहला स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. क्योंकि 2018 में स्थापना के बाद से एक भी कार्यक्रम नहीं हो सका था।

### राज्यपाल से मिल चिराग पासवान ने कहा- प्रदेश में चरम पर है अपराध

**पटना।** एलजेपी नेता चिराग पासवान ने बिहार की खराब कानून-व्यवस्था को लेकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। चिराग ने कहा कि विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की की। एलजेपी नेता चिराग पासवान राज्यपाल से भेंट के बाद राजभवन से बाहर निकलकर उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की। चिराग ने कहा कि प्रदेश में चरम पर है। राज्य सरकार चुप्पी साध के बैठी है। कहीं भी कानून का राज नहीं है। लिहाजा राज्यपाल से मिलकर अपनी बात रखी है।

## तेजस्वी यादव ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र सड़कों का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग

**एजेंसी**

**पटना।** तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर बिहार के पांच नेशनल हाइवे का काम जल्द पूरा कराने का आग्रह किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री को लिखे पत्र में तेजस्वी ने बिहार में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए उनके मंत्रालय की ओर से किये जा रहे कार्यों के लिए आभार भी जताया है। तेजस्वी यादव ने की नितिन गडकरी की तारीफ, कहा- 'पार्टी और विचारधारा से उठकर काम करते हैं।



**लोगों को हो रही परेशानी**

नितिन गडकरी को लिखे पत्र में तेजस्वी यादव ने कहा है कि कुछ रोड का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने नितिन गडकरी से अधिकारियों को उन नेशनल हाइवे का काम जल्द पूरा करने का निर्देश देने को कहा है। तेजस्वी ने जिन सड़कों का काम जल्द पूरा कराने का आग्रह किया गया है, उनमें नेशनल हाइवे- 107, नेशनल हाइवे- 77, नेशनल हाइवे- 19, नेशनल हाइवे- 83 और नेशनल हाइवे- 107 शामिल है .गडकरी को लिखे पत्र में इन योजनाओं का जिक्र1. महेशखूंट-सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया पथ - इस पथ का सोल्डर सहित दो लेन में विकसित करने का कार्य वर्ष 2017 से दो पैकेजों में किया जा रहा है। यह पथ कोशी क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिला मुख्यालयों को बिहार राज्य से होकर गुजरने वाली आसाम रोड (एनएच-31 ) से जोड़ने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण पथ है। दोनों पैकेजों का कार्य अत्यंत धीमा है एवं वर्तमान पथ का अनुरक्षण भी ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है।

## सुशील मोदी ने की तेजस्वी की बर्खास्तगी की मांग, कहा

# न नौकरी न व्यापार.. फिर कैसे बनायी इतनी संपत्ति

**एजेंसी**

**पटना।** पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने तेजस्वी यादव पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित 150 करोड़ के आलीशान मकान को महज 4 लाख में कैसे खरीदकर मालिक बन गये, जबकि उन्होंने न तो कभी नौकरी की और ना ही व्यापार किया। क्रिकेट में भी फेल हो चुके हैं। उसके बाद भी इतनी संपत्ति उनके पास कैसे आयी। सुशील मोदी ने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित 150 करोड़ के आलीशान मकान को महज 4 लाख में कैसे खरीदकर मालिक बने गये। सुशील मोदी ने आरोप लगाया कि यह मकान एबी एक्सपोर्ट कंपनी की है। एके इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड एवं एबी एक्सपोर्ट कंपनी का ऑफिस है। इस कंपनी के मालिक खुद तेजस्वी प्रसाद यादव हैं।



**तेजस्वी यादव हैं चार्जशीटेड : मोदी**

सुशील मोदी ने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 5 करोड़ रुपए के ऋण की घोषणा क्यों नहीं की थी। 5 कंपनियों ने जो ऋण तेजस्वी को दिया था। वह कंपनियों के पते फर्जी निकले थे। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करते हैं। तेजस्वी यादव चार्जशीटेड हैं। उनपर एफआईआर दर्ज है। तेजस्वी यादव बेल पर हैं और ट्रायल पर तेजस्वी यादव का मामला चलने वाला है। महीने में दो बार ट्रायल चलने पर उन्हें दिल्ली जाना पड़ेगा। 33 साल की उम्र हो चुकी है 52 संपत्ति के मालिक तेजस्वी यादव हैं, मैं चुनौती देता हूं मेरे आरोप को नीतीश खारिज कर दें। बिहार में भ्रष्टाचार खत्म करने की बात नीतीश कुमार करते हैं। तेजस्वी यादव पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और वह उप मुख्यमंत्री के पद पर है।

## पेज एक का शेष

### रांची में एच-3एन-2 इंफ्लुएंजा की...

मास्क से मुंह और नाक को ढंकें, खांसने या छींकने वक्त रुमाल से नाक और मुंह को ढंकें, इधर-उधर थूकने से बचें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग करें, भीड़ वाली जगहों में जाने से बचें, आंखों और नाक को छूने से बचें, हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं और हाथ मिलाने से बचें, लक्षण दिखने पर प्रारंभिक सूचना दें, ग्रसित लोगों से संपर्क में न आयें, सांस की बीमारी हो तो अलर्ट रहें, डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न लें और बाहर से आने वालों से अलर्ट रहें।

**कोरोना व इंफ्लुएंजा के लक्षण एक जैसे :** राज्य में इंफ्लुएंजा के साथ ही कोविड के नये मरीज भी सामने आने लगे हैं। जांच के बाद रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। ऐसे में राज्य सरकार ने भी लोगों से अलर्ट रहने की अपील की है। चूंकि कोरोना और इंफ्लुएंजा दोनों के लक्षण एक जैसे हैं, इसलिए सर्दी-खांसी को हल्के में लेने की बजाय तत्काल डॉक्टर से संपर्क की सलाह दी गयी है। खुद से दवा लेना ऐसे में भारी पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने भी इसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। मास्क लगाने के साथ-साथ भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचने का भी निर्देश दिया गया है।

### दस लाख का इनामी नक्सली खेरवार...

क्षेत्र में विकास कार्य में लगे लगे ठेकेदार, कोल व्यवसायी एवं ईट भप्ता मालिक लेवी/रंगदारी लेने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से एकत्रित हुए है।

सूचना पर लातेहार एसपी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन करते हुए एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में छापामारी के दौरान हेरहंज थाना क्षेत्र के सिकीद जंगल से एक व्यक्ति को एक ऑटोमेटिक 5.56 एमएम इंसास रायफल और भारी मात्रा में गोली, पाउच के साथ चन्दन सिंह खेरवार को गिरफ्तार किया गया तथा दस्ता का अन्य 10-11 दस्ता के सदस्य घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। छापामारी दल के द्वारा सर्च के दौरान से ही एक और ऑटोमेटिक 5.56 एमएम इंसास रायफल, भारी मात्रा में गोली, पाउच बरामद किया। इस संदर्भ में हेरहंज थाना (कांड संख्या- 12/2023) मामला दर्ज किया गया। जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खेरवार उर्फ संजीवन इस दस्ता में प्रमुख रूप से जनसम्पर्क का काम देखते थे। गिरफ्तार माओवादी का मुख्य कार्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों, बड़े व्यसायियों, ईट भट्ठा मालिक से लेवी वसूली करना है। इसके अतिरिक्त ये अपने दस्ता सदस्य के साथ मिलकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुचाने के लिए कई बार आइइडी ब्लास्ट कराकर एवं एंबुस कर सुरक्षाबल को अपना निशाना बनाया। इसमें कई सुरक्षाबल शहीद हुए तथा निर्दोष ग्रामीण एवं महिलाओं की जान गई थी।

स्पीड न्यूज

### यूपी में बिजली कर्मियो की हड़ताल समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों ने सरकार के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद रविवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली। वहीं, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल का आह्वान करने वाली कर्मचारियों की समिति को आश्वासन दिया कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को वापस लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस बाबत यूपीपीसीएल के चेयरमैन को निर्देश दे दिया है। बिजली कंपनियों में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के चयन तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार रात 10 बजे से तीन दिन (72 घंटे) की हड़ताल शुरू की थी।

### बांग्लादेश में बस पलटने से 19 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 19 यात्रियों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मसूद आलम ने बताया कि ढाका जा रही एमाद परिवहन द्वारा संचालित बस सुबह करीब पौने आठ बजे शिबचर के मदारीपुर में एक एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित हो गई। उन्होंने बताया कि पदमा ब्रिज के लोकार्पण के बाद यह एक्सप्रेस-वे पर सबसे भीषण हादसा है।

### पवन खेड़ा मामले में सुनवाई आज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम और उत्तर प्रदेश में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को इस अभिवेदन पर गौर करने के बाद खेड़ा की याचिका पर सुनवाई 20 मार्च तक स्थगित कर दी थी कि कांग्रेस नेता की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी उपलब्ध नहीं हैं।

### दुर्गापुर में एक ही परिवार के मृत मिले

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में रविवार सुबह 40 वर्षीय एक व्यक्ति अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर थाना क्षेत्र के कुरीलियाडांगा स्थित एक घर में चारों शव मिले। पुलिस के मुताबिक, व्यक्ति का शव छत से लटका हुआ था, जबकि उसकी 35 वर्षीय पत्नी और दो बच्चों के शव बिस्तर पर पड़े मिले। उन्होंने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। पुलिस के मुताबिक, मृतक दंपति की बेटी दो साल की और बेटा 10 साल का था। वहीं, व्यक्ति के पड़ोसियों ने बताया कि संपत्ति विवाद को लेकर वह अपने रिश्तेदारों के दबाव में था।

### क्योंझर में करंट से एक हाथी की मौत

**क्योंझर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के वन में रविवार को एक हाथी का शव मिला। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन अधिकारियों ने बताया कि 11 हजार किलोवाट वाले बिजली के तार की चपेट में आने पर हाथी की मौत हुई। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर रविवार सुबह वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी के मुताबिक हाथी के एक ही दांत थे। क्योंझर मंडल के वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) एचडी धनराज ने ह्यपीटीआई-भाषाह्न को बताया, ह्यह्यप्रथम दृष्टया यह करंट लगने से हुई मौत का मामला लगता है। हाथी, बिजली के खंभे से सटे तार के संपर्क में आया जिससे उसकी मौत हो गई। डीएफओ ने कहा, ह्यह्यचूंकि प्रतिरोधक (इंसुलेटर) टूटा हुआ था। इसी कारण बिजली का करंट खंभे तक पहुंच गया।

# इमरान पर आतंकवाद के केस दर्ज

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी बीच पाकिस्तान पुलिस ने रविवार को इमरान खान और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक दर्जन से अधिक नेताओं के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया।

कोर्ट परिसर के बाहर हुईं थीं झड़पे :बीते दिनों इमरान खान तोशाखाना मामले में सुनवाई के लिए इस्लामाबाद की एक अदालत पहुंचे, जहां पर उन्हें कोर्ट रूम के बाहर ही राहत मिल गई। दरअसल, कोर्ट परिसर के पास इतनी ज्यादा भीड़ एकत्रित हो गई थी कि जज ने कोर्ट रूम के बाहर ही उनकी उपस्थिति को स्वीकार करते हुए गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया।



**25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल** : कोर्ट परिसर के पास पीटीआई समर्थकों के साथ हुई हिसंक झड़प में 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। इसके अलावा पास की एक सार्वजनिक इमारत को आग के हवाले कर दिया गया था। जिसके बाद तोशाखाना मामले की सुनवाई को 30 मार्च तक के लिए टाल दिया गया।

**18 लोगों की हुई गिरफ्तारी:** इस्लामाबाद पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में करीब 17 पीटीआई नेताओं के नाम दर्ज किए गए थे। एफआईआर के मुताबिक, कार्यकर्ताओं ने पुलिस चौकी और कोर्ट परिसर के मुख्य द्वार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान आगजनी और पथराव की घटना भी हुई, जिसको लेकर 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एफआईआर के मुताबिक, लगभग पुलिस की दो गाड़ियों और सात मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया और एसएचओ के आधिकारिक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। 70 वर्षीय इमरान खान कोर्ट में पेश होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे। उनके काफिले के साथ पार्टी समर्थक भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि सुनवाई में भाग लेने के लिए इमरान खान के इस्लामाबाद जाने के तत्काल बाद 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने लाहौर में उनके जमान पार्क स्थित आवास पर धावा बोल दिया और उनकी पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं को गिरफ्तार किया था।

# राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस के नोटिस का प्रारंभिक जवाब भेजा

एजेंसी

- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े बयान मामला
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने चार पन्नों के जवाब में 10 बिंदुओं का उल्लेख किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े अपने बयान के संबंध में दिल्ली पुलिस के नोटिस का रविवार को प्रारंभिक जवाब भेजा और 45 दिन की देरी के बाद अचानक की गई कार्रवाई पर सवाल उठाया।

सूत्रों ने बताया कि पिछले पांच दिन में पुलिस के तीसरी बार राहुल गांधी के आवास पर पहुंचने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने चार पन्नों के अपने जवाब में 10 बिंदुओं का उल्लेख किया है।

साथ ही कांग्रेस नेता की 30 जनवरी की टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस के नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिए 8-10 दिनों का समय मांगा है। दिल्ली पुलिस महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर उन्हें जारी नोटिस के सिलसिले में रविवार को यहां उनके आवास पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था)



सागर प्रीत हुड्डा के नेतृत्व में पुलिस दल सुबह करीब 10 बजे राहुल के 12, तुगलक लेन स्थित आवास पर पहुंचा और करीब दो घंटे बाद गांधी से मिल सका। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस बल अपराह्न करीब एक बजे वापस लौट गया। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को एक प्रश्नावली भेजी थी और उनसे यौन उत्पीड़न की शिकायत को लेकर संपर्क करने वाली महिलाओं के बारे में विवरण देने को कहा था। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के श्रीनगर चरण के दौरान बयान दिया था कि मैंने सुना है कि महिलाओं का अब भी यौन उत्पीड़न हो रहा है ह्न अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कांग्रेस नेता से इन पीड़ितों का विवरण देने को कहा था, ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने लगभग चार बजे प्रारंभिक जवाब भेजते हुए पुलिस कार्रवाई को अभूतपूर्व करार दिया और पूछा कि क्या अडाणी मुद्दे पर संसद के अंदर और बाहर उनके रुख से इस कार्रवाई का कोई संबंध है? सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने अपने जवाब में श्रीनगर में उनकी टिप्पणी के 45 दिन के अंतराल के बाद पुलिस के अचानक सक्रिय होने पर भी सवाल खड़ा किया है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी पूछा है कि क्या राजनीतिक अभियानों को लेकर सत्तारूढ़ दल सहित किसी अन्य राजनीतिक दल की इस तरह के मामले में जांच की गई है या उनसे पूछताछ हुई है।

# चीन में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों के बीच मोदी लोकप्रिय

**सिना वेइबो चीन में ट्विटर जैसा सोशल मीडिया मंच है और इसके 58.2 करोड़ से अधिक उजर है**

**बीजिंग।** अमेरिका की पत्रिका डिप्लोमैट में प्रकाशित एक लेख के अनुसार चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों (नेटिजेन) के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी लोकप्रिय हैं और उन्हें सम्मान से मोदी लाओक्सियन कहा जाता है, जिसका अर्थ मोदी अमर हैं। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के बावजूद, किसी अंतरराष्ट्रीय नेता के लिए यह एक दुर्लभ सम्मानजनक संदर्भ है। रणनीतिक मामलों पर केंद्रित पत्रिका डिप्लोमैट के लेख चीन में भारत को कैसे देखा जाता है? पत्रकार म्यू चुनशान ने यह भी लिखा कि ज्यादातर चीनी मानते हैं कि मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के प्रमुख देशों के बीच संतुलन बना कर रख सकता है। चुनशान चीनी सोशल मीडिया विशेष रूप से सिना वेइबो का विश्लेषण करने के लिए मशहूर हैं। सिना वेइबो चीन में ट्विटर जैसा सोशल मीडिया मंच है और इसके 58.2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। आलेख के अनुसार चीनी इंटरनेट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक असामान्य उपनाम हैः मोदी लाओक्सियन। लाओक्सियन का संदर्भ कुछ विशेष क्षमताओं वाले एक बुजुर्ग अमर व्यक्ति से है। उपनाम का अर्थ है कि चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोग सोचते हैं कि मोदी कुछ भिन्न हैं और



आश्चर्यजनक भी- अन्य नेताओं की तुलना में उन्होंने लिखा है कि चीनी लोग मोदी की पोशाक और शारीरिक हावभाव दोनों की ओर इशारा करते हैं तथा उनकी कुछ नीतियों को भारत की पिछली नीतियों से अलग मानते हैं। कुछ चीनी नागरिकों का मानना है कि भारत रूस, अमेरिका सहित विभिन्न प्रमुख देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रख सकता है। उन्होंने कहा कि लाओक्सियन शब्द मोदी के प्रति चीनी लोगों की जटिल धारणा को दशार्ता है, जिसमें जिज्ञासा, विस्मय आदि शामिल हैं। म्यू ने कहा कि मैं करीब 20 साल से अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कर रहा हूं और चीनी नेटिजेन (इंटरनेट उपयोगकर्ता) के लिए किसी विदेशी नेता को उपनाम देना दुर्लभ है। मोदी का उपनाम अन्य सभी से ऊपर है। निश्चित रूप से, उन्होंने चीनी जनमत पर एक छाप छोड़ी है।

### अमृतपाल सिंह के खिलाफ दो और एफआइआर दर्ज

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उसके दो सहयोगियों के खिलाफ लावारिस अवस्था में मिले एक वाहन से हथियार मिलने और जालंधर में पुलिस अवरोधक तोड़ने के मामले में दो और प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब सरकार ने शनिवार को खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले संगठन वारिस पंजाब देके 78 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। जालंधर रेंज के डीआईजी स्वपन शर्मा ने बताया कि एक प्राथमिकी रविवार को एक वाहन से हथियार और दर्जनों कारतूस बरामद किए जाने के मामले में दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि वह वाहन शनिवार को अमृतपाल के काफिले में शामिल था। पुलिस ने कहा कि कार जालंधर के शाहकोट में सलेमा गांव में लावारिस अवस्था में मिली। शर्मा ने बताया कि दूसरी प्राथमिकी शनिवार को अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों द्वारा जालंधर में पुलिस अवरोधक तोड़ने के बाद दर्ज की गई। इससे पहले पुलिस ने 24 फरवरी को अजनाला प्रकरण में अमृतपाल और उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# शत्रु संपत्तियों की जल्द होगी ई-निलामी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शत्रु संपत्तियों को खाली कराने और उनकी बिक्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों द्वारा छोड़ी गई अचल संपत्तियों को शत्रु संपत्ति कहा जाता है। देश में कुल 12,611 शत्रु संपत्ति हैं, जिनकी कीमत लगभग एक लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

शत्रु संपत्ति, भारत के लिए शत्रु संपत्ति के संरक्षक (सीईपीआई) के अधीन है, जो शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत बनाया गया एक प्राधिकरण है। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, शत्रु संपत्तियों के निपटान के लिए दिशा-निर्देशों में बदलाव किया गया है, जिसके तहत संपत्तियों की बिक्री से पहले संबंधित जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त की मदद से शत्रु संपत्तियों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, शत्रु संपत्ति की कीमत एक करोड़ रुपये से कम होने की सूरत में संरक्षक पहले कब्जेदार को संपत्ति

**देश में 2,611 शत्रु संपत्ति, जिनकी कीमत करीब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक**



खरीदने की पेशकश करेगा और यदि वे इसे अस्वीकार कर देते हैं, तो शत्रु संपत्ति को दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार निपटाया जाएगा।

गृह मंत्रालय ने कहा कि शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी सार्वजनिक उद्यम के ई-नीलामी मंच मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जरिये की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकार को शत्रु संपत्तियों की बिक्री से 3,400 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है, जिनमें ज्यादातर चल संपत्ति जैसे शेयर और सोने की बिक्री शामिल है। सरकार द्वारा अब तक 12,611 अचल शत्रु संपत्ति में से किसी की भी बिक्री नहीं की गई है. गृह मंत्रालय ने पहले ही 20 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में फैली शत्रु संपत्तियों का राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू कर चुकी है, जिसका उद्देश्य ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान करना और बाद में उनकी बिक्री करना है. सीईपीआई के पास मौजूद 12,611 संपत्तियों में से कुल 12,485 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित हैं जबकि 126 चीनी नागरिकों से संबंधित हैं।

### सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में

इनमें से उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 6,255 शत्रु संपत्तियां हैं, इसके बाद पश्चिम बंगाल (4,088 संपत्तियां), दिल्ली (659), गोवा (295), महाराष्ट्र (208), तेलंगाना (158), गुजरात (151), त्रिपुरा (105), बिहार (94), मध्य प्रदेश (94), छत्तीसगढ़ (78) और हरियाणा में 71 शत्रु संपत्तियां हैं. देश के अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में भी शत्रु संपत्तियां हैं।

# जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी जाह्नवी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आयेंगी। जाह्नवी कपूर ,फिल्म एनटीआर 30 से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। इस फिल्म जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका है। एनटीआर 30 की शूटिंग 23 मार्च से शुरू होगी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2024 में रिलीज होगी। एनटीआर 30 एक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं ।जूनियर एनटीआर और कोराताला शिवा पहले भी साथ काम कर चुके है। दोनों ने फिल्म जनता गैदार में साथ काम किया था।



### रामचरण ने शुरू की फिल्म की शूटिंग

**हैदराबाद।** फिल्म आरआरआर के अभिनेता रामचरण ने अपनी आगामी फिल्म की यहां शूटिंग शुरू कर दी। इस फिल्म में वे अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के ऑस्कर पुरस्कार जीतने के बाद रामचरण शुक्रवार को भारत लौटे। उन्होंने प्रभुदेवा और फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों के साथ नाटु नाटु गीत पर नाचते हुए एक वीडियो साझा किया। अभिनेता ने एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि इतने गर्मजोशी से स्वागत के लिए आप सभी का शुक्रिया। हमारे ग्रैंड मास्टर प्रभु देवा सर इसके लिए धन्यवाद। आरसी15 की शूटिंग पर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

### संजय भंसाली फिर बनाएंगे इंशाअल्लाह

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली फिल्म इंशाअल्लाह पर फिर से काम शुरू कर सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी वेब सीरीज हीरा मंडी को लेकर व्यस्त हैं ।चर्चा है कि भंसाली अपनी बंद हो चुकी फिल्म इंशाल्लाह की शूटिंग को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने सलमान खान को कास्ट किया था। संजय लीला भंसाली फिर से फिल्म इंशाल्लाह पर काम शुरू करने वाले है। इस बार वह दूसरी स्टारकास्ट के साथ फिल्म की शूटिंग को शुरू करेंगे।

## वाणिज्य की खबरें

### शीर्ष दस कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.09 लाख करोड़ घटा

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.09 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ ।साप्ताहिक आधार पर बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में 1,145.23 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 67,722.33 करोड़ रुपये घटकर 15,04,001.93 करोड़ रह गया। वहीं टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 55,654.17 करोड़ रुपये घटकर 11,63,194.14 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 21,250.8 करोड़ रुपये घटकर 5,97,905.17 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 16,108.93 करोड़ रुपये घटकर 4,72,290.46 करोड़ रुपये जबकि आईटीसी का मूल्यांकन 15,226.12 करोड़ रुपये घटकर 4,66,696.21 करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख दूरसंचार कंपनी एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 9,053.44 करोड़ रुपये घटकर 4,22,177.07 करोड़ रुपये जबकि एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,982.11 करोड़ रुपये घटकर 8,77,318.09 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी लि. का बाजार मूल्यांकन भी 8,063.79 करोड़ रुपये घटकर 4,69,460.45 करोड़ रुपये रह गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने खुदरा मियादी जमा पर ब्याज दर 0.25 % बढ़ायी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने घरेलू खुदरा मियादी जमा पर ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ा दी है ।ब्याज दरें चुनिंदा अवधि की जमाओं पर बढ़ायी गयी है। जिन जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ायी गयी हैं, उसमें एनआरओ (प्रवासी साधारण खाता) और एनआरई (प्रवासी बाह्य खाता) मियादी जमा शामिल हैं। बीओबी ने एक बयान में कहा कि ये दरें दो करोड़ रुपये से कम की जमा पर लागू होगी। नई दरें 17 मार्च, 2023 से प्रभाव में आ गयी हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा टैक्स सेविंग टर्म डिपोजिट और बड़ौदा एडवांटेज फिक्स्ड डिपोजिट पर भी ब्याज दरें बढ़ायी गयी हैं। तीन साल से पांच साल की अवधि के लिये जमा पर ब्याज दर अब 6.5 प्रतिशत होगी। निवासी भारतीय वरिष्ठ नागरिकों के मामले में यह 7.15 प्रतिशत है। पांच साल से दस साल की अवधि की मियादी जमाओं पर ब्याज दर 6.5 प्रतिशत जबकि वरिष्ठ नागिरकों के लिये 7.5 प्रतिशत होगी।

### एलआईसी के चेयरमैन पद के लिए चयन प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

नयी दिल्ली ।सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों का चयन करने वाला वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) इस महीने बीमा कंपनी एलआईसी के नए चेयरमैन का चयन कर सकता है ।सूत्रों ने बताया कि कंपनी के चार प्रबंध निदेशकों में से चेयरमैन का चयन किया जाएगा। अगर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे तो ब्यूरो अगले सप्ताह के अंत तक इस पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि एफएसआईबी संसद के बजट सत्र के बीच सदस्यों की उपस्थिति को देखते हुए इसी सप्ताह चयन कर सकता है। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति करेगी। गौर करने वाली बात है कि चार में से एक प्रबंध निदेशक बीसी पटनायक 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके स्थान पर सरकार पहले से ही तबलेश पांडे को नियुक्त कर चुकी है ।एलआईसी के प्रबंध निदेशक एमआर कुमार का 13 मार्च, 2023 को कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती एलआईसी के कार्यवाहक चेयरमैन हैं। एलआईसी देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। छह सदस्यीय एफएसआईबी के प्रमुख कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं।

### अडाणी समूह ने 34,900 करोड़ की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोका

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में 34,900 करोड़ रुपये की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोक दिया है। समूह अमेरिकी निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद अपने परिचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने के लिए संसाधनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 2021 में एक नया कोयले से पीवीसी बनाने के संयंत्र स्थापित करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड का गठन किया था। यह संयंत्र गुजरात के कच्छ जिले में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की जमीन पर लगाया जाना था। हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह के मूल्यांकन में लगभग 140 अरब अमेरिकी डॉलर की कमी हुई है।

